	स्थाई परिसम्पत्तियों से अन्तरित राशि	204539.83	204539.83	(सूची "क" के अनुसार)	154640.47
	जोड़ें : प्राप्ति तथा अदायगी		3286.05	अव्ययित शेष	
	लेखे से अग्रानीत शेष	174949.69		वास्तुकला परिषद से अन्तरित शेष	224849.05
207815.88		379489.52	207815.88		399489.52

ए० आई० बी० ए० ई० के लिये और उसकी ओर से

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक 22 जुलाई, 1997

ह०/—
अध्यक्ष

ह०/—
सदस्य सचिव

इसी, तारीख को हमारी अलग से रिपोर्ट के अनुसार
कृते, रवि के० टण्डन एण्ड कं०
सनदी लेखाकार
रवि० के० टण्डन
प्रोप०

वास्तुकला परिषद्

इंडिया हैबीटेट सेन्टर : जोन 6-ए, प्रथम तल : लोदी रोड, नई दिल्ली-110003

अखिल भारतीय वास्तुकला शिक्षा बोर्ड

वित्तीय वर्ष 1996-97 के दौरान प्राप्त फीस

तारीख	रसीद संख्या	विवरण	सकल राशि
8 अप्रैल	रसीद संख्या ए-12651	अपीजे एजूकेशनल सोसायटी, 54, तुगलकाबाद इन्स्टीट्यूशनल एरिया, मेहरौली, बदरपुर रोड, नई दिल्ली-110068	25,000.00 करोड़
	रसीद संख्या ए-12643	श्री भगवान महावीर जैन शिक्षा तथा सांस्कृतिक न्यास, 285, एम्बरी मेन्शन्स, दूसरा तल, बंगलौर	25,000.00 करोड़
12 अप्रैल	रसीद संख्या ए-12716	पिछड़ा वर्ग युवा राहुल समिति, राजविला खालसा रोड, नागपुर	25,000.00 करोड़
26 अप्रैल	रसीद संख्या ए-12943	चर्च आफ साउथ इण्डिया डाइओसेसन आफिस, ओल्ड लांसर लाइन्स, सिकन्दराबाद	25 000.00 करोड़
8 मई	रसीद सं० ए-13060	मराठा मण्डल 1007 नई मारुति एक्सटेंशन पुलिस परेड ग्राउन्ड के सामने बेलगांव	25 000.00 करोड़
13 मई	रसीद सं० ए-13112	सुरभि एजूकेशनल सोसाइटी, 86, माधपुर जुबली हिल्स आर० आर० जिला हैदराबाद	25 000.00 करोड़
24 मई	रसीद सं० ए-13248	मालेकावती एजूकेशनल ट्रस्ट नं० 9, डा० तिरुमूर्ति नागर मेन रोड, नुगमबक्कम चेन्नई	25,000.00 करोड़
5 जुलाई	रसीद सं० ए-13821	डी वाई० पाटिल कालेज पिंपरी	25,000.00 करोड़
15 जुलाई	रसीद सं० ए-13878	सामाजिक शिक्षा, वास्तुकला अकादमी सिक्यूलर हाऊस 9/1 इन्स्टीट्यूशनल एरिया, अरुणा आसफ अली मार्ग नई दिल्ली-110067	25,000.00 करोड़
05 दिसम्बर	रसीद सं० ए-15411	के० एल० एस० गोगटे प्रौद्योगिक संस्थान उद्यान बाग बेलगाँव	25,000.00 करोड़
18 दिसम्बर	रसीद सं० ए-15651	माडल शिक्षा तथा अनुसंधान संस्थान, बी० सी० रोड जम्मू	25,000.00 करोड़
26 दिसम्बर	रसीद सं० ए-15869	क्षेत्रीय इंजीनियरी कालेज हमीरपुर (हि० प्र०),	25,000.00 करोड़
3 मार्च	रसीद सं० ए-18559	अजय बिनय प्रौद्योगिकी संस्थान, पीलू मोदी वास्तुकला कालेज, कटक	25,000.00 करोड़
		जोड़ :	रु० 325,000.00 करोड़

वास्तुकला परिषद्
(वास्तुविद अधिनियम, 1972 के अधीन निगमित)
इण्डिया हैबीटेट सेंटर : जोन 6-ए, प्रथम तल, लोदी रोड, नई दिल्ली
अखिल भारतीय वास्तुकला शिक्षा बोर्ड 31-3-97 को प्राप्तियां और अदायगियां

गत वर्ष	प्राप्तियां	राशि	गत वर्ष	अदायगियां	राशि
33515.45	अथशेष	3276.05		पूंजीगत व्यय	—
75000.00	मूल्यांकन फीस (सूची "ख" के अनुसार)	325000.00		मूल्यांकन व्यय	
25804.00	यात्रा भत्ता (ए० आई० सी० टी० ई० द्वारा प्रतिपूर्ति)	—	21417.00	वेतन और स्थापना	31570.00
			36504.00	मानदेय	—
			15167.00	सवारी भाड़ा प्रभार	4018.60
			16588.00	यात्रा व्यय	23078.00
			18378.40	मुद्रण तथा लेखन सामग्री	8560.50
			—	सेवा अनुरक्षण प्रभार	—
			—	डाकशुल्क	—
			4190.00	जलपान प्रभार	2151.00
			1695.00	बिजली प्रभार	—
			7327.00	टेलीफोन व्यय	22358.00
			170.00	जनरेटर अनुरक्षण	1500.00
			—	लेखापरीक्षा शुल्क	—
			—	बिजली का सामान	—
			5846.00	मरम्मत और अनुरक्षण	11191.50
			1200.00	परामर्श फीस	—
			1261.00	चिकित्सा व्यय	—
			3276.00	तुलन पत्र में अग्रेनीत	224849.05
134319.45		328276.05	194319.45		328276.05

ए० आई० बी० ए० ई० के लिये और उसकी ओर से

ह०/— अध्यक्ष ह०/— सदस्य-सचिव

इसी तारीख की हमारी अलग से रिपोर्ट के अनुसार

कृते, रवि० के० टन्डन एण्ड कं०
सनदी लेखाकार

(रवि० के० टन्डन)
प्रो० पा०

स्थान : नई दिल्ली

दिनांक : 22 जुलाई, 1997

वास्तुकला परिषद्

(वास्तुविद् अधिनियम 1972 के अधीन निगमित)

इण्डिया हैबीटेट सेंटर, जोन 6-ए, प्रथम तल लोदी रोड, नई दिल्ली-3

अखिल भारतीय वास्तुकला शिक्षा बोर्ड, 31 मार्च, 1997 को प्राप्ति तथा अदायगी लेखा

गत वर्ष	विवरण	राशि	गत वर्ष	विवरण	राशि
21417.00	वेतन तथा स्थापना	31570.00	33515.45	मूल्यांकन फीस का गत वर्ष का अव्ययित शेष	3276.00
36504.00	मानदेय	—	75000.00	मूल्यांकन फीस (सूची "ख" के अनुसार)	325000.00
16585.00	यात्रा भत्ता	22078.00	25804.00	यात्रा भत्ता (ए आई सी टी ई द्वारा प्रतिपूर्तित)	—
15167.00	सवारी यात्रा भत्ता	4018.00	63073.36	सामान्य आरक्षित निधि में अग्रेनीत शेष	—
7327.00	टलीफोन व्यय	22358.00			
18378.40	मुद्रण तथा लेखन-सामग्री	8560.50			
5646.00	मरम्मत और अनुरक्षण	11191.50			
4190.00	जलपान प्रभार	2151.00			
--	विविध व्यय	—			
270.00	जनरेटर अनुरक्षण	—			
—	सेवा अनुरक्षण	—			
1695.00	बिजली प्रभार	—			
1500.00	लेखा परीक्षा शुल्क	1500.00			
—	विजली का सामान	—			
1261.00	चिकित्सा व्यय	—			
1200.00	परामर्श फीस	—			
66349.40	मूल्यह्रास	49899.36			
--	सामान्य आरक्षित निधि में अग्रेनीत शेष	174949.69			
197392.80		328276.05	197392.80		328276.05

ए० आई० बी० ए० ई० के लिये और उसकी ओर से

ह०/—अध्यक्ष

ह०/— सदस्य सचिव

इसी तारीख की हमारी अलग से रिपोर्ट के अनुसार

कृते रवि० के० टण्डन एण्ड कं०

सनदी लेखाकार

(रवि० के० टण्डन,)

प्रोप०

स्थान : नई दिल्ली

दिनांक : 22 जुलाई, 1997

सूची "क"

वास्तुकला

(वास्तुविद अधिनियम, 1972

अखिल भारतीय वास्तुकला शिक्षा बोर्ड—
परिलब्धियां

विवरण	मात्रा	मूल्य ह्रास की दर	1-4-96 को ह्रासित मूल्य
उपस्कर			
1. आटोमेटिक प्लेन पेपर का पियर	1	25 प्रतिशत	9900.00
2. स्टेबिलाइजर	1		3203.44
3. डेजर्ट कूलर	1		1012.50
4. जनरेटर	1		6440.62
5. अभिकलित्र	1		180.56
6. इलेक्ट्रिक टाइप राइटर	1		4218.75
7. प्रिन्टर	1		7382.81
8. कम्प्यूटर	1		19743.75
9. फैक्स मशीन	1		16242.19
10. लैमीनेशन मशीन	1		23667.00
11. बाइंडिंग मशीन	1		14088.75
12. एंटी वाइरस पैकेज	1		1122.00
		जोड़ 'क'	196302.37
फर्नीचर और जुड़नार			
1. मेज	2	10 प्रतिशत	3341.25
2. कुर्सी	6		2114.34
3. लकड़ी के रैक	2		1066.29
4. ट्राली	1		124.74
5. स्टील स्टूल	1		176.98
6. पैड लैम्प और टेबुल लैम्प	2		1413.86
		जोड़ 'ख'	8237.46
		कुल जोड़ 'क' + 'ख'	204539.83

परिषद्

के अधीन निगमित)

31 मार्च 1997 को स्थायी

की सूची

वर्ष के दौरान वृद्धियां	कटौतियां	जोड़	मूल्यह्रास	31-3-1997 को ह्रासित मूल्य
—	—	99000.00	24750.00	74250.00
—	—	3203.44	800.86	2402.00
—	—	1012.50	253.13	759.37
—	—	6440.62	1610.16	4830.46
—	—	180.56	45.14	135.42
—	—	4218.75	1054.69	3164.06
—	—	7382.81	1845.70	5537.11
—	—	19743.75	4935.94	14807.81
—	—	16242.19	4060.55	12181.64
—	—	23667.00	5916.75	17750.25
—	—	14088.75	3522.19	10566.56
—	—	1122.00	280.50	841.40
—	—	196302.37	49075.61	147226.76
—	—	3341.25	334.13	3007.12
—	—	2114.34	211.43	1902.91
—	—	1066.29	106.63	959.66
—	—	124.74	12.47	112.27
—	—	176.98	17.70	159.28
—	—	1413.86	141.39	1272.47
—	—	8237.46	823.76	7413.71
—	—	204539.83	49898.36	154640.47

ए० आई० सी० ए० ई० के लिए और उसकी ओर से

रवि के० टंडन एण्ड कं०
सनदी लेखाकार
फोन : का०: 3263066, 3263197, 32253688
नि०: 4622942
रवि के० टंडन
एफ० सी० ए०, ए० एम० आई० एम० ए०
दिनांक . . . .

लेखापरीक्षक की रिपोर्ट

हमने "वास्तुकला परिषद्" "अंशदायी भविष्य निधि लेखा" इंडिया हैबीटेट सेंटर, जोन 6-ए, प्रथम तल, लोदी रोड, नई दिल्ली-110003 के संलग्न तुलन-पत्र और उस लेखाबहियों तथा वाउचरों की लेखापरीक्षा कर ली है जो हमें प्रस्तुत किए गए हैं। हम रिपोर्ट देते हैं :—

1. हमने वह समस्त सूचना और स्पष्टीकरण प्राप्त कर लिए हैं जो हमारी जानकारी और विश्वास के अनुसार लेखा परीक्षा के प्रयोजन के लिए आवश्यक थे;

2. हमारी राय में जहां तक बहियों की जांच करने से पता चलता है, "वास्तुकला परिषद्-अंशदायी भविष्य निधि लेखा" ने विधि की अपेक्षाओं के अनुसार उचित लेखा बहियां रखी हुई हैं;

3. तुलन-पत्र लेखाबहियों से मेल खाता है; और

4. हमारी राय में और हमें जो सूचना और स्पष्टीकरण प्रस्तुत किए गए हैं उनके अनुसार उक्त लेखा विवरण में, जहां तक 31 मार्च 1997 को कार्य स्थिति के तुलन-पत्र का संबंध है, उचित एवं वास्तविक चित्र प्रस्तुत किया गया है।

कृते, रवि के० टंडन एंड कं
सनदी लेखाकार
(रवि के० टंडन)
प्रो०

22 जुलाई, 1997

वास्तुकला

(31 मार्च, 1997 को विकास नकदी प्रमाण-पत्र अनुसूची

बी० सी० सी० नं०	बैंक का नाम	जारी करने/नवीकरण की तारीख	परीपक्वता की तारीख
एफ-192509	सिंडीकेट बैंक, सुपर बाजार, कनाट सर्कस, नई दिल्ली	15-4-93	15-4-96
एफ-192510	-वही-	15-4-93	15-4-96
एफ-192512	-वही-	13-4-93	13-4-96
एफ-192513	-वही-	13-4-93	13-4-96
एफ-192514	-वही-	1-4-93	1-4-96
एफ-192515	-वही-	1-4-93	1-4-96
एफ-192516	-वही-	1-4-93	1-4-96
572413	-वही-	1-4-96	1-7-98
572414	-वही-	1-4-96	1-7-98
572415	-वही-	1-4-96	1-7-98
572469	-वही-	13-4-96	13-7-98
572470	-वही-	14-4-96	13-7-98
एसडी-ए-24-801216	भारतीय स्टेट बैंक, नई दिल्ली मेन ब्रांच, संसद मार्ग,	2-5-95	2-5-97
एसडी-ए-24-801217	-वही-	2-5-95	2-5-97
टीडी-ए-25-103867	-वही-	27-10-95	27-10-97
टीडी-ए-25-103868	-वही-	27-10-95	27-10-97
एसडी-ए-29-444040	-वही-	27-3-97	27-6-2000
एसडी-ए-29-444041	-वही-	27-3-97	27-6-2000
एसडी-ए-29-444042	-वही-	27-3-97	27-6-2000

परिषद्

(अंशदायी भविष्य निधि) लेखा

	1-4-1996 को राशि	ब्याज	वर्ष के दौरान खरीदे गए/नवीकृत	वर्ष के दौरान परिपक्व हुए	31-3-97 को राशि
	21300.00	8194.00	—	21300.00	—
	21300.00	8194.00	—	21300.00	—
	36000.00	13849.00	—	36000.00	—
	36000.00	13849.00	—	36000.00	—
	35800.00	13772.00	—	35800.00	—
	35800.00	13772.00	—	35800.00	—
	35800.00	13772.00	—	35800.00	—
	—	—	50000.00	—	50000.00
	—	—	50000.00	—	50000.00
	—	—	50000.00	—	50000.00
	—	—	50000.00	—	50000.00
	—	—	50000.00	—	50000.00
जोड़ "क"	222000.00	85402.00	250000.00	222000.00	250000.00
	20000.00	—	—	—	20000.00
	20000.00	—	—	—	20000.00
	25000.00	—	—	—	25000.00
	25000.00	—	—	—	25000.00
	—	—	40000.00	—	40000.00
	—	—	40000.00	—	40000.00
	—	—	40000.00	—	40000.00
जोड़ "ख"	90000.00	—	120000.00	—	210000.00
कुल जोड़ "क"+"ख"	312000.00	85402.00	370000.00	222000.00	460000.00

वास्तुकला परिषद् के लिए और उसकी ओर से

ह०/—
अध्यक्ष

ह०/—
कार्यकारी रजिस्ट्रार

वास्तुकला परिषद्—

(वास्तुविद अधिनियम, 1972 के

इण्डिया हैबीटैट सेंटर, जोन 6-ए, प्रथम तल, :

31 मार्च, 1977

गतवर्ष	देयताएं		राशि
299559.00	वास्तुकला परिषद :		
	अं० भ० नि० अंशदान	299559.00	
	जोड़ें : वर्ष के दौरान अंशदान	19087.00	
	जोड़ें : आरक्षित निधि से अन्तरित अं० भ० नि० अंशदान पर ब्याज	35596.00	354242.00
		278056.00	
278056.00	अं० भ० नि० अभिदान		
	जोड़ें : वर्ष के दौरान अभिदान	19996.00	
	जोड़ें : अं० भ० नि० पेशगी पर ब्याज	822.00	
	जोड़ें : अं० भ० नि० अभिदान (आरक्षित निधि से अन्तरित) पर ब्याज	31408.00	
		330232.00	
	घटाएं : वर्ष के दौरान किए गए भुगतान	62317.00	267668.00
423149.71	आरक्षित निधि :		
	अथशेष	423149.71	
	जोड़ें : बचत बैंक लेखा पर ब्याज	3923.00	
	जोड़ें : सावधि जमा पर ब्याज	83075.00	
	जोड़ें : विशेष जमा योजना पर ब्याज	75095.00	
		585242.71	
	घटाएं : अंशदान में अन्तरित अं० भ० नि०	35596.00	
	अभिदान पर ब्याज	31408.00	521238.71
1000764.71			1143145.71

वास्तुकला परिषद के लिए और उसकी ओर से

ह०/—
जे० आर० भल्ला
अध्यक्ष

ह०/—
कार्यकारी रजिस्ट्रार

स्थान : नई दिल्ली

दिनांक : 22 जुलाई, 1997

अंशदायी भविष्य निधि लेखा
प्रधीन निगमित)
लोदी रोड, नई दिल्ली—110003
को तुलन—पत्र

गत वर्ष	परिसम्पत्तियां		राशि
222000.00	निवेश		
222000.00	सिंडीकेट बैंक में सावधि जमा प्राप्तियां		25000.00
90000.00	भारतीय स्टेट बैंक में		210000.00
17604.00	ऋण तथा पेशगियां अंशदायी भविष्य निधि से पेशगी		6996.00
	रोकड़ तथा बैंक शेष सिण्डीकेट बैंक— एस० बी० खाता सं० 30554	9562.71	
	स्टेट बैंक आफ इन्डिया मेन ब्रांच, पार्लियामेंट स्ट्रीट, नई दिल्ली एस० बी० खाता सं० 807/803	26587.00	36149.71
640000.00	विशेष जमा योजना भारतीय स्टेट बैंक में (एस० डी० खाता सं० 56)		609000.00
1000764.71			1143145.71

इसी तारीख की हमारी अलग से रिपोर्ट के अनुसार
कृते, रवि के० टण्डन एण्ड कम्पनी,
सनदी लेखाकार

ह०/-
(रवि के० टण्डन)
प्रोप०

वास्तुकला
(वास्तुविद् अधिनियम,
इण्डिया हैबीटेट सेंटर : जोन 6–ए, प्रथम तल :
अंशदायी भविष्य निधि : 31 मार्च, 1997 को समाप्त

गत वर्ष	प्राप्तियां		राशि
	अर्थ शेष		
11332.71	सिंडीकेट बैंक खाता सं० 30554		9314.71
9759.00	भारतीय स्टेट बैंक में खाता सं० 807/803		21846.00
	अंशदान		
19063.00	कर्मचारियों का अभिदान		19996.00
18602.00	परिषद् का अंशदान		19087.00
12175.00	पेशगी वसूली		16608.00
114189.00	सावधि जमा पर ब्याज		
	वर्ष के दौरान प्राप्त (सकल)	8540[illegible].00	
	बैंक द्वारा ब्याज पर टीडीएस की वापसी	673.00	86075.00
5450.00	बचत बैंक खाते पर ब्याज		3923.00
831.00	अं० भ० नि० पेशगी पर ब्याज		822.00
244100.00	सावधि जमा (वर्ष के दौरान परिपक्व)		222000.00
48759.00	विशेष जमा योजना पर ब्याज		75095.00
—	अं० भ० नि० अभिदान पर ब्याज		31408.00
—	अं० भ० नि० के अंशदान पर ब्याज		35596.00
484260.71			535770.71

वास्तुकला परिषद् के लिए और उसकी ओर से

स्थान : नई दिल्ली — ह०/– (जे० आर० भल्ला) अध्यक्ष — ह०/– कार्यकारी रजिस्ट्रार

दिनांक : 22 जुलाई, 1997

टिप्पणी : *भुगतानों में स्थागत देने के बाद अप्रतिदेय आहरित राशि के रु० 55000/– और अदायगी के रु० 7617/– शामिल हैं।

परिषद्
1972 के अधीन निगमित)
लोदी रोड, नई दिल्ली
वर्ष के लिए प्राप्ति और अदायगी लेखा

गत वर्ष	अदायगियां		राशि
90000.00	सावधि जमा		
	वर्ष के दौरान खरीदी गई नवीकृत		370000.00
	*वर्ष के दौरान की गई अदायगी		62617.00
13100.00	प्रदत्त अं० भ० नि० पेशगी		—
350000.00	विशेष जमा योजना		—
31160.70	रोकड़ तथा बैंक शेष सिंडिकेट बैंक में खाता सं० 30554	9562.71	
	भारतीय स्टेट बैंक में खाता सं० 807/803	26587.00	36149.71
	अं० भ० नि० अभिदान लेखा		
—	अं० भ० नि० अभिदान पर ब्याज		31408.00
—	अं० भ० नि० अंशदान लेखा		
—	अं० भ० नि० अंशदान पर ब्याज		35596.00
484260.71			535770.71

इसी तारीख की हमारी अलग से रिपोर्ट के अनुसार
कृते रवि के० टण्डन एण्ड कं०
सनदी लेखाकार
ह०/-
रवि के० टण्डन
प्रोप०

वास्तुकला परिषद्

(अंशदायी भविष्य निधि लेखा)

(वास्तुविद्, अधिनियम, 1972 के अधीन निगमित)

31 मार्च, 1997 के अं० भ० नि० से पेशगी का ब्यौरा

कर्मचारी का नाम	राशि
श्री विनोद कुमार	190.00
श्री बलराज कुमार	शून्य
श्री राजकुमार ओबराय	4725.00
श्री मालवर सिंह	2081.00
जोड़	6996.00

वास्तुकला परिषद् के लिये और उसकी ओर से

ह०/-	ह०/-
(जे० आर० भल्ला)	(विनोद कुमार)
अध्यक्ष	कार्यकारी रजिस्ट्रार

लेखापरीक्षक की रिपोर्ट

"हमने वास्तुकला परिषद् कर्मचारी ग्रुप उपदान योजना" इंडिया हैबीटेट सेंटर, जोन 6-ए, प्रथम तल, लोदी रोड, नई दिल्ली-110003 के 31 मार्च, 1997 को संलग्न तुलन-पत्र की लेखापरीक्षा उन लेखा बहियों और वाउचरों से कर ली है जो हमें प्रस्तुत किए गए हैं। हम रिपोर्ट देते हैं :—

1. हमने वह समस्त सूचना तथा स्पष्टीकरण प्राप्त कर लिए हैं जो हमारी जानकारी और विश्वास के अनुसार लेखापरीक्षा के प्रयोजन के लिए आवश्यक थे;
2. हमारी राय में, जहां तक बहियों की जांच करने से पता चलता है वास्तुकला परिषद् कर्मचारी ग्रुप उपदान योजना ने विधि की अपेक्षाओं के अनुसार उचित लेखा बहियां रखी हैं;
3. उक्त रिपोर्ट में दिया गया तुलन-पत्र और प्राप्ति तथा अदायगी लेखा" लेखा बहियों से मेल खाता है;
4. हमारी राय में और हमें जो सूचना और स्पष्टीकरण प्रस्तुत किए गए हैं उनके अनुसार उक्त लेखा विवरण में, जहां तक 31 मार्च, 1997 को कार्यस्थिति के तुलन-पत्र का सम्बन्ध है, उचित एवं वास्तविक चित्र प्रस्तुत किया गया है।

कृते, रवि के० टंडन एण्ड कं०

सनदी लेखाकार

दिनांक 22 जुलाई, 1997

ह०/-

(रवि के० टंडन)

प्रोप०

वास्तुकला परिषद् कर्मचारी

(न्यास विलेख तथा न्यास नियमावली दिनांक 10 फरवरी, 1995

इण्डिया हैबीटेट सेंटर : जोन 6-ए, प्रथम तल : लोदी रोड,

31 मार्च, 1997 को समाप्त वर्ष का प्राप्ति

गत वर्ष	प्राप्तियां		राशि
	प्रथशेष		
8586.67	सिंडीकेट बैंक में	1636.67	
57448.00	जीवन बीमा कम्पनी में ग्रुप अनुदान योजना	63418.00	
550.00	बचत बैंक पर ब्याज	105.00	
—	सावधि जमा पर ब्याज	—	
—	सावधि जमा (वर्ष के दौरान परिपक्व)	—	
			65159.67
5970.00	उपदान निधि		
	वर्ष के दौरान अंशदान (प्रति प्रविष्टि के अनुसार)		45254.00
72554.67			110413.67

वास्तुकला परिषद् कर्मचारी ग्रुप उपदान योजना के लिए और उसकी ओर से

दिनांक : 22 जुलाई, 1997	ह०/-	ह०/-
स्थान : नई दिल्ली	(जे० आर० भल्ला)	(के० गोपाल कृष्ण भट्ट)
	अध्यक्ष : न्यासी	सचिव : न्यासी

ग्रुप उपदान योजना
के अनुसार सृजित)
नई दिल्ली–110003
तथा अदायगी लेखा

गत वर्ष	अदायगियां		राशि
	उपदान निधि		
—	वर्ष के दौरान की गई अदायगिया		9713.00
	सावधि जमा		
7500.00	वर्ष के दौरान खरीदी गई		
	अन्तशेष		
1636.67	क्रीकेट बैंक में		2216.67
63418.00	जीवन बीमा कम्पनी में ग्रुप उपदान योजना	63418.00	
	जोड़ें : वर्ष के दौरान अंशदान (प्रति प्रविष्टि के अनुसार)	45254.00	
		108672.00	
	घटाएं : वर्ष के दौरान आहरित राशि	10188.00	98484.00
72554.67			110413.67

इसी तारीख की हमारी अलग से रिपोर्ट के अनुसार

कृते, रवि के० टण्डन एण्ड कं०
सनदी लेखाकार
ह०/–
(रवि के० टण्डन)
प्रोप०

वास्तुकला परिषद् कर्मचारी
(न्यास विलेख तथा न्यास नियमावली दिनांक
इंडिया हैबीटेट सेंटर, : जोन 6-ए,
31 मार्च, 1997

गत वर्ष	देयताएं		राशि
72554.67	उपदान निधि		
	अर्थशेष	72554.67	
	जोड़ें : वर्ष के दौरान अंशदान	45254.00	
		117808.67	
	जोड़ें : बचत बैंक खाते पर ब्याज	105.00	
		117913.67	
	घटाएं : वर्ष के दौरान	9713.67	308200.67
72554.67			108200.67

वास्तुकला परिषद् के कर्मचारी ग्रुप उपदान योजना के लिए और उसकी ओर से

दिनांक : 22 जुलाई, 1997
स्थान : नई दिल्ली

ह०/-
(जे० आर० भल्ला)
अध्यक्ष-न्यासी

ह०/-
(के० गोपाल कृष्ण भट)
सचिव-न्यासी

ग्रुप उपदान योजना
10 फरवरी, 1995 के अनुसार सृजित)
प्रथम तल, लोदी रोड, नई दिल्ली–3
को तुलन-पत्र

गत वर्ष	परिसंपत्तियां		राशि
7500.00	निवेश सिंडीकेट बैंक में सावधि जमा सं० जी 746713 (13–7–95 से 19–7–95 तक)		7500.00
	रोकड़ तथा बैंक शेष		
1636.67	सिंडीकेट बैंक बचत बुक खाता सं० 3584	2216.67	
63418.00	ग्रुप उपदान योजना जीवन बीमा कंपनी में	98484.00	100700.00
72554.67			108200.67

इसी तारीख की हमारी अलग से रिपोर्ट के अनुसार

कृते, रवि के० टंडन एंड कं०
सनदी लेखाकार
ह०/–
(रवि के० टण्डन)
प्रोप०

भारतीय यूनिट ट्रस्ट
मुंबई, दिनांक 15 दिसम्बर 1997

यूटी/डीबीडीएम/आर० 59/एसपीडी/97–98—दिनांक 28 जून, 1997 के भारत के राजपत्र (भाग III खण्ड–4) में पृष्ठ संख्या 2041 से 2050 पर प्रकाशित दिनांक 28 दिसम्बर, 1996 की अधिसूचना सं० यूटी/डीबीडीएम /आर–1064/एसपीडी/96–97 के शुद्धि पत्र एवं दिनांक 27 नवम्बर, 1996 की अधिसूचना सं० यूटी/डीबीडी एम/आर–08/एसपीडी/89–ए/96–97 के शुद्धि-पत्र में निम्नलिखित सुधार करें।

ए० जी० जोशी
महाप्रबंधक
(व्यवसाय विकास एवं विपणन विभाग)

मैंड मास्टर यूनिट योजना—1993

क्रम सं०	पृष्ठ सं०	स्तम्भ सं०	मद सं०	सुधार
1.	2043	4	—	27वीं पंक्ति में मद सं० '(ज)' को मद सं० '(झ)' से सुधारें ।
2.	2043	4	—	42वीं पंक्ति में मद सं० XVI लिखें ।
3.	2043	5	—	42वीं पंक्ति में वाक्य में से '( )' के चिह्न को हटाएं ।

मास्टर इक्विटी प्लान

क्रम सं०	पृष्ठ सं०	स्तम्भ सं०	मद सं०	सुधार
1.	2046	4	—	37वीं पंक्ति में मद सं० 'VI (3) VII' को मद सं० 'VI(3)' से सुधारें ।
2.	2047	3	—	4थी पंक्ति में स्तम्भ सं० '1' को स्तम्भ सं० '2' से सुधारें ।
3.	2047	3	—	5वीं पंक्ति में स्तम्भ सं० '2' को स्तम्भ सं० '1' से सुधारें ।

प्राइमरी इक्विटी फंड

क्रम सं०	पृष्ठ सं०	स्तम्भ सं०	मद सं०	सुधार
1.	2049	—	—	34वीं पंक्ति में शीर्षक 'पूंजीवृद्धि यूनिट योजना 1992 (मास्टर गेन 1992)' एवं तालिका के उप-शीर्षक को हटाएं ।

भारतीय यूनिट ट्रस्ट

मुंबई, दिनांक 26 दिसम्बर, 1997

सं०यू०टी०/डी०बी०डी०एम०/एस०पी०डी०/97-98 आर०-58—दिनांक 26 जुलाई, 1997 के भारत के राजपत्र (भाग III खण्ड-4) में पृष्ठ संख्या 2205 से 2232 पर प्रकाशित दिनांक 24 जून, 1997 की अधिसूचना सं०यू०टी०/डी०बी०डी०एम०/एस०पी०डी०-96/96-97आर०-224 एवं अधिसूचना सं०यू०टी०/डी० बी०डी० एम०/एस० पी० डी० 93/आर०-223/96-97/ में निम्नलिखित सुधार करें ।

ए० जी० जोशी,
महाप्रबन्धक,
(व्यवसाय विकास एवं विपणन)

यू०टी०आई०-इंडेक्स इक्विटी फंड

क्र० सं०	पृष्ठ सं०	स्तम्भ सं०	मद सं०	सुधार
1	2	3	4	5
1.	2216	2	6	39वीं पंक्ति में शब्द 'अनुबवध' को 'अनुबंध' से सुधारें ।
2.	2217	1	7	23वीं पंक्ति में शब्द 'उधीन' को 'अधीन' से सुधारें ।
3.	2217	2	8(1)(i)	24वीं पंक्ति में शब्द 'ड्राफ्ठ' को 'ड्राफ्ट' से सुधारें ।
4.	2218	2	8(3)	8वीं पंक्ति में शब्द 'पूंजी' को 'पंजी' से सुधारें ।
5.	2219	2	13	14वीं पंक्ति में शब्द 'छ:मा' को 'छ:माह' से सुधारें ।
6.	2219	2	15	45वीं पंक्ति में शब्द 'मत' को 'मृत' से सुधारें ।
7.	221	1	20(3)	1ली पंक्ति में शब्द 'यूनिटधारक (क)' को 'यूनिटधारक (को)' से सुधारें ।
8.	2221	1	20(3)	2री पंक्ति में शब्द 'परिणामस्वारूप' को 'परिणामस्वरूप' से सुधारें ।

1	2	3	4	5
9.	2223	2	25	5वीं पंक्ति में शब्द 'अधिकार' को 'अधिकार' से सुधारें ।
10.	2223	2	25	5वीं पंक्ति में शब्द 'न्यायालय' को 'न्यायालय' से सुधारें ।
11.	2224	1	28	34वीं पंक्ति में शब्द 'से' को 'ने' से सुधारें ।
12.	2224	1	29	41वीं पंक्ति में शब्द 'परीक्षित' को 'परीक्षित' से सुधारें ।
13.	2224	1	29	44वीं पंक्ति में शब्द 'पोर्टफोलियो' को 'पोर्टफोलियो' से सुधारें ।
14.	2227	1	—	23वीं पंक्ति में शब्द 'कार' को 'करार' से सुधारें ।
15.	2227	2	—	1ली पंक्ति में शब्द 'खण्डों' को 'फण्डों' से सुधारें ।
16.	2230	2	—	11वीं पंक्ति में से शब्द 'आर' को निकालिए ।
17.	2230	2	—	16वीं पंक्ति में शब्द 'अतिरिक्त' को 'आरक्षित' से सुधारें ।
18.	2230	3	—	17वीं पंक्ति का आंकड़ा '0.97' को '—0.97' से सुधारें ।
19.	2230	7	—	17वीं पंक्ति का आंकड़ा '0.03' को '—0.03' से सुधारें ।
20.	2230	5	—	22वीं पंक्ति का आंकड़ा '9.24' को '9.25' से सुधारें ।
21.	2230	5	—	28वीं पंक्ति का आंकड़ा '0.56' को '0.58' से सुधारें ।
22.	2231	3	—	13वीं पंक्ति में खालीस्थान की जगह आंकड़ा '16.74' दर्शाएं ।
23.	2231	3	—	19वीं पंक्ति में खाली स्थान की जगह आंकड़ा '12.84' दर्शाएं ।
24.	2231	8	—	18वीं पंक्ति में खाली स्थान की जगह आंकड़ा '16.70' दर्शाएं ।
25.	2231	8	—	19वीं पंक्ति में खाली स्थान की जगह आंकड़ा '12.34' दर्शाएं ।
26.	2231	3	—	23वीं पंक्ति का आंकड़ा '17.77' को '17.17' से सुधारें ।

मुद्रा बाजार म्यूचुएल फंड

क्र० सं०	पृष्ठ सं०	स्तम्भ सं०	मद सं०	सुधार
1.	2207	2	2(16)	38वीं पंक्ति में शब्द 'स्त्रीलिंग' को 'स्त्रीलिंग' से सुधारें ।
2.	2210	2	15(5)	9वीं पंक्ति में शब्द 'यद' को 'यदि' से सुधारें ।
3.	2210	2	15 (2)(2)(क)	44वीं पंक्ति में शब्द 'किो' को 'किए' से सुधारें ।
4.	2212		14(क)	29वीं पंक्ति में वाक्य 'कार्य करने होने' को 'कार्य पूरा होने' से सुधारें ।

भारतीय यूनिट ट्रस्ट

मुंबई दिनांक 26 दिसम्बर, 1997

सं०यू०टी०/डी०बी०डी०एम०/आर०-60/एस०पी०डी०/97-98—दिनांक 30 अगस्त, 1997 के भारत के राजपत्र (भाग III खण्ड-4) में पृष्ठ संख्या 2764 से 2766 पर प्रकाशित दिनांक 05 अगस्त, 1997 की अधिसूचना सं० यू०टी०/डी०बी०डी०एम०/आर०-4/एस०पी०डी०/710/97-98 के शुद्धि-पत्र में निम्नलिखित सुधार करें ।

ए० वी० जोशी,
महाप्रबंधक,
(व्यवसाय विकास एवं विपणन)

मासिक आय यूनिट योजना, 1997

क्रम सं०	पृष्ठ सं०	स्तम्भ सं०	मद सं०	सुधार
1.	2765	5	16	13वीं पंक्ति में संख्या '20' को '28' से सुधारें ।
2.	2765	5	21	20वीं पंक्ति में संख्या '28' को '48' से सुधारें ।

भारतीय यूनिट ट्रस्ट

मुंबई, दिनांक 28 दिसम्बर, 1997

सं० यू टी/डी बी डी एम/आर-93/एस पी डी/97-98—दिनांक 23 अगस्त, 1997 के भारत के राजपत्र (भाग III खण्ड-4) में पृष्ठ संख्या 2625 से 2657 पर प्रकाशित दिनांक 24 जुलाई, 1997 की अधिसूचना सं० यू टी/डीबीडीएम/एस पी डी-71 क्यू/आर 2/96-97 में निम्नलिखित सुधार करें।

ए० जी० कोसी

महाप्रबंधक

(व्यवसाय विकास एवं विपणन विभाग)

शुद्धिपत्र

मासिक आय प्लान 1997 (III)

	पृष्ठ सं०	स्तम्भ सं०	क्रम सं०	सुधार
1.	2625	2	--	4थी पंक्ति में शब्द 'सेबी' को 'सेबी' से सुधारें।
2.	2625	2	--	4थी पंक्ति में शब्द 'अनुमोदित' को 'अनुमोदित' से सुधारें।
3.	2625	2	--	4थी पंक्ति में शब्द 'अनुमोदित' को 'अननुमोदित' सुधारें।
4.	2628	1	II(ब)	21वीं पंक्ति में शब्द 'शामित' को 'शामिल' से सुधारें।
5.	2629	1	6	17वीं पंक्ति में शब्द 'मार्किटिंग' को 'मार्केटिंग' से सुधारें।
6.	2629	2	6 (iv)	10वीं पंक्ति में शब्द संख्या '1.25 को 1.25% से सुधारें।
7.	2630	2	7(3)	27वीं पंक्ति में शब्द 'प्राप्त' को 'प्राप्त' से सुधारें।
8.	2630	2	7(3)	30वीं पंक्ति में शब्द 'सन्तुष्टि' को 'संतुष्टि' से सुधारें।
9.	2631	1	8	2री पंक्ति में शब्द 'सुचना' को 'सूचना' से सुधारें।
10.	2631	1	9(2)	46वीं पंक्ति में शब्द 'विविध' को 'विधिवत' से सुधारें।
11.	2631	2	9(2)	6वीं पंक्ति में शब्द 'पूर्व' को पूर्व से सुधारें।
12.	2631	2	9(4)	32वीं पंक्ति में शब्द 'यूनि एक्र' को 'यूनिट' से सुधारें।
13.	2633	1	XIV	16वीं पंक्ति में शब्द 'विनियम' को 'विनिमय' से सुधारें।
14.	2635	2	XX (1)	19वीं पंक्ति में शब्द 'तथ' को 'तथा' से सुधारें।
15.	2637	1	XX (8)	3री पंक्ति में शब्द 'बावजूद' को 'बावजूद' से सुधारें।
16.	2640	2	XII (ङ)	39वीं पंक्ति में शब्द 'परिपक्वपक्वता' को 'परिपक्वता' से सुधारें।
17.	2641	1	XII (च) (ii)	10वीं पंक्ति में शब्द 'भें' को 'में' से सुधारें।
18.	3641	1	12(ट) (i)	38वीं पंक्ति में शब्द 'बाह्य' को 'बाह्य' से सुधारें।
19.	2641	1	XIII	46वीं पंक्ति में शब्द 'काईह सन्दे' को 'कोई संदेह' से सुधारें।
20.	2641	2	XVI (iii)	32वीं पंक्ति में शब्द 'उल्लिखित मुलभूत विशिष्टताओं को 'उल्लिखित मूलभूत विशिष्टताओं' से सुधारें।
21.	2641	2	--	41वीं पंक्ति में शब्द 'कानुनों' को 'कानूनों' से सुधारें।
22.	2641	2	--	41वीं पंक्ति में शब्द 'कानुनों' को 'कानूनों' से सुधारें।
23.	2642	1	--	11वीं पंक्ति में शब्द 'युनिटों' को 'यूनिटों' से सुधारें।
24.	2642	1	--	14वीं पंक्ति में शब्द 'स्त्रोत' को 'स्रोत' से सुधारें।
25.	2642	1	--	18वीं पंक्ति में वाक्य 'देय आय कर 15% को' 'देय आय पर कर 15%' से सुधारें।
26.	3642	1	--	18वीं पंक्ति में शब्द 'स्त्रोत पर आय कर' को 'स्रोत पर कर' से सुधारें।
27.	2642	1	--	21वीं पंक्ति में शब्द 'स्त्रोत' को 'स्रोत' से सुधारें।

क्र० सं०	पृष्ठ सं०	स्तम्भ सं०	मद सं०	सुधार
28	2642	1	--	22वीं पंक्ति में शब्द 'क्षाय' को 'श्राय' से सुधारें।
29	2642	1	--	23वीं पंक्ति में शब्द 'स्त्रोत' को 'स्रोत' से सुधारें।
30	2642	1	--	28वीं पंक्ति में शब्द 'यु टी श्राई' को 'यू टी श्राई' से सुधारें।
31	2642	1	--	29वीं पंक्ति में शब्द 'स्त्रोत' को 'स्रोत' से सुधारें।
32	2642	1	--	35वीं पंक्ति में शब्द 'स्त्रोत' को 'स्रोत' से सुधारें।
33	2642	1	--	36वीं पंक्ति में शब्द 'स्त्रोत' को 'स्रोत' से सुधारें।
34	2642	1	--	39वीं पंक्ति में शब्द 'स्त्रोत' को 'स्रोत' से सुधारें।
35	2642	1	--	43वीं पंक्ति में शब्द 'स्त्रोत' को 'स्रोत' से सुधारें।
36	2642	2	--	9वीं पंक्ति में शब्द 'स्त्रोत' को 'स्रोत' से सुधारें।
37	2642	2	--	29वीं पंक्ति में शब्द 'प्वाइंट' को 'पाइंट' से सुधारें।
38	2643	2	--	24वीं पंक्ति में संख्या '16363' को '15363' से सुधारें।
39	2647	3	--	3री पंक्ति में संख्या '13' को '13% से सुधारें।
40	2647	3	--	40वीं पंक्ति में दिनांक '28-2-98*' में से संकेतक '*' को हटाइये।
41	2656	1	--	37वीं पंक्ति में शब्द 'मुंबई-400002' को मुंबई-400092' से सुधारें।
42	2657	1	--	30वीं पंक्ति में शब्द 'भुवनेश्वर: ओ सी एच बी बिल्डिंग को 'भुवनेश्वर; ओ सी एच सी बिल्डिंग ' से सुधारें।

भारतीय यूनिट ट्रस्ट

मुंबई, दिनांक 28 दिसम्बर, 1997

सं० यू टी/डी बी डी एम आर-93 एस पी डी 52/97 98--दिनांक 23 अगस्त, 1997 के भारत के राजपत्र (भाग III खण्ड-4) में प्रकाशित दिनांक 24 जुलाई 1997 की अधिसूचना सं० यू टी/डी बी डी एम/आर-2/एस पी डी-52/97-98 में निम्नलिखित सुधार करें।

ए० जी० जोशी
महाप्रबंधक
(व्यवसाय विकास एवं विपणन विभाग)

शुद्धि-पत्र

यूनिट संबद्ध बीमा प्लान 1971

क्रम सं०	पृष्ठ सं०	स्तम्भ सं०	मद सं०	सुधार
1.	2624	5	नया मद/जोड़ दिया जाए	निम्नलिखित को पैराग्राफ 1 के उप-पैराग्राफ (ख) में दूसरे वाक्य के रूप में जोड़ दिया जाए--- 'नाबालिग भागीदारी का पात्र है, यदि उसकी अपनी नियमित श्राय हो'
2.	2625	1	मद सं० 3	मद सं० 3 को हटा दिया जाए।
3.	2625	1	मद सं० 4	पहली पंक्ति में संख्या "8,500" को "6,000/-" द्वारा प्रतिस्थापित किया जाए ।
4.	2625	1	मद सं० 4(क)	पहली पंक्ति में संख्या "67,500" को "9,000/-" से प्रतिस्थापित किया जाए।
5.	2625	1	मद सं० 4(ख)	पहली पंक्ति में संख्या "67,500" को "69,000/-" से प्रतिस्थापित किया जाए।

भारतीय यूनिट ट्रस्ट

मुंबई, दिनांक 31 दिसम्बर, 1997

यूटी/डी बीडीएम/आर–97/एसपीडी 57/97–98—भारतीय यूनिट ट्रस्ट अधिनियम, 1963 (1963 का 52) की धारा 19 (1) (8) (सी) के अंतर्गत बनाए गए ओम्नी यूनिट प्लान 1991 के प्रावधानों में संशोधन, जो भारतीय यूनिट ट्रस्ट अधिनियम, 1963 की धारा 21 के अंतर्गत बनाए गए ओम्नी-यूनिट योजना 1991 के संबंध में है और जिन्हें 18 नवम्बर 1997 को हुई कार्यकारिणी समिति की बैठक में अनुमोदित किया गया, इसके नीचे प्रकाशित किया जाता है।

ए० जी० जोशी
महाप्रबंधक
व्यवसाय विकास एवं विपणन

अनुबंध

ओम्नी यूनिट योजना 1991 के प्रावधानों में संशोधन

(1) 'परिभाषा' से संबद्ध खंड II के उपखंड खक) में निम्नलिखित जोड़ा जाता है :

"अनिवासी भारतीय (एन आर आई)" का तात्पर्य भारतीय राष्ट्रीयता/मूल के अनिवासियों से है। जैसा कि मूलतः अधिनियमित भारत सरकार अधिनियम, 1935 में परिभाषित है, किसी भी व्यक्ति को "भारतीय मूल का व्यक्ति" माना जाएगा यदि वह या उसके माता–पिता या पितामह–पितामही में से कोई भी, श्रेणी अथवा पूर्वज के रूप में कितना ही बड़ा क्यों न हो, चाहे पितृपक्ष या मातृपक्ष से हो, भारत में जन्मा हो/जन्मी हो।

2. 'यूनिटों के लिए आवेदन' शीर्षक से संबद्ध खंड IV उपखंड (4) में से 'सभी मामलों में आवेदन किए गए यूनिटों की संख्या 100 के गुणकों में होगी' हटाया जाता है।

3. 'यूनिटों के लिए आवेदन' शीर्षक से संबद्ध खंड IV के उपखंड (6) में निम्नानुसार संशोधन किया जाता है :

आवेदन ट्रस्ट के अध्यक्ष द्वारा अनुमोदित फार्म में किए जाएंगे और न्यूनतम निवेश एवं गुणकों में निवेश, यदि कोई हो, उस योजना/प्लान के अनुरूप होना चाहिए जिसमें व्यक्ति भाग लेना चाहता है।

4. 'यूनिटों के लिए आवेदन' शीर्षक से संबद्ध खंड IV के उपखंड (7) के दूसरे वाक्य में निम्नानुसार संशोधन किया जाता है :

यदि भुगतान ड्राफ्ट द्वारा किया जाए तो स्वीकृति तिथि ऐसे ड्राफ्ट की निर्गम–तिथि होगी, बशर्ते ड्राफ्ट की वसूली हो और आवेदन ट्रस्ट को ड्राफ्ट जारी होने की तिथि से 7 दिनों के भीतर प्राप्त हो जाए।

5. 'यूनिटधारक की मृत्यु या दिवालियापन' से संबद्ध खंड XIV में एक नया उपखंड (5) जोड़ा जाता है :

अनिवासी यूनिटधारक (यूनिटधारकों) की मृत्यु के मामले में यूनिटों को पुनर्खरीद आय अनिवासी नामिती या वैध उत्तराधिकारी (उत्तराधिकारियों) को भेजी जा सकती है, बशर्ते

(क) यूनिट भारत के बाहर से भेजी गई निधियों से भारत में स्थित अनिवासी (ई) खाते में रखी निधियों से या एफसी एन आर जमा से प्राप्त आय से खरीदे गए हों, और

(ख) नामिती भारत से बाहर रह रहा हो/वैध उत्तराधिकारी भारत से बाहर रहते हों।

अनिवासी नामिती या वैध उत्तराधिकारी के मामले में जहां यूनिट एन आर ओ खाते में रखी निधियों से खरीदे गए हों पुनर्खरीद आय भारत से बाहर भेजे जाने योग्य नहीं होगी। दावे के ऐसे मामलों, जहां नामांकन के समय नामिती निवासी था और उसके बाद अनिवासी हो गया, आय विप्रेषण की विधि के लिए आर बी आई को संदर्भित करना होगा।

6. 'आय वितरण' शीर्षक से संबद्ध खंड XVIII के पहले वाक्य में इस प्रकार संशोधन किया जाता है :

ट्रस्ट द्वारा वितरित की जाने वाली आय की दर, बैंक दर से दो प्रतिशत बिंदु घटाकर होगी।

ओम्नी यूनिट योजना 1991 के प्रावधानों में संशोधन

(1) 'पात्रता' से संबद्ध खंड 1 में निम्नलिखित को उपखंडों के रूप में जोड़ा जाता है.

(घ) अनिवासी वयस्क व्यक्ति एकल या दूसरे व्यक्ति के साथ संयुक्त/दोनों में से कोई एक या उत्तरजीवी आधार पर।

(ङ) नाबालिग अनिवासी की ओर से पिता/माता/सौतेले माता–पिता में वैध अभिभावक।

2. 'प्रत्येक यूनिट का अंकित मूल्य' शीर्षक से संबद्ध खंड 2 में निम्नानुसार संशोधन किया जाता है :

प्रत्येक यूनिट का अंकित मूल्य 10/– रुपए होगा। न्यूनतम निवेश एवं गुणकों में निवेश, यदि कोई हो, उस योजना/प्लान के अनुरूप होगा, जिसमें व्यक्ति हिस्सा लेना चाहता है।

3. 'भुगतान' शीर्षक से संबद्ध खंड 3 के उपखंड (क) चौथे वाक्य में निम्नानुसार संशोधन किया जाता है :

यदि भुगतान ड्राफ्ट द्वारा किया जाए तो स्वीकृति तिथि ऐसे ड्राफ्ट की निर्गम–तिथि होगी, बशर्ते ड्राफ्ट की वसूली हो और आवेदन ट्रस्ट को ड्राफ्ट जारी होने की तिथि से 7 दिनों के भीतर प्राप्त हो जाए।

4. 'व्यक्ति की मृत्यु' शीर्षक से संबद्ध खंड 8 में एक नया उपखंड (घ) जोड़ा जाता है :

'इस प्लान के अंतर्गत व्यक्ति की मृत्यु के मामले में, यूनिट की पुनर्खरीद से प्राप्त आय को अनिवासी नामिती या वैध उत्तराधिकारी/उत्तराधिकारियों को भेजी जा सकती है, बशर्ते

(क) यूनिट भारत के बाहर से भेजी गई निधियों से भारत में स्थित अनिवासी (ई) खाते में रखी निधियों से या एफसी एन आर जमा से प्राप्त आय से खरीदे गए हों, और

(ख) नामिती भारत से बाहर रह रहा हो/वैध उत्तराधिकारी भारत से बाहर रहते हों।

अनिवासी नामिती या वैध उत्तराधिकारी के मामले में जहां यूनिट एन आर ओ खाते में रखी निधियों से खरीदे गए हों पुनर्खरीद आय भारत से बाहर भेजे जाने योग्य नहीं होगी। दावे के ऐसे मामलों, जहां नामांकन के समय नामिती निवासी था और उसके बाद अनिवासी हो गया, आय विप्रेषण की विधि के लिए आर बी आई को संदर्भित करना होगा।

भारतीय यूनिट ट्रस्ट

मुंबई, दिनांक 5 जनवरी, 1998

यूटी/डीबीडीएम/आर–96 एस पी डी–89–सी/97–98–भारतीय यूनिट ट्रस्ट अधिनियम, 1963 (1963 का 52) की धारा 21 के अंतर्गत बनायी गयी संस्थागत निवेशक विशेष निधि यूनिट योजना 1997 (II) (आई आई एस एफ यू एस 97 (II) का पेशकश दस्तावेज जिसे 30 सितम्बर 1997 को हुई कार्यकारिणी समिति की बैठक में अनुमोदित किया गया, इसके नीचे प्रकाशित किया जाता है।

ए० जी० जोशी,
महाप्रबंधक
व्यवसाय विकास एवं विपणन

भारतीय यूनिट ट्रस्ट

संस्थागत निवेशक विशेष निधि यूनिट योजना 1997 (II) [आई आई एस एफ यू एस 97 (II)]

पेशकश दस्तावेज

पेशकश 24 नवंबर 1997 से 7 जनवरी 1998 तक खुली रहेगी

यह यूनिट योजना यूटी आई के न्यासी मंडल द्वारा भारतीय यूनिट ट्रस्ट अधिनियम, 1963 (1963 का 52) की धारा 21 के अनुसरण में बनायी गयी है।

प्लान के विवरण भारतीय प्रतिभूति और विनियम बोर्ड (म्युच्युअल फंड) विनियम 1996 के अनुसार तैयार किए गए हैं और जन साधारण के अभिदान हेतु पेश किए गए यूनिट सेबी द्वारा न तो अनुमोदित अथवा अनुमोदित किए गए हैं न ही सेबी ने पेशकश दस्तावेज की यथार्थता अथवा पर्याप्तता को ही प्रमाणित किया है।

योजना का उद्देश्य

यह एक पांच वर्षीय नियत कालीन आयोन्मुख योजना जिसमें एन वी आधारित मूल्य पर योजना में निर्गम किया जा सकता है। यह योजना संस्थागत निवेशकों के लिए है जो किसी विशिष्ट योजना में प्रचुर धन का निवेश करना चाहते हैं।

विशिष्टताएं

- न्यूनतम निवेश दस लाख रुपये और अधिकतम कोई सीमा नहीं। यूनिटों का अंकित मूल्य 10/- रुपये है।
- यह धर्मार्थ और धार्मिक न्यासों सहित पात्र न्यासों, समिति पंजीकरण अधिनियम 1860 के अंतर्गत पंजीकृत समितियों, अन्य किन्हीं निकाय जो धर्मार्थ प्रयोजनों के लिए राज्य या केंद्रीय अधिनियम द्वारा स्थापित या नियंत्रित हों, सेना, वायुसेना, नौसेना अर्धसैनिक फंड और अन्य किसी संस्था/निगमित निकाय (कंपनियों को शामिल करते हुए)/सरकारी उपक्रमों, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों, शहरी सहकारी बैंकों और अन्य वाणिज्यिक बैंकों साझीदारी फर्मों के लिए खुली है।
- ट्रस्ट योजना के सभी पांचों वर्षों के लिए वार्षिक आधार पर देय 12.75% प्र० व० की दर से सुनिश्चित आय अदा करेगा। आश्वासित प्रतिलाभ देने में कोई कमी पड़ने की स्थिति में उसे विकास प्रारक्षित निधि से पूरा किया जाएगा।
- प्रचलित एनएवी पर (बिना किसी बिक्री भार के) आय का पुनर्निवेश करने का विकल्प उपलब्ध है।
- योजना की यूनिटें योजना के आरंभ होने की तिथि से छः महीनों के भीतर एन एस ई के थोक ऋण खंड पर सूचीबद्ध की जाएंगी।
- योजना के आरंभ होने की तिथि से तीन वर्षों के बाद अर्थात् 1 फरवरी, 2001 से एनएवी आधारित मूल्य पर पुनर्खरीद की अनुमति होगी।
- यह गारंटी दी जाती है कि योजना में निवेशित पूंजी परिपक्वता पर सुरक्षित रहेगी अर्थात् यूनिटों का विमोचन सममूल्य से नीचे नहीं होगा। समयपूर्व पुनर्खरीद की कोई गारंटी नहीं दी जाती है और ऐसे मामलों में पुनर्खरीद मूल्य प्रचलित एनएवी पर आधारित होगा।

  आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 54 ईए के अन्तर्गत पूंजीगत अभिलाभ कर से छूट।

जोखिम के तत्व

- समयपूर्व पुनर्खरीद के लिए पूंजी को सुरक्षा प्रदान करने की कोई गारंटी नहीं है और ऐसे मामलों में पुनर्खरीद मूल्य प्रचलित एनएवी पर आधारित होगा।
- योजना के यूनिटों में निवेश पर बाजार का जोखिम होता है और योजना के शुद्ध आस्ति मूल्य (एनएवी) का ऊपर या नीचे जाना योजना के पोर्टफोलियो पर बाजार की शक्तियों के प्रभाव पर निर्भर करता है।
- ट्रस्ट के पहले की योजनाओं/प्लानों का कार्य निष्पादन आवश्यक रूप से भावी परिणामों का द्योतक नहीं है।
- संस्थागत निवेशक विशेष निधि यूनिट योजना 1997 (II) केवल योजना का नाम है और यह किसी भी प्रकार से योजना की गुणवत्ता का संकेत नहीं देता है। निवेशकों से आग्रह किया जाता है कि इस योजना में निवेश करने से पहले पेशकश की शर्तों का सावधानीपूर्वक अध्ययन कर लें।

प्रबंधन के विचार से जोखिम के तत्व

ट्रस्ट 33 वर्षों से अधिक समय से कार्यरत है और इसने 5 करोड़ से अधिक निवेशकों से लगभग 58,000 करोड़ रूपये की निधियों प्रबंधन में निपुणता हासिल की है। पिछले वर्षों की आश्वासित प्रतिलाभ योजनाओं के आश्वासित प्रतिलाभ के भुगतान में यूटीआई कभी असफल नहीं हुआ है। यूटीआई, भविष्य में ऐसे आश्वासित प्रतिलाभ के भुगतान के लिए संसाधनों की पर्याप्ता के बारे में संतुष्ट है।

यू० टी० आई० की स्थापना

भारतीय यूनिट ट्रस्ट अधिनियम, 1963 के अंतर्गत भारतीय यूनिट ट्रस्ट की स्थापना की गई थी जिसका उद्देश्य बचत एवं निवेश को प्रोत्साहन देना तथा प्रतिभूतियों के अर्जन, धारण, प्रबंधन और निपटान से ट्रस्ट को प्रोद्भूत होने वाली आय, लाभों और अभिलाभों में सहभागिता करना था। ट्रस्ट ने 1 जुलाई, 1964 से काम करना आरंभ किया था।

यू० टी० आई० का प्रबंधन

ट्रस्ट के कार्यों एवं व्यवसाय का प्रबंधन न्यासी मंडल में निहित है जिसका भारत सरकार द्वारा नियुक्त एक पूर्णकालिक अध्यक्ष होता है। बोर्ड के अलावा एक सांविधिक कार्यकारिणी समिति होती है जिसमें अध्यक्ष, कार्यपालक न्यासी तथा भारतीय औद्योगिक विकास बैंक द्वारा नामित दो अन्य न्यासी शामिल हैं। यह समिति मंडल की कार्य-क्षमता के अंतर्गत आने वाले किसी भी मामले पर विचार करने के लिए सक्षम है।

न्यासी मंडल

1.	श्री जी० पी० गुप्ता	अध्यक्ष, भारतीय यूनिट ट्रस्ट
2.	डा० पी० जे० नायक	कार्यपालक न्यासी, भारतीय यूनिट ट्रस्ट
3.	श्री आर० वी० गुप्ता	उप गवर्नर, भारतीय रिजर्व बैंक
4.	श्री एस० एच० खान	अध्यक्ष, भारतीय औद्योगिक विकास बैंक
5.	श्री एन० एम० सेखसरिया	प्रबंध निदेशक, गुजरात अंबुजा सिमेंट लि०
6.	श्री पी० आर० खन्ना	सनदी लेखाकार
7.	श्री जी० कृष्णामूर्ति	अध्यक्ष, भारतीय जीवन बीमा निगम
8.	श्री एम० एस० वर्मा	अध्यक्ष, भारतीय स्टेट बैंक
9.	श्री एन० वाधूल	अध्यक्ष, आई० सी० आई० सी० आई० लि०
10.	श्री रशीद जिलानी	अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक, पंजाब नेशनल बैंक

योजना की विशेषताओं का विवरण नीचे दिया गया है :

I. संक्षिप्त शीर्षक और योजना का आरंभ :

(i) यह योजना संस्थागत निवेशक विशेष निधि यूनिट योजना 1997(II) [आई० आई० एस० एफ० यू० एस० 1997(II)] कही जाएगी।

(ii) यह 24 नवम्बर, 1997 को आरंभ होगी।

(iii) यह योजना पांच वर्षो की अवधि के लिए अर्थात् 1 फरवरी, 1998 से 31 जनवरी, 2003 तक होगी।

(iv) यूनिटों की बिक्री 24 नवम्बर, 1997 से 7 जनवरी, 1998 तक 45 दिनों के लिए होगी। बशर्ते यूनिट ट्रस्ट के न्यासी मंडल की कार्यकारिणी समिति/अध्यक्ष किसी भी समय युद्ध या युद्ध जैसी परिस्थितियां उत्पन्न होने पर, स्टाक एक्सचेंजों में व्यवसाय न होने पर या अन्य सामाजिक-आर्थिक कारण होने पर अखबारों में 7 दिनों की नोटिस देने के बाद या ऐसी पद्धति से जैसा यूनिट ट्रस्ट द्वारा निश्चय किया जाए, योजना के अंतर्गत यूनिटों की बिक्री स्थगित कर सकते हैं।

II. परिभाषाएं :

इस योजना में जब तक संदर्भ में अन्यथा अपेक्षित न हो :

(1) "स्वीकृति तिथि" का अर्थ ट्रस्ट द्वारा यूनिटों की बिक्री या पुनर्खरीद के लिए किसी आवेदक द्वारा ट्रस्ट को प्रेषित आवेदन पत्र के संदर्भ में वह तिथि है जब ट्रस्ट संतुष्ट होकर समझता है कि आवेदन सही है और उसे स्वीकार करता है;

(2) "अधिनियम" का तात्पर्य भारतीय यूनिट ट्रस्ट अधिनियम, 1963 (1963 का 52) से है;

(3) "आवेदक" का अर्थ है वह व्यक्ति जो योजना में शामिल होने के लिए पात्र है और योजना के खण्ड IV के अंतर्गत आवेदन करता हो।

(4) "पात्र ट्रस्ट" का अर्थ भारतीय यूनिट ट्रस्ट सामान्य विनियमावली 1964 में यथा परिभाषित कोई ट्रस्ट है।

(5) "फर्म", "भागीदार" और "भागीदारी" के वे अर्थ होंगे जो भारतीय भागीदारी अधिनियम, 1932 (1932 का 9) में दिए गए हैं लेकिन 'भागीदार" अभिव्यक्ति में ऐसा व्यक्ति भी शामिल होगा जिसे अवयस्क होने के कारण भागीदारी के लाभों हेतु शामिल किया गया है।

(6) "सूचीबद्ध" का अर्थ एन० एस० ई० के थोक ऋण खंड पर व्यवसाय करने के प्रयोजन से योजना के अन्तर्गत जारी यूनिटों का सूचीबद्ध किया जाना है।

(7) "जारी यूनिटों की संख्या" का अर्थ बेचे गए और बकाया यूनिटों की संख्या है।

(8) "व्यक्ति" में ऊपर यथा परिभाषित पात्र ट्रस्ट शामिल है।

(9) "विनियमावली" का अर्थ अधिनियम की धारा 43 (1) के अन्तर्गत बनी भारतीय यूनिट ट्रस्ट सामान्य विनियमावली 1964 है।

(10) "सेबी" का अर्थ है भारतीय प्रतिभूति और एक्सचेंज बोर्ड अधिनियम, 1992 (1992 का 15) के अन्तर्गत बनाया गया भारतीय प्रतिभूति और एक्सचेंज बोर्ड।

(11) इस योजना से सम्बन्धित "यूनिट" का अर्थ यूनिट पूंजी में दस रुपये के अंकित मूल्य का एक अविभक्त शेयर है।

(12) "यूनिट-ट्रस्ट" या "ट्रस्ट" का तात्पर्य अधिनियम की धारा 3 के अन्तर्गत स्थापित भारतीय यूनिट ट्रस्ट से है।

(13) इसमें अपरिभाषित लेकिन अधिनियम/विनियमावली में परिभाषित अन्य सभी अभिव्यक्तियों के वही अर्थ होंगे, जो अधिनियम/विनियमावली में दिये गये हैं।

III. प्रत्येक यूनिट का अंकित मूल्य :

प्रत्येक यूनिट का अंकित मूल्य दस रुपये होगा।

IV. यूनिटों के लिए आवेदन :

(1) इस योजना के अन्तर्गत यूनिटों के लिए आवेदन निम्नलिखित द्वारा किया जा सकता है :—

(i) धर्मार्थ और धार्मिक ट्रस्ट सहित सभी पात्र ट्रस्ट।

(ii) समिति पंजीकरण अधिनियम, 1860 के अन्तर्गत पंजीकृत समितियां।

(iii) अन्य कोई निकाय जो धर्मार्थ प्रयोजनों के लिए राज्य या केंद्रीय अधिनियम द्वारा नियंत्रित या स्थापित या उसके अधीन हो।

(iv) सेना/वायुसेना/नौसेना/अर्ध सैनिक फंड।

(v) अन्य कोई संस्था/निगमित निकाय (कंपनियों सहित)।

(vi) सरकारी क्षेत्र के उपक्रम।

(vii) क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक एवं शहरी सहकारी बैंक।

(viii) अन्य वाणिज्यिक बैंक।

(ix) भागीदारी फर्म।

(2) साझेदारी फर्मों के आवेदन अधिक-से-अधिक तीन सदस्यों द्वारा दिया जाएगा एवं ट्रस्ट सभी व्यावहारिक प्रयोजनों के लिए पहले नामित व्यक्ति को ही सदस्य के रूप में मान्यता देगा।

(3) आवेदन ऐसे फार्म में किया जाएगा जैसा यूनिट ट्रस्ट के अध्यक्ष/कार्यपालक न्यासी द्वारा अनुमोदित किया जाएगा।

(4) पात्र संस्थाएं, निगमित निकाय भागीदारी फर्म या समितियां यथाअपेक्षा ट्रस्ट को वे सभी संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत करेंगी जिनसे आवेदक की यूनिटों में निवेश करने की सक्षमता का पता चलता हो, जैसे संस्था के बहिर्नियम और अंतर्नियम, भागीदारी फर्मों की ओर से आवेदन करने पर भागीदारी विलेख की प्रमाणित प्रति, उपनियम आदि, यूनिटों में निवेश का अधिकार देने व प्रबंध निकाय के संकल्प की प्राधिकृत प्रति आदि और समुचित मुख्तारनामे की प्रति।

V. न्यूनतम निवेश राशि :

योजना के अन्तर्गत न्यूनतम निवेश दस लाख रुपये है और कोई अधिकतम सीमा नहीं है। 10 रुपये के गुणकों में न होने वाले निवेशों के लिए यूनिटों का आबंटन भिन्नांकों में दशमलव के बाद तीन स्थान तक किया जाएगा।

निवेशकों को सलाह दी जाती है कि यदि उसका आयकर पी० ए० एन० जी० आई० आर० संख्या हो तो उसे तथा सम्बन्धित आयकर सर्किल के पते का उल्लेख करें।

VI. भुगतान विधि :

1. (i) आवेदक द्वारा सभी भुगतान आवेदन पत्र के साथ चेक या ड्राफ्ट द्वारा (बैंक ड्राफ्ट कमीशन निवेशक द्वारा ही वहन किया जाएगा) किए जाएंगे, चेक या ड्राफ्ट वसूल करने की लागत भी इसमें शामिल होगी। चेक या ड्राफ्ट उसी शहर के बैंकों की शाखाओं पर आहरित होने चाहिए जहां ट्रस्ट का शाखा कार्यालय हो और उस कार्यालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया हो।

(ii) यदि भुगतान चेक द्वारा किया गया हो तो स्वीकृति तिथि ट्रस्ट द्वारा चेक की राशि वसूल किए जाने की तिथि होगी। यदि भुगतान ड्राफ्ट द्वारा किया गया हो, तो स्वीकृति तिथि ऐसे ड्राफ्ट जारी करने की तारीख होगी, बशर्ते कि ऐसे ड्राफ्ट की राशि की वसूली हो जाए, परन्तु ट्रस्ट को आवेदन पत्र ड्राफ्ट जारी करने के 7 दिन के भीतर प्राप्त हो जाएं। अदा की गयी राशि योजना के अन्तर्गत न्यूनतम देय राशि और अन्य देय प्रभार को पूरा करने के लिए पर्याप्त नहीं है तो संपूर्ण राशि ट्रस्ट द्वारा ऐसी रीति से जिसे वह उचित समझे, आवेदक को उसके खर्च पर वापस की जाएगी।

2. (क) आवेदन स्वीकृत या अस्वीकृत करने का ट्रस्ट का अधिकार :

योजना के अंतर्गत यूनिट जारी करने के लिए आवेदन पत्र स्वीकार करने और/या अस्वीकार करने का एक मात्र स्वविवेकाधिकार ट्रस्ट का होगा। निम्नलिखित परिस्थितियों में ट्रस्ट, यूनिटें जारी करने का आवेदन अस्वीकृत कर सकता है यदि

1. दस लाख की न्यूनतम रकम से कम निवेश के साथ आवेदन प्राप्त हों।

2. प्राधिकृत हस्ताक्षरी द्वारा आवेदन हस्ताक्षरित न हुए हों, और

3. आवेदक को योजना में निवेश करने की पात्रता न हो।

योजना के अंतर्गत आवेदन करने की किसी व्यक्ति की पात्रता या अन्यथा के संबंध में ट्रस्ट का निर्णय अन्तिम होगा।

(ख) अपूर्ण आवेदन पत्र निरस्तीकरण के भागी होंगे :

यदि आवेदन पत्र अपूर्ण पाया जाए तो उसे रद्द किया जा सकेगा और ट्रस्ट यथाशीघ्र बिना किसी देयता के चाहे वह ब्याज के लिए हो या अन्य कोई राशि हो, आवेदन राशि वापस कर देगा। आवश्यक परिचालनगत और प्रक्रियागत औपचारिकताओं का अनुपालन किये जाने के बाद राशि वापस की जाएगी।

3. यूनिट जारी होने से पहले आवेदक को योजना के अन्तर्गत अपेक्षाओं का अनुपालन करना होगा :

योजना के अन्तर्गत यूनिटों के लिए आवेदन करने वाली संस्थाओं को, आवेदन करने की अपनी पात्रता के बारे में ट्रस्ट को संतुष्ट करना होगा और निवेशक वर्ग के अनुसार ट्रस्ट की सभी अपेक्षाएं पूरी करनी होंगी जैसे ट्रस्ट द्वारा आवेदन करने पर न्यास विलेख, यूनिट खरीदने के लिए प्रबंध निकाय का संकल्प, समितियों द्वारा आवेदन करने पर उप-नियम और प्रबंध समिति का संकल्प आदि एवं भागीदारी फर्म द्वारा आवेदन करने पर भागीदारी विलेख की प्रमाणित प्रति आदि ट्रस्ट की संतुष्टि के अनुरूप ऐसी अपेक्षाओं का पालन करना या न करना ट्रस्ट के पूर्ण स्वविवेक पर निर्भर होगा।

कोई संस्था गलत घोषणा कर यूनिट रखेगी तो वह सदस्यता निरस्त किए जाने की भागी होगी और उसका नाम यूनिट धारकों की पंजी से काट दिया जाएगा।

ऐसी स्थिति में ट्रस्ट को अधिकार होगा कि वह 25% जुर्माने के तौर पर घटाकर यूनिटों की पुनर्खरीद सममूल्य पर या ऐसे मूल्य पर कर ले जो ट्रस्ट द्वारा तय किया जाए और गलती से किए गए आय वितरण के भुगतान की वसूली पुनर्खरीद राशि से कर ले और शेष राशि वापस कर दें।

इस राशि पर कोई ब्याज नहीं मिलेगा, चाहे ट्रस्ट को पुनर्खरीद करने और आवेदक को पुनर्खरीद राशि प्रेषित करने में जितना भी समय लगे।

VII. न्यूनतम लक्ष्य राशि जुटाना :

योजना के अंतर्गत एकत्र की जाने वाली राशि का लक्ष्य 20 करोड़ रुपये होगा। अत्यभिदान यदि कोई हो तो, उसे ट्रस्ट द्वारा रखा जाएगा। यदि कथित लक्षित राशि का अभिदान नहीं होता है तो ट्रस्ट आवेदक के खाते में चेक/प्रत्यर्पण आदेश द्वारा योजना के अंतर्गत संग्रहीत पूरी राशि को यूनिटों की बिक्री समाप्ति तिथि से छः सप्ताह या उसके पहले वापस करेगा।

उक्त अनुबंध अवधि के भीतर राशि वापस न करने की स्थिति में योजना के अंतर्गत बिक्री बंद होने की तिथि से छः सप्ताह की समाप्ति पर ट्रस्ट आवेदक को 15% प्रति वर्ष की दर से ब्याज का भुगतान करने का जिम्मेदार होगा।

VIII. खर्चों की सीमा :

योजना के अंतर्गत एकत्र निधि का निर्गम पूर्व व्यय 3.5% से अधिक नहीं होगा। योजना के प्रारंभिक निर्गम खर्चों का अनुमान निम्नानुसार है :

व्यय का शीर्षक	%
मुद्रण और डाक	0.75
प्रचार	0.75
विपणन व्यय	1.00
स्टाम्प शुल्क	0.50
संसाधन प्रभार	0.50
योग	3.50

इस प्रकार किसी निवेशक द्वारा निवेश किए गए प्रत्येक रुपये का कम से कम 96.5 पैसा इस योजना में निवेश किया जाएगा।

आरंभिक निर्गम व्ययों के अतिरिक्त आवर्ती आधार पर योजना का निम्नलिखित व्यय होगा जो किसी भी लेखा वर्ष के दौरान औसत साप्ताहिक शुद्ध आस्ति मूल्य का 2% से अधिक नहीं होगा। अनुमानित आवर्ती व्यय निम्नानुसार हैं :

व्यय का शीर्षक	%
प्रशासनिक व्यय	0.90
अभिरक्षण शुल्क	0.50
विकास प्रारक्षित निधि	0.25
कर्मचारी कल्याण न्यास	0.10
लेखा परीक्षा शुल्क, न्यासियों के शुल्क एवं व्यय, दलाली एवं लेनदेन की लागत आदि	0.25
योग	2.00

उपरोक्त व्यय अनुमानित हैं और वास्तविक रूप से किए गए व्ययों में परस्पर परिवर्तित किए जाने के अधीन हैं। फिर भी, सेबी (म्यूचुअल फंड) विनियम, 1996 के अनुसार कुल आरंभिक निर्गम व्ययों के रूप में कुल व्यय एकत्र निधि की 3.5% की सीमा के भीतर तथा आवर्ती व्यय किसी भी लेखा वर्ष के दौरान साप्ताहिक औसत शुद्ध आस्ति मूल्य के 2% की सीमा के भीतर ही होगा।

योजना का कुल आवर्ती व्यय, आरम्भिक निर्गम व्ययों एवं प्रतिदान व्ययों को छोड़कर परन्तु प्रशासनिक व्ययों, विकास प्रारक्षित निधि और स्टाफ कल्याण न्यास में अंशदान को सम्मिलित करते हुए निम्नलिखित सीमाओं के अधीन होगा :

(i) औसत साप्ताहिक शुद्ध आस्तियों के पहले 400 करोड़ पर—2.00 प्रतिशत।

(ii) औसत साप्ताहिक शुद्ध आस्तियों के अगले 300 करोड़ रुपए पर—1.75 प्रतिशत।

(iii) आस्तियों के शेष पर—1.50 प्रतिशत।

'प्रशासनिक व्यय', 'विकास प्रारक्षित निधि में अंशदान' और 'स्टाफ कल्याण न्यास में अंशदान' शीर्षक के अन्तर्गत व्यय निम्नलिखित के अधीन होंगे : (i) जब तक शुद्ध आस्तियां 100 करोड़ रुपए को पार नहीं करती हैं, योजना के प्रत्येक लेखा वर्ष में बाकी साप्ताहिक औसत शुद्ध आस्तियों के एक एवं एक चतुर्थांश प्रतिशत, (ii) 100 करोड़ रुपए से अधिक की राशि का एक प्रतिशत, जहां ऐसी परिकलित शुद्ध आस्तियां 100 करोड़ रुपए से अधिक हों। सेबी (म्यूचुअल फंड) विनियम, 1996 में बताए अनुसार, यू टी आई कोई निवेश प्रबंध एवं सलाहकार शुल्क नहीं लगाता है।

हालांकि, यू टी आई सुनिश्चित करेगा कि आरम्भिक निर्गम व्यय और वार्षिक आवर्त व्यय सेबी (म्यूचुअल फंड) विनियम 1996 के विनियम 52 के अन्तर्गत बताई गई सीमाओं के भीतर रहे।

IX. यूनिटों की बिक्री :

पेशकश अवधि के दौरान यूनिटों की बिक्री सममूल्य पर होगी।

यूनिट ट्रस्ट द्वारा यूनिटों की बिक्री-संविदा, स्वीकृति तिथि को पूरी हुई समझी जाएगी। ट्रस्ट इसके बाद 50,000 यूनिटों के लाट में यूनिट प्रमाण-पत्र जारी करेगा। जो यूनिट 50,000 के गुणक में नहीं होंगे उनके लिए केवल एक प्रमाण-पत्र जारी किया जाएगा। प्रेषित यूनिट प्रमाण-पत्र के खो जाने, क्षतिग्रस्त हो जाने या गलत डिलिवरी या डिलिवरी नहीं होने का कोई दायित्व ट्रस्ट पर नहीं होगा।

यूनिट ट्रस्ट द्वारा ट्रस्ट/समिति/निगमित निकाय को जारी यूनिट प्रमाण-पत्र ट्रस्ट/समिति/निगमित निकाय के नाम पर ही होगा।

यूनिट ट्रस्ट यूनिट प्रमाण-पत्र को यथाशीघ्र लेकिन यूनिटों को योजना के अन्तर्गत बिक्री की समाप्ति तिथि से छः सप्ताहों के भीतर भेजने का प्रयत्न करेगा।

X. यूनिटों की पुनर्खरीद :

(1) (i) योजना के पहले तीन वर्षों के दौरान अर्थात् 31 जनवरी, 2001 तक यूनिटों की कोई पुनर्खरीद नहीं की जाएगी। पुनर्खरीद मूल्य पूर्ववर्ती साप्ताहिक शुद्ध आस्ति मूल्य पर बट्टे पर होगा। बट्टा 5 प्रतिशत से अधिक नहीं होगा। पुनर्खरीद मूल्य की घोषणा 1 फरवरी, 2001 से प्रत्येक सप्ताह में एक बार की जाएगी। यह गारन्टी दी जाती है कि योजना में निवेशित पूंजी परिपक्वता पर सुरक्षित रहेगी अर्थात् यूनिटों का मोचन सममूल्य से नीचे नहीं होगा। समय पूर्व पुनर्खरीद के लिए ऐसी कोई गारन्टी नहीं है और ऐसे मामलों में पुनर्खरीद मूल्य प्रचलित एन ए वी पर आधारित होगा।

आंशिक पुनर्खरीद की अनुमति तब ही दी जाएगी बशर्ते न्यूनतम शेष के रूप में दस लाख रुपए (अंकित मूल्य) कायम रखे।

(ii) यूनिट धारक को यूनिटों को पुनर्खरीद के लिए पेश करने के लिए कोई बाध्यता नहीं होगी जैसा कि ऊपर उप खण्ड 1 (i) में बताया गया है और वह योजना चालू रहने के दौरान अपनी इच्छानुसार उसका धारण कर सकते हैं।

(2) पुनर्खरीद के लिए संविदा स्वीकृति तिथि को समाप्त मानी जाएगी।

(3) पुनर्खरीद यथोचित भरे हुए पुनर्खरीद फार्म के साथ यूनिट प्रमाण-पत्र के प्राप्त होने के बाद प्रभावी होगी। पुनर्खरीद राशि का प्रेषण, ट्रस्ट के मुम्बई मुख्य शाखा कार्यालय में, जहां पुनर्खरीद अनुरोध संसाधित होते हैं, आवेदन-पत्र के प्राप्त होने की तिथि से 10 कार्य दिवसों के भीतर (बशर्ते आवेदन उचित हो) इस प्रकार किया जाएगा जैसा आवेदक ने आवेदन-पत्र में निर्दिष्ट किया हो। किसी भी स्थिति में आवेदक को देय राशि पर, कोई ब्याज नहीं दिया जाएगा और विप्रेषण लागत (डाक खर्च सहित) अथवा यूनिट ट्रस्ट द्वारा भेजे गए चैक अथवा ड्राफ्ट की वसूली का खर्च आवेदक द्वारा वहन किया जाएगा।

XI. यूनिटों की बिक्री और पुनर्खरीद पर प्रतिबंध :

योजना के किसी भी उपबंध में अंतर्विष्ट किसी बात के बावजूद ट्रस्ट यूनिटों की खरीद या पुनर्खरीद के लिए बाध्य नहीं होगा —

(i) ऐसे दिन, जो कार्य दिवस नहीं हों; और

(ii) ऐसी अवधि में जब ट्रस्ट द्वारा अधिसूचित किसी कारणवश (ट्रस्ट द्वारा यथाधिसूचित) यूनिट धारकों की पंजी बन्द हो।

स्पष्टीकरण :—इस योजना के प्रयोजनार्थ शब्द "कार्य दिवस" का अर्थ वह दिन है, जो न तो (i) महाराष्ट्र, राज्य या ऐसे अन्य राज्यों में, जहां ट्रस्ट के कार्यालय हों, सार्वजनिक अवकाश के रूप में परक्राम्य लिखत, अधिनियम 1881 के अन्तर्गत अधिसूचित हो या (ii) भारत के राजपत्र में ट्रस्ट द्वारा ऐसे दिवस के रूप में अधिसूचित किया गया हो कि ट्रस्ट का कार्यालय बन्द रहेगा।

XII. बिक्री या पुनर्खरीद स्वीकृति तिथि को होगी :

यूनिट ट्रस्ट द्वारा यूनिटों की प्रत्येक बिक्री और पुनर्खरीद स्वीकृति तिथि के अनुसार उस दिन को प्रचलित मूल्य पर होगी।

XIII. पुनर्खरीद मूल्य का प्रकाशन :

पुनर्खरीद मूल्य के निर्धारण के बाद ट्रस्ट उसे समाचार-पत्रों में प्रकाशित करने के लिए साप्ताहिक आधार पर जारी करेगा।

XIV. सूचीकरण :

योजना के अन्तर्गत जारी यूनिटें, योजना के शुरू होने की तिथि से छः माह के भीतर एनएसई के थोक ऋण खंड पर सूचीबद्ध की जाएगी। सेबी से योजना का अनुमोदन प्राप्त होने के तुरन्त बाद सेबी (म्यूचुअल फंड) विनियम, 1996 के विनियम 32 के अनुसार एनएसई में सूचीबद्ध कराने हेतु आवेदन किया जाएगा।

XV. योजना से संबंधित आस्तियों का मूल्यांकन :

(1) अवरुद्ध अवधि के अधीन वाले निवेशों सहित उधृत निवेशों का मूल्यांकन, मूल्यांकन की तारीख को बाजार के अंतिम मूल्य पर या मूल्यांकन की तारीख से साठ दिन पूर्व की अवधि में बिल्कुल हाल की उपलब्ध दर पर किया जाता है। यदि मूल्यांकन की तारीख से साठ दिन पूर्व की अवधि हेतु कोई भाव उपलब्ध नहीं है तो उसे अनोधृत निवेश माना जाता है।

(2) उधृत डिबेंचरों एवं बाण्डों के मामले में, बाजार दर, जो ब्याज सहित है, उसे ब्याज तत्व यदि कोई हो, के लिए समायोजित किया जाता है।

(3) अनोधृत/गैर व्यापारिक इक्विटी शेयरों का मूल्यांकन प्राप्तियों के पंजीकरण एवं बही-मूल्य (विश्लेषित मूल्य) के औसत में से 10 प्रतिशत घटाकर किया जाता है।

(4) अनोधृत डिबेंचरों, बाण्ड और अंतरणीय नोट लिखत के दर निर्धारण पर आधारित परिपक्वता पर प्रतिफल पर जैसा कि ट्रस्ट के न्यासी मंडल द्वारा निर्धारित हो, मूल्यांकित किए जाते हैं।

(5) अनोधृत वारंट, पड़े हुए शेयरों को बाजार दर पर, लाभांश तत्व, यदि हो, के लिए बट्टा काटकर तथा देय प्रायोगिक मूल्य को कम करके, लिए जाते हैं। जिन मामलों में इस तरह लिए गए मूल्य से प्रायोगिक मूल्य ज्यादा हो, वहां वारन्टों का मूल्य शून्य लिया जाता है।

(6) परिवर्तनीय डिबेंचर और बाण्ड, जहां मिश्र बाजार भाव उपलब्ध न हो, वहां परिवर्तनीय भाग का मूल्यांकन, संबंधित इक्विटी शेयरों, जिनमें लाभांश तत्व, यदि हो, के लिए बट्टा काट कर बाजार दर पर किया जाता है। ऐसे डिबेंचरों एवं बाण्डों का अपरिवर्तनीय भाग, यदि हो, का मूल्यांकन परिपक्वता पर प्रतिफल जैसा कि ट्रस्ट के न्यासी मंडल द्वारा निर्धारित किया गया हो, किया जाता है। जहां परिवर्तनीय भाग के लिए परिवर्तन की शर्तें विनिर्दिष्ट न हों, वहां उन्हें लागत पर लिया जाता है।

(7) मुद्रा बाजार लिखतों का मूल्यांकन एक से अधिक व्यापारी या ब्रोकर से प्राप्त संविदा दर के आधार पर किया जाएगा।

(8) सरकारी प्रतिभूतियों का मूल्यांकन, प्रचलित ब्याज दरों पर आधारित, परिपक्वता पर प्रतिफल (वाई टी एम) आधार पर किया जाएगा।

(9) उपरोक्त पैरा (1) से (8) तक के अनुसार यथा-संगणित निवेशों के कुल मूल्य की तुलना ऐसे निवेशों की कुल लागत से की जाती है और परिणामी मूल्यह्रास, यदि हो, को राजस्व लेखे से प्रभारित किया जाता है।

XVI. शुद्ध आस्ति मूल्य (एन ए वी) का परिकलन और प्रकटीकरण :

योजना के अन्तर्गत जारी यूनिटों के शुद्ध आस्ति मूल्य का परिकलन योजना के उपचयों और उपबन्धों को ध्यान में रखते हुए योजना की आस्तियों के मूल्य को निर्धारित कर और योजना की देयताओं को घटाकर किया जाएगा। प्रति यूनिट शुद्ध आस्ति मूल्य का परिकलन योजना के एन ए वी में उस तिथि को जारी और बकाया यूनिटों की कुल संख्या से भाग देकर किया जाएगा। यह एन ए वी (पूर्ववर्ती आधार पर) योजना के आरम्भ होने से 6 महीनों के भीतर और उसके बाद साप्ताहिक आधार पर समाचार-पत्रों में प्रकाशन हेतु जारी किया जाएगा।

XVII. (क) निवेश उद्देश्य :

योजना के अन्तर्गत संग्रहीत निधियों का अधिक से अधिक 20 प्रतिशत इक्विटी और इक्विटी सम्बद्ध लिखतों में और शेष का नियत आय वाले प्रतिभूतियों और मुद्रा बाजार लिखतों में निवेश किया जाएगा। नियत आय प्रतिभूतियों का जोखिम तत्व न्यून से मध्यम होगा। इक्विटी निवेशों का जोखिम तत्व उच्च होगा। मुद्रा बाजार लिखतों में निवेश, इस संबंध में सेबी द्वारा समय समय पर जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप होगा।

पूर्वोक्त के बावजूद, निवेश का अनुपात बाजार की स्थितियों और निवेश के लिए उपलब्ध अवसरों पर निर्भर करते हुए निधि प्रबंधक के स्वविवेक के अनुसार उपरोक्त से भिन्न भी हो सकता है। निवेश के समानुपात में होने वाला कोई भी परिवर्तन योजना के निवेश उद्देश्य के समनुरूप होगा।

उपरोक्त निवेश उद्देश्य के अनुसार प्रतिभूतियों में योजना की निधियों का निवेश लंबित रहने पर ट्रस्ट योजना की निधियों का निवेश अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों की अल्पावधि जमाओं में कर सकता है।

(ख) निवेश नीतियां

(i) सभी ऋण लिखतें जिनमें योजना द्वारा निवेश किया जाता है, उनके निवेश वर्गों का निर्धारण समय-समय पर मान्यता प्राप्त किसी श्रेणी निर्धारण करने वाली एजेन्सी द्वारा किया जाएगा।

परन्तु यदि ऋण लिखत का निर्धारण नहीं किया गया हो, तो निवेश के लिए ट्रस्ट के न्यासी मंडल से विशिष्ट अनुमोदन लिया जाएगा।

(ii) इस योजना द्वारा कोई सावधि ऋण नहीं दिया जाएगा।

(iii) इस योजना से ट्रस्ट की दूसरी योजना/प्लान में निवेश का अंतरण केवल तभी किया जाएगा जब :

(क) उधृत लिखतों के लिए प्रचलित बाजार मूल्य पर ऐसे अंतरण स्पॉट आधार पर किए गए हों।

(ख) ऐसी अंतरित प्रतिभूतियां उस योजना/प्लान के निवेश उद्देश्यों के अनुरूप हों जिनसे ऐसे अंतरण किए जाते हैं।

(ग) प्लान की असूचीबद्ध या उधृत न किए गए निवेशों का ट्रस्ट की अन्य योजना/प्लान में अंतरण यू टी आई के न्यासी मंडल द्वारा निर्धारित नीतियों के अनुसार किया जाएगा।

(iv) योजना ट्रस्ट या किसी दूसरे म्यूचुअल फंड की किसी अन्य योजना/प्लान में कोई शुल्क प्रभारित किए बिना निवेश कर सकती है, बशर्ते ट्रस्ट की सभी योजनाओं द्वारा किया गया कुल अन्तर्योजना निवेश या किसी दूसरी आस्ति प्रबंधन कंपनी द्वारा प्रबंधित योजनाओं में किया गया निवेश, ट्रस्ट के शुद्ध आस्ति मूल्य के 5 प्रतिशत से अधिक न हो।

(v) ट्रस्ट प्रतिभूतियों का क्रय विक्रय सुपुर्दगियों के आधार पर करेगा और खरीद के सभी मामलों में संबंधित प्रतिभूतियों की सुपुर्दगी लेगा और बिक्री के सभी मामलों में प्रतिभूतियों की सुपुर्दगी करेगा और किसी भी मामलों में खुद को ऐसी स्थिति में नहीं डालेगा जिससे इसे मंदड़िया बिक्री करनी पड़े या सौदे का वायदा (कैरी फारवर्ड) करना पड़े या बदला में लिप्त होना पड़े।

(vi) ट्रस्ट प्रतिभूतियों की खरीद या अंतरण ट्रस्ट के नाम से करवाएगा।

(vii) योजना यूनिटों की पुनर्खरीद, प्रतिदान या ब्याज की अदायगी या सदस्यों को आय अदा करने के लिए नकदी की अस्थाई जरुरतों को पूरा करने के लिए उधार लेने के सिवा उधार नहीं लेगी। परन्तु उधार योजना की शुद्ध आस्ति के 20 प्रतिशत से अधिक नहीं लिया जाएगा और इस तरह के उधार की अवधि छः माह से अधिक नहीं होगी।

प्लान की प्रतिभूतियों के लेनदेन के लिए शेयर-दलाली फर्म और यू टी आई की सहायक संस्था यू टी आई सिक्योरिटीज एक्सचेंज लिमिटेड (यू टी आई-एस ई एस) की सेवाएं ली जा सकती हैं जो नीतियों के अनुसार हों और ट्रस्ट के न्यासी मंडल द्वारा तय की गई सीमाओं के अधीन हों। यू टी आई एस ई एल 1994 में स्थापित की गई थी। यह निवेशकों की आवश्यकताओं के अनुरूप उचित, पारदर्शी और कुशल सेवाएं प्रदान करने वाली एक उच्च तकनीकी ज्ञान वाली कंपनी है। इसका पंजीकृत कार्यालय मुंबई है।

तथापि ऊपर खण्ड XV, XVI और XVII (ख) के संबंध में किसी भी बात के होते हुए, आस्तियों का मूल्यांकन, शुद्ध आस्ति मूल्य का अभिकलन, पुनर्खरीद मूल्य और उनके प्रकटीकरण का अंतराल सेबी द्वारा समय समय पर जारी सेबी के (एम एफ) विनियमों के प्रावधानों/दिशा निर्देशों और निदेशों के अनुसरण में होगा।

XVIII. यूनिट प्रमाणपत्र का फार्म :

यूनिट प्रमाण पत्र ऐसे फार्म में होगा जैसा कार्यपालक निदेशक द्वारा निश्चित किया जाएगा। प्रत्येक यूनिट प्रमाणपत्र पर विभेदक संख्या, यूनिटों की संख्या जिनके लिए प्रमाण-पत्र जारी किया गया हो तथा यूनिट धारक का नाम होगा।

XIX यूनिट प्रमाणपत्र तैयार करने की विधि :

जैसा बोर्ड समय-समय पर निर्धारित करेगा, यूनिट प्रमाण-पत्र उत्कीर्ण या लिथोग्राफ या मुद्रित किया जाएगा और ट्रस्ट की ओर से ट्रस्ट द्वारा विधिवत रूप से अधिकृत दो व्यक्तियों द्वारा हस्ताक्षरित होगा। ऐसा प्रत्येक हस्ताक्षर स्वहस्ताक्षरित होगा या किसी यांत्रिक विधि से लगाया जाएगा। जब तक यूनिट प्रमाण-पत्र इस रूप से हस्ताक्षरित नहीं होगा, तब तक वह वैध नहीं होगा। इस रूप में हस्ताक्षरित यूनिट प्रमाण-पत्र इस बात के होते हुए भी वैध और बाध्यकारी होगा कि उसे जारी करने से पहले कोई व्यक्ति जिसका हस्ताक्षर उस पर है, ट्रस्ट की ओर से यूनिट प्रमाणपत्र हस्ताक्षर करने हेतु अधिकृत व्यक्ति न रहा हो। परन्तु इस रूप में तैयार किया गया यूनिट प्रमाण-पत्र जिसमें प्राधिकृत व्यक्ति के हस्ताक्षर हैं, प्रमाण-पत्र जारी होने के समय जिसकी मृत्यु हो जाती है, तो ट्रस्ट किसी तरीके से जिसे वह सबसे उचित समझता है, प्रमाण-पत्र पर विद्यमान उस व्यक्ति के हस्ताक्षर को निरस्त कर सकता है और उस पर किसी अन्य प्राधिकृत व्यक्ति के हस्ताक्षर करवा सकता है। इस रूप में जारी यूनिट प्रमाण पत्र भी वैध होगा।

XX. प्रमाण-पत्र के कट-फट जाने, विरूपित हो खो जाने, आदि की स्थिति में प्रक्रिया :

(1) यदि कोई यूनिट प्रमाण-पत्र कट-फट जाता है या घिस-पिट या विरूपित हो जाता है तो ऐसे मामले में ट्रस्ट अपने विवेक के अनुसार हकदार व्यक्ति को एक नया यूनिट प्रमाणपत्र जारी कर सकता है जिसमें यूनिटों की वही संख्या हो जो कट-फट गए, घिस-पिट गए या विरूपित हो गए प्रमाणपत्र में हों। यूनिट प्रमाणपत्र के खो जाने, चोरी होने या नष्ट होने के मामले में, यूनिट ट्रस्ट अपने विवेकाधिकार पर, उसके बदले में हकदार

व्यक्ति को नया यूनिट प्रमाणपत्र जारी कर सकता है। कोई भी नया यूनिट प्रमाणपत्र तब तक जारी नहीं किया जाएगा जब तक आवेदक ने पहले ही—

(i) मूल यूनिट प्रमाणपत्र के कटे-फटे होने, फटा पुराना हो जाने, विरूपित होने, खो जाने, चोरी या नष्ट हो जाने के संतोषजनक साक्ष्य यूनिट ट्रस्ट को प्रस्तुत नहीं किए हों;

(ii) तथ्यों की जांच से संबंधित सभी खर्चों का भुगतान कर दिया हो;

(iii) (कटे-फटे जाने या फटा-पुराना हो जाने या विरूपित होने के मामले में) कटे-फटे, फटे-पुराने या विरूपित यूनिट प्रमाणपत्र प्रस्तुत और सुपुर्द नहीं कर दिया हो; तथा

(iv) यूनिट ट्रस्ट की अपेक्षानुसार उसे क्षतिपूर्ति प्रस्तुत नहीं कर दी हो। इस खण्ड के उपबंधों के अनुसार यूनिट ट्रस्ट सद्भावपूर्वक ऐसा प्रमाणपत्र जारी करने के लिए कोई देयता नहीं उठाएगा।

(2) इस खण्ड के उपबंधानुसार प्रमाणपत्र जारी करने के पहले ट्रस्ट यह अपेक्षा कर सकता है कि आवेदक यूनिट प्रमाणपत्र के लिए ट्रस्ट द्वारा निर्गत प्रति यूनिट प्रमाणपत्र के लिए पांच रुपये के शुल्क के साथ, जो ट्रस्ट की राय में कर और ऐसे प्रमाणपत्र के निर्गम और प्रेषण के संबंध में देय डाक पंजीकरण, प्रभार सहित अन्य खर्च पूरा करने के लिए पर्याप्त हो, का भुगतान करें। उपरोक्त के बावजूद, योजना के अंतर्गत यूनिटधारक ऐसे नियमों/दिशानिर्देशों/प्रक्रियाओं का पालन करे और ऐसे दस्तावेजों को निष्पादित करेगा जैसा ट्रस्ट द्वारा समय-समय पर प्रतिपादित/अपेक्षित होगा।

XXI. यूनिट धारकों की पंजी :

यूनिटधारकों के पंजीकरण के संबंध में निम्नलिखित उपबंध लागू होंगे :

(1) ट्रस्ट द्वारा यूनिटधारकों की पंजी रखी जाएगी और पंजी में निम्नलिखित दर्ज किए जाएंगे :

(क) यूनिटधारकों के नाम और पते;

(ख) हरेक ऐसे यूनिटधारकों द्वारा धारित यूनिटों की संख्या; और

(ग) वह तिथि जब ऐसा यूनिटधारक अपने नाम के यूनिटों का धारक हो गया।

(2) यूनिटधारक की ओर से उसके नाम और पते के परिवर्तन की सूचना ट्रस्ट को दी जाएगी। ट्रस्ट द्वारा ऐसे परिवर्तन से संतुष्ट होने पर और यथाअपेक्षित औपचारिकताएं पूरी करने पर तदनुसार पंजी में परिवर्तन करेगा।

(3) केवल पंजी बंदी को छोड़कर, इसमें इसके बाद अंतर्विष्ट उपबंधों के अनुसार कार्य समय के दौरान (यूनिट ट्रस्ट द्वारा यथानिर्णीत समुचित प्रतिबंधों के साथ प्रत्येक कार्य दिवस को न्यूनतम दो घंटे के लिए पंजी के निरीक्षण की अनुमति दी जाएगी) यूनिटधारक के निःशुल्क तथा उसके अपने निवेश के संबंध में निरीक्षण के लिए पंजी खुली रहेगी।

(4) यूनिट ट्रस्ट द्वारा समय-समय पर यथानिर्धारित समय और अवधि के लिए पंजी बंद रहेगी। परन्तु किसी भी वर्ष में वह 45 दिनों से अधिक समय के लिए बंद नहीं रहेगी। यूनिट ट्रस्ट समाचारपत्रों में या अन्य माध्यम से विज्ञापन द्वारा ऐसी बंदी की सूचना देगा।

(5) यूनिटधारक के सिवाय किसी व्यक्ति के किसी यूनिट से संबंधित कोई स्पष्ट निहित और रचनात्मक सूचना और कोई ग्रहणाधिकार पंजी में दर्ज नहीं किया जाएगा।

XXII. यूनिटधारक द्वारा रसीद - ट्रस्ट के प्रति उन्मोचन :

यूनिटधारक द्वारा प्रदत्त राशि के लिए जारी यूनिट प्रमाणपत्र के यूनिटों के संबंध में उसके द्वारा दी गई रसीद ट्रस्ट के प्रति अच्छा उन्मोचन होगा।

XXIII. यूनिटों का अंतरण/गिरवी रखना/समनुदेशन :

निम्नलिखित शर्तों के अधीन यूनिटों के अंतरण/गिरवी रखने/समनुदेशन के लिए अनुमति दी जाएगी :

(1) प्रत्येक यूनिटधारक को उसके द्वारा धारित यूनिटों अथवा कुछ यूनिटों का अंतरण करने का हक होगा और यह ट्रस्ट के अध्यक्ष द्वारा अनुमोदित फार्म पर लिखित रूप में लिखत द्वारा किया जाएगा। परन्तु यदि ऐसे पंजीकरण से अंतरणकर्ता या अंतरिती ऐसे यूनिटों के धारक बनते हैं जहां योजना में निवेश दस लाख रुपये (अंकित मूल्य) से कम है तो अंतरण पंजीकृत नहीं किया जाएगा।

परन्तु यह केवल खण्ड 4 में उल्लिखित श्रेणियों के व्यक्तियों को छोड़कर, किसी अन्य को अंतरण नहीं किया जाएगा।

(2) अंतरण की प्रत्येक लिखत अंतरणकर्ता और अंतरिती द्वारा हस्ताक्षरित होगी और अंतरणकर्ता उस समय तक अंतरित यूनिटों का धारक होगा जब तक कि रजिस्टर में अंतरिती के नाम की प्रविष्टि नहीं हो जाती।

(3) अंतरण की प्रत्येक लिखत संबंधित यूनिट प्रमाणपत्रों के साथ यूनिट ट्रस्ट की किसी भी शाखा में प्रस्तुत किए जा सकते हैं।

(4) अंतरण की प्रत्येक लिखत विधिवत रूप से स्टाम्प की जाएगी (यदि विधि के अंतर्गत स्टाम्प करना आवश्यक हो) और उसे ट्रस्ट को पंजीकरण के लिए संबंधित यूनिट प्रमाणपत्र या प्रमाणपत्रों के साथ दिया जाएगा और अंतरणकर्ता के हक के संबंध में अथवा यूनिटों का अंतरण करने के उसके अधिकार या प्रमाणपत्रों के संबंध में ट्रस्ट जैसा साक्ष्य चाहेगा, उसे भी प्रस्तुत करना होगा। ट्रस्ट ऐसे यूनिट प्रमाणपत्रों को प्रस्तुत करने में छूट दे सकता है जो खो गए हों, चुरा लिए गए हों अथवा नष्ट हो गए हों। इसके लिए अंतरणकर्ता को उन अपेक्षाओं को पूरा करना होगा जो उनके

स्थान पर जारी करने हेतु उसके द्वारा किए गए आवेदन पर उत्पन्न हुई होगी।

(5) यदि अंतरिती विधि के परिचालन से या अधिकारिक क्षमता के कारण यूनिटों का धारक बन जाता है तो इच्छुक अंतरिती यूनिटों के धारण के लिए अन्यथा पात्र होने पर ऐसे साक्ष्य के प्रस्तुतीकरण, जिसे ट्रस्ट पर्याप्त समझे, के अधीन ट्रस्ट अंतरण को लागू करेगा।

(6) जब यूनिट अधिकारिक नाम से जारी किए जाते हैं तो वे कार्यालय के प्रत्येक धारक से कार्यालय में इसके उत्तराधिकारी धारक के नाम बिना किसी अंतरण लिखत के अंतरित माने जाएंगे, और यह अंतरण उस तिथि को या उस तिथि से होगा जब दूसरा धारक कार्यालय का कार्यभार ग्रहण करता है।

(7) जब कार्यालय का धारक इस प्रकार से धारित यूनिटों का अंतरण ऐसे व्यक्ति के नाम करता है जो कार्यालय में उसका उत्तराधिकारी न हो, तो अंतरण लिखत द्वारा अंतरण किया जाएगा, जो कार्यालय के धारक द्वारा हस्ताक्षरित होगा और उस पर कार्यालय का नाम होगा।

(8) अंतरण के सभी लिखत, जो पंजीकृत हो सकते हैं, ट्रस्ट द्वारा प्रक्रिया संबंधी और परिचालनगत आवश्यकताओं के पूरी करने तक रखे जाएंगे।

(9) ट्रस्ट अंतरिती संबंधी ब्यौरों को यूनिट प्रमाणपत्र के पीछे इस प्रयोजन के लिए दी गई जगह पर पृष्ठांकन करेगा।

(10) इसमें ऊपर उल्लिखित प्रावधानों के अधीन ट्रस्ट प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने के 30 दिनों के भीतर अंतरण का पंजीकरण करेगा और अंतरिती को प्रमाणपत्र और अंतरण संबंधी लिखत वापस करेगा।

XXIV. आवेदन और अंतरण फार्म पर अटार्नी द्वारा हस्ताक्षर :

यदि मुख्तारनामा पहले से ही ट्रस्ट की बहियों में पंजीकृत नहीं हो और यदि किसी आवेदन पत्र या अंतरण पत्र पर मुख्तारनामा रखने वाला कोई व्यक्ति जिसे ऐसा करने का अधिकार दिया गया हो, हस्ताक्षर करे, तो मूल मुख्तारनामा या उसकी, विधिवत् नोटरीकृत प्रमाणित प्रतिलिपि आवेदन पत्र या अंतरण पत्र के साथ जैसा भी मामला हो प्रस्तुत करनी चाहिए।

XXV. आय वितरण की दर :

ट्रस्ट सभी पांच वर्षों के लिए 12.75% प्र० व० की दर पर आश्वासित भुगतान करने का प्रस्ताव रखता है। आश्वासित भुगतान के मामले में कमी होने पर उसकी प्रतिपूर्ति विकास प्रारक्षित निधि से की जाएगी। पहले वर्ष के लिए आय की गणना स्वीकृत तिथि पर निर्भर करते हुए दैनिक आधार पर की जाएगी और उसे जुलाई 1998 में अदा किया जाएगा। उसके बाद के वर्षों के लिए आय वितरण प्रति वर्ष जुलाई में अदा किया जाएगा और शेष अवधि 1 जुलाई, 2002 से 31 जनवरी, 2003 तक का आय वितरण जनवरी 2003 में अदा किया जाएगा।

XXVI. यूनिटधारकों को भुगतान :

(1) ट्रस्ट योजना के सभी पांच वर्षों के लिए 12.75% प्र० व० की दर पर आय अदा करेगा। पहले वर्ष के लिए लाभांश जुलाई 1998 में समानुपातिक आधार पर देय होगा। उसके बाद के वर्षों के लिए आय प्रतिवर्ष जुलाई में अदा किया जाएगा और जुलाई 2002 से जनवरी 2003 तक की शेष अवधि के लिए आय जनवरी 2003 में अदा किया जाएगा। आय वितरण वारंटों को, जिस वर्ष में आय देय हो, उसके समाप्त होने के 42 दिनों के भीतर प्रेषित किया जाएगा।

कम मार्केटिंग तथा सेवा प्रभार और निवेश उद्देश्य और योजना की प्रचलित नीतियों तथा लिखतों से अनुमानित लाभ, जिनमें प्लान की निधियों का निवेश किया जाएगा, के आधार पर योजना सभी पांच वर्षों के लिए 12.75% की दर से आश्वासित प्रतिलाभ अदा करने के लिए पर्याप्त आय उत्पन्न कर सकेगी।

योजना के अंतर्गत 12.75% प्र० व० की दर पर प्रतिलाभ का औचित्य :

मान लीजिए योजना में 100 करोड़ रुपये एकत्रित होते हैं। आरंभिक व्यय 0.5% है और ये तीन वर्ष की अवधि के दौरान अपलिखित किए जाते हैं (क्योंकि पुनर्खरीद तीन वर्ष पश्चात् शुरू होती है)। पहले वर्ष में उपलब्ध निवेश योग्य निधि 99.5 करोड़ रुपए होगी।

फंड ऋण लिखतों में 75%, एमएमआई में 5% एवं इक्विटी में 20% निवेश करेगी। योजना ऐसे डिबेंचर बाण्ड में निवेश करेगी जिसका जोखिम तत्व न्यून से मध्यम हो। इन लिखतों के वाईटीएम 12.90% से 16.40% की सीमा में हैं। इसका अर्थ है कि ऋण लिखतों की औसत भारित आय 13.92% होगी।

एमएमआई की वार्षिक प्राप्ति करीब 6% होगी।

लिखतें	पोर्टफोलियो का प्रतिशत	निवेश योग्य निधि	आय %
डिबेंचर	75	74.625	13.92
इक्विटी	20	19.90	15.00
एमएमआई	5	4.975	6.00

पोर्टफोलियो पर औसत भारित आय =

$$\frac{74.625^{*}\ 13.92+19.00^{*}\ 15+4.975^{*}}{100.00} = 13.66\%$$

वार्षिक व्यय एवं प्रावधान को 0.75% लेते हुए, वितरण के लिए प्राप्त आय 12.91% होगी। वार्षिक देय के अनुसार यह 12.75% प्र०व० की दर से आय भुगतान के लिए पर्याप्त होगी।

उपर्युक्त उदाहरणस्वरूप है तथा योजना के प्रारंभ होने के समय बाजार की परिस्थितियों पर आधारित है।

(2) यूनिटों के संबंध में जिसका वह धारक है ट्रस्ट द्वारा घोषित कोई आय प्राप्त कर धारण करना यूनिट धारक के लिए वैध होगा, भले ही उसके द्वारा किसी प्रतिफल हेतु यूनिट अंतरित कर दिए गए हों तथापि जब तक अंतरिती जो अंतरणकर्ता से आय का दावा करता है, आय के देय होने के 15 दिनों के भीतर प्रमाणपत्र और अंतरण से संबंधित अन्य सभी दस्तावेज, जो प्रावधानों के अंतर्गत या अन्य रूप से उसके लाभ में पंजीकृत करने के लिए ट्रस्ट द्वारा मांगे जाएं, उन्हें प्रस्तुत नहीं कर देगा।

स्पष्टीकरण : इस उप-खण्ड में निर्दिष्ट अवधि निम्नलिखित मामलों में विस्तारित की जाएगी :—

(i) अंतरण विलेख के चोरी होने या अंतरकर्ता के नियंत्रण के बाहर की परिस्थिति में या अन्य किसी कारण से खो जाने की स्थिति में उसके स्थान पर दूसरा प्राप्त करने में व्यतीत हुई वास्तविक अवधि के लिए और

(ii) कोई प्रमाणपत्र दाखिल करने में हुए विलम्ब और अंतरण के संबंध में अन्य दस्तावेजों को डाक द्वारा देरी से पहुंचने के संबंध में हुए विलम्ब की वास्तविक अवधि के लिए।

(3) इसमें ऊपर उल्लिखित किसी भी बात के होने के बावजूद ऐसी यूनिटों के संबंध में, जिसका वह धारक है, यूनिटधारक को देय किसी भी आय का भुगतान करने का ट्रस्ट का अधिकार प्रभावित नहीं होगा।

(4) यूनिटधारकों में वितरित की जाने वाली ऐसी आय पर ट्रस्ट द्वारा कोई भी ब्याज देय नहीं होगा। तथापि, ट्रस्ट योजना के अंतर्गत स्थापित प्रारक्षित निधि पर निर्भर करते हुए और उचित परिस्थितियों के होने पर यूनिटधारक द्वारा आय के किसी विलम्ब पर किए दावे पर जैसा कार्यकारिणी समिति द्वारा अनुमोदित किया जाएगा उस रूप में और रीति से यूनिटधारक को मुआवजा देगा।

(5) यूनिटधारक में वितरित की जाने वाली आय चेक या यूनिट ट्रस्ट के बैंकरों के नाम आहरित वारंट या यूनिटधारक के विकल्प पर, बैंक ड्राफ्ट द्वारा अदा किया जाएगा। उक्त बैंक ड्राफ्ट के प्रभार यूनिटधारक द्वारा वहन किए जाएंगे।

आय वितरण वारंटों के खो जाने/गलत स्थान पर पहुंचने के कारण उनके संभावित कपटपूर्ण नकदीकरण के विरुद्ध सावधानी के तौर पर आवेदकों से अनुरोध किया जाता है कि वे रिकार्ड के लिए आवेदन फार्म में उपयुक्त स्थान पर तथा पावती रसीद वाले भाग पर अपने बैंक खाते का पूरा विवरण (अर्थात् खाते का प्रकार एवं खाता संख्या, बैंक का नाम) दें। तब आय वितरण वारंट इस प्रकार से निर्दिष्ट किए गए उनके खाते में जमा करने के लिए बैंक के पक्ष में तैयार कर उन्हें भेजे जाएंगे। यूनिटधारक कथित बैंक में अपने खाते में जमा करने हेतु उस आय वितरण वारंट को प्रस्तुत कर सकते हैं। यदि बैंक संबंधी पूरा विवरण नहीं दिया जाता है तो आय वितरण वारंट यूनिटधारक के नाम जारी किए जाएंगे।

XXVII. आय वितरण का और यूनिटों में पुनर्निवेश :

यूनिटों के लिए आवेदन करते समय या उसके बाद यूनिटधारक को यूनिटों के संबंध में प्राप्त होने वाली आय को और यूनिटों में पुनर्निवेश करने का विकल्प होगा। ऐसे विकल्प का प्रयोग करने की स्थिति में वितरित की जाने वाली पूर्ण आय खण्ड XXVI में दी गई रीति से यूनिटधारक को अदा करते जाने के बजाए, कर कटौती के बाद, यदि कोई हो, यूनिट ट्रस्ट द्वारा उसी वर्ष जुलाई के पहले सप्ताह में प्रचलित एन० ए० वी० आधारित मूल्य पर किसी बिक्री भार के बिना और यूनिटों में पुनर्निवेशित की जाएगी। वितरण योग्य लाभांश, कर कटौती, यदि कोई हो, और उनके बदले आबंटित यूनिटों के ब्यौरे सहित एक विवरणी यूनिटधारक को भेजी जाएगी। इस तरह आबंटित यूनिटों के संबंध में किसी भी यूनिटधारक को यूनिट प्रमाणपत्र जारी करने की मांग करने का हक नहीं होगा। यूनिटधारक जिसने पूर्वोक्तानुसार पुनर्निवेश सुविधा का विकल्प चुना हो, उसके द्वारा लिखित आवेदन तथा अन्तिम जारी विवरणी को अभ्यर्पित करने पर पुनर्खरीद की अनुमति प्रदान करने वाले खण्ड की शर्तों के अनुसार उसे उक्त समय पुनर्खरीद मूल्य पर यूनिटों की पुनर्खरीद की अनुमति दी जा सकती है। जिन यूनिटधारकों ने पुनर्निवेशित यूनिटों की पुनर्खरीद की हो, वे उत्तरवर्ती वर्षों के लिए वितरण योग्य आय के संबंध में पुनर्निवेश सुविधा का लाभ उठा सकते हैं। उस खण्ड के अन्तर्गत पुनर्निवेश सुविधा के अधीन आबंटित यूनिट न्यूनतम धारण, पुनर्खरीद और अन्य मामलों के संदर्भ में नियन्त्रित करने वाली शर्तों और प्रतिबंधों के अधीन नहीं होंगे।

XXVIII. विकास प्रारक्षित निधि (डीआर एफ) में अंशदान :

प्रत्येक वर्ष साप्ताहिक औसत शुद्ध आस्ति मूल्य का 0.25% ट्रस्ट के डी०आर०एफ० में अंशदान के रूप में रखा जाएगा। डी०आर०एफ० अंशदान आवर्ती व्यय का अंश होगा।

ट्रस्ट ने इस निधि की स्थापना एक सामान्य निधि के रूप में 1983-84 में की थी ताकि ट्रस्ट नई योजनाओं को लागू करने के संबंध में अनुसंधान एवं विकास कार्यों को करने, नई पद्धतियों और प्रक्रियाओं का अवधारणा के स्तर पर प्रवर्तन करने तथा उत्पादन एवं विकास से संबंधित ऐसे बहुत से अन्य कार्यों जो किसी विशेष योजना से जुड़े अथवा संबंधित न हों, पर होने वाले व्ययों को पूरा कर सके। इस निधि का उपयोग आर्थिक और पूंजी बाजार अनुसंधान, प्रबंधन और व्यावसायिक प्रशिक्षण, ट्रस्ट के लिए सर्वेक्षण एवं बाजार अनुसंधान मार्केटिंग और कार्पोरेट के छवि निर्माण संबंधी ऐसे प्रयासों जो किसी विशेष योजना से जुड़े हुए न हों तथा मानव संसाधन विकास संबंधी प्रयासों जिनका दीर्घकालिक प्रभाव हो और जो ट्रस्ट के भविष्य के कार्यकलापों से संबंधित हों, तथा ट्रस्ट की किसी भी योजनाओं में आश्वासित प्रतिलाभ की दर में कमी होने की दशा में भुगतान करने के लिए भी किया जा सकता है।

XXIX. कर्मचारी कल्याण ट्रस्ट में अंशदान :

प्रत्येक वर्ष साप्ताहिक औसत शुद्ध आस्ति मूल्य का 0.10% कर्मचारी कल्याण ट्रस्ट में अंशदान के रूप में रखा जाएगा ।

ट्रस्ट ने कर्मचारी कल्याण ट्रस्ट की स्थापना अपने कर्मचारियों के कल्याण के लिए की है जिसमें विपत्ति में सहायता, चिकित्सा सहायता, स्वास्थ्य सहायता अथवा इसी प्रकार के अन्य प्रयोजन शामिल हैं ।

XXX. योजना के प्रयोजनार्थ ट्रस्टों को स्वीकृति और मान्यता नहीं दिया जाना :

जो व्यक्ति यूनिटधारक के रूप में पंजीकृत है और जिसके नाम से यूनिट प्रमाण-पत्र जारी किया गया है, वही व्यक्ति ट्रस्ट द्वारा यूनिटधारक के रूप में मान्य होगा और चूंकि ऐसे यूनिटों में उसका अधिकार, हक और हित है, इसलिए ट्रस्ट ऐसे सदस्य को उसके पूर्ण स्वामी के रूप में मान्यता देगा और किसी विपरीत नोटिस से या न्यास निष्पादन का नोटिस से उस बात को छोड़कर जैसा इसमें स्पष्ट रूप से कहा गया हो या सक्षम अधिकारिता वाले न्यायालय द्वारा आदेश दिया गया हो कि इस योजना से संबंधित यूनिटों के हक को प्रभावित करने वाले किसी न्यास या इक्विटी या अन्य हित को मान्यता दी जाए, बाध्य नहीं होगा ।

XXXI. लेखों का प्रकाशन :

ट्रस्ट जितनी जल्दी हो सके, किंतु प्रत्येक वर्ष 30 जून से 6 महीनों के भीतर, सेबी द्वारा विनिर्दिष्ट रीति से उस तिथि को समाप्त अवधि के दौरान योजना के कार्यों को दर्शाते हुए विज्ञापन द्वारा लेखों का प्रकाशन करेगा । ट्रस्ट से अर्धवार्षिक अवसान अर्थात् 31 दिसम्बर से दो महीनों की समाप्ति से पहले गैर लेखा परीक्षित वित्तीय परिणामों का प्रकाशन करेगा । ट्रस्ट सेबी और अन्यों को विधिवत रूप से लेखा परीक्षित तुलनपत्र सहित वार्षिक लेखों की प्रतियां और राजस्व लेखों तथा अपरीक्षित अर्ध वार्षिक लेखों और एन०ए०वी० में हुए उतार-चढ़ाव का तिमाही विवरण और पिछली अवधियों में हुए परिवर्तनों सहित तिमाही पोर्टफोलियो विवरण भेजेगा । ट्रस्ट निवेशकों को वह जानकारी देगा जो उनके निवेश पर प्रतिकूल प्रभाव हो सकती है और इसलिए उन्हें सूचित किया जाना आवश्यक हो ।

ट्रस्ट, यूनिटधारक से लिखित रूप में अनुरोध प्राप्त होने पर उसे प्रकाशित लेखों और विवरणों की एक प्रति भेजेगा ।

XXXII. योजना में परिवर्धन और संशोधन :

बोर्ड समय-समय पर इस योजना में परिवर्धन या अन्यथा संशोधन कर सकता है और उसमें किए गए परिवर्धन/संशोधन को सरकारी राजपत्र में अधिसूचित किया जाएगा । किसी संशोधन के मामले में सेबी का पूर्व अनुमोदन लिया जाएगा । जब योजना की मूल विशेषताओं या देय शुल्क या प्रभारों में या अन्य कोई ऐसा परिवर्तन किया जाना हो जिससे योजना परिवर्तित हो जाए या सदस्यों के हितों पर प्रभाव पड़े तो ऐसे परिवर्तन करने के लिए कम से कम तीन चौथाई यूनिटधारकों की सहमति ली जानी चाहिए :

परन्तु यह कि तब तक ऐसा कोई परिवर्तन न किया जाए जब तक तीन चौथाई सदस्यों ने अपनी सहमति न दे दी हो और जो अपनी सहमति न दें उन्हें योजना से अपनी धारिताएं मोचन करने की अनुमति हो ।

व्याख्या : इस खण्ड के प्रयोजन के लिए "मूल विशेषताओं" का अर्थ है निवेश उद्देश्य और योजना की शर्तें ।

XXXIII. योजना की समाप्ति

(क) योजना पूर्ण रूप से 31 जनवरी, 2003 को समाप्त हो जाएगी । यूनिटधारकों के बकाया यूनिटों की पुनर्खरीद की जाएगी और यूनिटधारक को उनके यूनिटों के मूल्य की अदायगी उक्त अवधि के दौरान अंतिम पुन खरीद के लिए निर्धारित पुनर्खरीद मूल्य पर की जाएगी ।

निर्धारित पुनर्खरीद मूल्य की प्राप्ति के बाद की किसी अवधि के लिए पुनर्खरीद मूल्य में वृद्धि या लाभांश के रूप में किसी प्रकार का कोई अतिरिक्त लाभ उपचित नहीं होगा । फिर भी, ट्रस्ट लिखित रूप से सेबी की पूर्व अनुमति से इस योजना को 5 वर्षों से आगे बढ़ाने का अधिकार सुरक्षित रखता है । ऐसी स्थिति में यूनिटधारकों को विकल्प दिया जाएगा कि या तो वे यूनिटों को वापस ट्रस्ट को बेच दें अथवा इस योजना में बने रहें । ट्रस्ट द्वारा निवेशक को यह विकल्प भी दिया जा सकता है कि वह पुनर्खरीद की राशि को आरंभ की गई अथवा उस समय परिचालन में रहने वाली किसी भी योजना में परिवर्तित कर सके ।

(ख) ट्रस्ट योजना को निम्नलिखित परिस्थितियों में समाप्त कर सकता है :

(i) योजना के पांच वर्ष पूरे होने पर अर्थात् 31 जनवरी, 2003 को अथवा आगे ऐसी तारीख की समाप्ति पर जो ट्रस्ट द्वारा यथानिर्धारित हो ।

(ii) कोई ऐसी घटना घटित होने पर और जिससे ट्रस्ट की राय में योजना की समाप्ति आवश्यक हो, या

(iii) योजना के 75 % यूनिटधारक द्वारा योजना को समाप्त करने का संकल्प पारित करने पर, या

(iv) यूनिटधारकों के हित में सेबी ऐसा करने के लिए निदेश दे ।

(ग) जहां उपर्युक्त उप खण्ड (ख) के अधीन योजना की समाप्ति की जाती है तो ट्रस्ट को योजना को समाप्त करने की परिस्थितियों की सूचना सेबी को और अखिल भारतीय स्तर पर परिचालित होने वाले दो दैनिक समाचार पत्रों में और मुम्बई में एक स्थानीय भाषा के समाचार पत्र में समापन प्रभावी होने के एक सप्ताह पहले देनी होगी ।

(घ) योजना की समाप्ति संबंधी विज्ञापन की तिथि को और उस तिथि से तुरन्त—

(i) इस योजना से संबंधित कोई भी व्यावसायिक क्रियाकलाप नहीं करेगा ।

(ii) इस योजना के अन्तर्गत यूनिटों को निर्मित और रद्द करना बंद करेगा ।

(iii) इस योजना में यूनिटों को जारी करना और यूनिटों का प्रतिदान भी बंद करेगा ।

(ङ) न्यासी मंडल यूनिटधारकों की एक बैठक बुलाएगा । जिसमें उपस्थित सदस्यों द्वारा विचार किया जाएगा तथा साधारण बहुमत से आवश्यक संकल्प पारित किया जाएगा और मतदान द्वारा न्यासियों अथवा किसी अन्य व्यक्ति को योजना की समाप्ति हेतु कदम उठाने के लिए प्राधिकृत किया जाएगा ।

(च) (1) न्यासी मंडल योजना से संबंधित आस्तियों को योजना के यूनिट धारकों के सर्वोत्तम हित में निपटाएगा ।

(2) ऊपर दिए गए उप खण्ड (च) (1) के अनुसार की गई बिक्री की राशि को सर्वप्रथम, योजना के अंतर्गत ऐसी देयताओं के उन्मोचन के लिए उपयोग किया जाएगा जो योजना के अंतर्गत उचित रूप से देय हों और ऐसी समाप्ति से संबंधित व्ययों को चुकाने के लिए उचित प्रावधान करने के बाद समाप्ति का निर्णय ले. की तिथि को योजना की आस्तियों में यूनिट धारकों के हित के समानुपात में उन्हें शेष राशि का भुगतान किया जाएगा ।

(छ) समाप्ति पूरी होने पर, ट्रस्ट सेबी और यूनिट धारकों को समाप्ति के बारे में एक रिपोर्ट प्रेषित करेगा जिसमें ऐसी परिस्थितियां जिनके कारण योजना समाप्त की गई, योजना की समाप्ति के पूर्व आस्तियों के निपटान के लिए उठाए गए कदम, समाप्ति के लिए किया गया व्यय, यूनिटधारकों को वितरण के लिए उपलब्ध शुद्ध आस्तियां और योजना के लेखा परीक्षकों से प्राप्त एक प्रमाण पत्र होगा ।

(ज) इसमें ऊपर दी गई किसी भी बात के बावजूद, सेबी (म्यूचुअल फण्ड) विनियम 1993 के प्रावधान, अर्धवार्षिक रिपोर्ट और वार्षिक रिपोर्ट के प्रकटीकरण के लिए लागू रहेंगे ।

(झ) खण्ड 33 (छ) में संदर्भित रिपोर्ट प्राप्त करने के बाद यदि सेबी संतुष्ट हो जाती है कि योजना समाप्त करने की सारी कार्यवाही पूरी हो गयी है, तो योजना समाप्त हो जाएगी ।

(ञ) ट्रस्ट द्वारा यथाशीघ्र विधिवत रूप से भरे हुए पुनर्खरीद फार्म के साथ यूनिट प्रमाणपत्र प्राप्त होने पर और अन्य प्रक्रिया और परिचालन संबंधी औपचारिकताएं पूरी करने पर पुनर्खरीद मूल्य का भुगतान किया जाएगा । पुनर्खरीद के लिए प्राप्त यूनिट प्रमाणपत्र और अन्य फार्म, यदि कोई हों, ट्रस्ट द्वारा रखरखाव के लिए रख लिए जाएंगे ।

34. यूनिटधारकों को लाभ :

योजना की समाप्ति के समय पूंजी, आरक्षित निधि और अधिशेष के संबंध में योजना में उपचित सभी लाभ केवल उन्हीं यूनिटधारकों को प्राप्त होंगे जो योजना की समाप्ति तक पूरी अवधि के लिए यूनिट के धारक रहे हों ।

35. उपबंधों के अर्थ निर्धारण का अधिकार :

योजना के किसी भी उपबंध की व्याख्या में कोई सन्देह उत्पन्न होने पर केवल अध्यक्ष और यदि उस समय कोई अध्यक्ष नियुक्त न हो, तो कार्यपालक न्यासी को योजना के अर्थ निर्धारण का अधिकार होगा । ऐसा अर्थ किसी भी रूप में प्रतिकूल प्रभाव डालनेवाला या योजना की मूल संरचना के विपरीत नहीं होगा तथा ऐसा निर्णय निश्चायक, बाध्यकारी और अंतिम होगा ।

36. उपबंधों में ढील :

केवल अध्यक्ष और यदि कोई अध्यक्ष नियुक्त न हो तो ट्रस्ट का कार्यपालक न्यासी कठिनाइयों को कम करने के उद्देश्य से या योजना के निर्बाध और सहज संचालन के लिए योजना के किसी भी उपबन्ध में ढील दे सकता है । ऐसी कोई ढील खण्ड 32 के विपरीत तथा विभेदक नहीं होगी तथा सभी यूनिटधारकों पर समान रूप से लागू होगी ।

पेशकश दस्तावेज के प्रावधान में कोई भी परिवर्तन सेबी के पूर्व अनुमोदन के बाद एवं विनियमों की शर्तों के अनुसार ही किया जाएगा ।

37. योजना यूनिटधारकों के लिए बाध्यकारी होना :

इस योजना की शर्तों के साथ समय-समय पर इनमें किए गए संशोधन और परिवर्तन प्रत्येक यूनिटधारक और उसके माध्यम से दावा करने वाले हरेक अन्य व्यक्ति के लिए इस प्रकार बाध्यकारी होंगे, मानो वह योजना के उपबंधों में अंतर्विष्ट किसी विपरीत बात के बावजूद ऐसा करने के लिए बाध्य हो ।

प्लान के सदस्यों का अनुमोदन निम्नलिखित परिस्थितियों में मांगा जाएगा :—

(1) सदस्यों के हित में जब कभी सेबी द्वारा ऐसा किया जाना अपेक्षित हो, या

(2) प्लान के तीन-चौथाई सदस्यों द्वारा जब कभी मांग करने पर ऐसा किया जाना आवश्यक हो

(3) जब न्यासियों ने बहुमत से समाप्त करने का निर्णय लिया हो या यूनिटों का समयपूर्व प्रतिदान किया जाए; या

(4) जब कोई परिवर्तन योजना के खण्ड 32 में उल्लिखित मूलभूत विशिष्टताओं में या शुल्क और देय व्यय में किया जाना हो या अन्य कोई परिवर्तन जिससे प्लान संशोधित होता हो या सदस्यों का हित प्रभावित होता हो, तो ऐसा प्रस्तावित परिवर्तन तब तक न किया जाए जब तक तीन-चौथाई सदस्यों की सहमति न ले ली जाए ।

यूनिटधारकों के अधिकार :—

1. योजना के अधीन यूनिटधारक को योजना की आस्तियों के लाभकारी स्वामित्व तथा योजना द्वारा अर्जित आय में समानुपातिक अधिकार है ।

2. यूनिटधारक को न्यासियों से ऐसी कोई भी जानकारी प्राप्त करने का अधिकार है जो उसके निवेश पर प्रतिकूल प्रभाव डालती हो तथा यूनिटधारक को ऐसी जानकारी देने के लिए न्यासी बाध्य होंगे ।

3. यूनिटधारक को "निरीक्षण के लिए उपलब्ध दस्तावेज" शीर्षक के अंतर्गत सूचीबद्ध किए गए सभी दस्तावेजों का निरीक्षण करने का अधिकार है।

4. आय की घोषणा किए जाने के 42 दिनों के भीतर यूनिटधारक आय वारन्ट को प्रेषित किए जाने के हकदार हैं।

5. "यूनिटों का अंतरण/गिरवी रखना/समनुदेशन" पर खण्ड 23 में दी गई शर्तों के अधीन, ट्रस्ट अंतरण को पंजीकृत करेगा और यूनिट प्रमाणपत्र दाखिल करने की तिथि से 30 दिनों के भीतर अंतरिती को यूनिट प्रमाणपत्रों के साथ अंतरण संबंधी लिखत वापस करेगा।

कर मार्गदर्शक :

कर छूट

प्रचलित आयकर अधिनियम के अंतर्गत उन मामलों में जहां पर निवेश करनेवाली संस्थाएं निम्नलिखित हैं :—

(1) धर्मार्थ और धर्मादा न्यास :—

धर्मार्थ और धर्मादा न्यास की आय किसी भी वर्ष में आयकर से पूरी तरह मुक्त होगी यदि जिस वर्ष आय अर्जित की गई हो उसी वर्ष उसका 75% ट्रस्ट के किसी भी उद्देश्य के लिए खर्च किया गया हो (आयकर अधिनियम की धारा 11)। इस प्रकार धर्मार्थ और धर्मादा न्यास वर्ष की आय का 25% को भविष्य के वर्षों में धर्मार्थ और धार्मिक उद्देश्यों पर खर्च करने के लिए अलग रख सकते हैं और आय कर से बच सकते हैं। यदि इस प्रकार अलग रखी गई आय उस वर्ष की आय के 25% से अधिक हो तो उस पर आय कर लगेगा। ऐसी अधिक आय, आय कर से मुक्त होगी, यदि उसका आयकर अधिनियम की धारा 11 (2) (ख) में उल्लिखित "स्वीकृत प्रतिभूतियों" में निवेश किया गया हो। यू टी आई के यूनिट स्वीकृत प्रतिभूतियों में से एक हैं। कोई धर्मार्थ और धर्मादा न्यास जो कि अपनी अतिरिक्त निधियों का यूनिटों में निवेश करता है, आयकर से छूट के योग्य होगा।

आयकर अधिनियम की धारा 13 के अनुसार, आयकर अधिनियम की धारा 11 के अंतर्गत कर में छूट के लिए योग्य एक शर्त यह है कि ट्रस्ट के धन और अन्य निधि का स्वीकृत प्रतिभूतियों में निवेश करना चाहिए। यूटीआई की यूनिटें स्वीकृत प्रतिभूतियों में से एक है।

(2) धारा 23एए में दर्शायी गयी कोई भी संगठित निधि/अन्य संस्थाएं : ये प्रचलित कर विधि के अनुसरण में होगी।

स्रोत पर कोई कर कटौती नहीं होगी

आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 11 अथवा 12 अथवा 10(22) अथवा 10(22ए) अथवा 10(23) अथवा 10 (23एए) या 10(23सी) के अन्तर्गत आने वाली संस्थाओं द्वारा आवेदन पत्र में उपलब्ध कराए गए प्रारूप में घोषणा किए जाने के आधार पर उनसे स्रोत पर कर की कटौती नहीं की जाएगी।

उपर्युक्त को छोड़कर अन्य संस्थाओं के मामले में स्रोत पर कर कटौती प्रचलित कर विधि के अनुसार होगी।

धन कर : वित्तीय आस्तियां जैसे शेयर और भारतीय यूनिट ट्रस्ट और अन्य म्यूचुअल फंडों के यूनिट धन कर देयता से मुक्त हैं।

टिप्पणी: सांविधिक निगमों जैसे आईडीबीआई और ऐसी ही अन्य संस्थाओं के संबंध में आयकर अधिनियम और धन कर अधिनियम के अन्तर्गत कर लाभ/छूट, अन्य बातों के साथ साथ उन्हें संचालित करने वाले विशेष अधिनियमों, यदि कोई हो, के प्रावधानों के अनुसरण में, संचालित होगी।

इस योजना के अंतर्गत निवेश में से होने वाले कोई भी दीर्घावधि पूंजीगत अभिलाभ, आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 48 और 112 में दिए गए निर्देशों के अधीन होगा।

धारा 54ईए के अंतर्गत पूंजी अभिलाभ कर छूट

दीर्घावधि पूंजीगत आस्तियों के अंतरण से प्राप्त होने वाली संपूर्ण या आंशिक शुद्ध राशि का आईआईएसएफयूएस '97 (2) में किया गया निवेश, आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 54ईए के अंतर्गत पूंजीगत अभिलाभ कर से छूट के लिए पात्र होगा बशर्ते पुनर्खरीद/अंतरण/गिरवी, आवेदन की स्वीकृति पर तीन वर्षों बाद ही की/किया/रखा जाए।

आयकर धनकर/उपहार कर/पूंजीगत अभिलाभ कर, से संबंधित प्रकटीकरण प्रचलित आयकर अधिनियम के अनुरूप होगा।

अभिरक्षक

भारतीय स्टाक धारिता निगम के साथ 17 जनवरी 1994 को हुए करार के अनुसार हमारी सभी योजनाओं और प्लानों का अभिरक्षक भारतीय स्टाक धारिता निगम है जिसका कार्यालय मित्तल कोर्ट, बी विंग, नरीमन पाईंट, बम्बई-400021 में स्थित है।

अभिरक्षकों से यह अपेक्षा है कि वे ट्रस्ट की योजनाओं/फंडों/प्लानों की सभी संपत्तियों की सुपुर्दगी लें और उन्हें अपनी अभिरक्षा में रखें। अभिरक्षक प्रतिभूतियों की सुपुर्दगी केवल ट्रस्ट के अनुदेशों के अनुसार और प्रतिफल प्राप्त करने पर ही करेंगे। जब तक ट्रस्ट द्वारा अन्यथा निर्देश न दिया गया हो, अभिरक्षक, एजेंट के रूप में उसके द्वारा धारित प्रतिभूतियों, अन्य आस्तियों की बिक्री, खरीद, अंतरण एवं अन्य लेन-देन से संबंधित अभिरक्षा संबंधी सामान्य कार्यों का पालन करने के लिए सभी गैर विवेकाधीन एवं प्रक्रियात्मक ब्यौरों के लिए सामान्यतया प्राधिकृत होगा। अभिरक्षक सभी सूचनाएं रिपोर्ट अथवा ट्रस्ट की योजनाओं/फंडों/प्लानों से संबंधित प्रतिभूतियों के वास्तविक रूप से सत्यापन एवं मिलान और लेखा परीक्षा के प्रयोजन हेतु ट्रस्ट अथवा ट्रस्ट के लेखा परीक्षकों द्वारा मांगा गया कोई भी स्पष्टीकरण उपलब्ध कराएंगे।

लेखा परीक्षक

मेसर्स एस० के० कपूर एण्ड कं० 16/98, एलआईसी बिल्डिंग, दी माल, कानपुर-208001 और मैसर्स चतुर्वेदी एण्ड कंपनी, । सनदी लेखाकार, 60, बेंटिक स्ट्रीट, कलकत्ता-700069 योजना के लेखा परीक्षकों की नियुक्ति आईडीबीआई द्वारा की जाती है, और वे प्रत्येक वर्ष बदले जाने के अधीन है।

निवेशकों की शिकायतें

01–10–96 से 30–09–97 तक की अवधि के लिए प्राप्त शिकायतों की संख्या, जिनका निवारण किया गया और जो निवारणाधीन हैं, उन्हें नीचे दिया गया है।

योजना का नाम	प्राप्त शिकायतें शिकायतों की संख्या			कुल प्राप्त में से निवारणाधीन शिकायतें
	प्राप्त शिकायतें	जिनका निवारण किया गया	निवारणाधीन	
1	2	3	4	5
सी सी सी एफ	945	880	65	6.88%
सी जी जी एफ	8854	8454	400	4.52%
सी जी एस–83	601	513	88	14.64%
सी जी यू एस–91	4431	4408	23	0.52%
सी आर टी एस	344	344	10	2.91%
डी आई पी-91	3433	3379	54	1.57%
डी आई यू पी–93	620	609	11	1.77%
डी आई यू पी–95	1847	1817	30	1.62%
डी आई यू एस–90	1947	1917	30	1.54%
डी आई यू एस–91	3109	3061	48	1.54%
डी आई यू एस–92	2556	2510	46	1.80%
ई ओ एफ	1209	1201	8	0.66%
जी सी जी आई	35305	33992	1313	3.72%
जी एम आई एस–91	18463	18149	314	1.70%
जी एम आई एस–92	10944	9594	1350	12.34%
जी एम आई एस–92 (2)	1058	897	161	15.22%
जी एम आई एस–बी–92	893	869	24	2.69%
जी एम आई एस–बी–92 (2)	2384	2333	51	2.14%
ग्रैंडमास्टर–93	1858	1846	12	0.63%
जी यू पी–94	1255	1182	73	5.82%
एच यू एस	300	275	25	8.33%
आई आई एस एफ यू एस	3	3	0	0.00%
मास्टर गेन–92	169535	166983	2552	1.51%
मास्टरग्रोथ–93	8988	8940	48	0.53%
मास्टर प्लस–91	14010	13245	765	5.46%
मास्टर शेयर–86	22133	19783	2350	10.62%
एम ई पी–91	4551	4360	191	4.20%
एम ई पी–92	22187	21291	896	4.04%
एम ई पी–93	67170	66454	716	1.07%
एम ई पी–94	46830	45510	1320	2.82%
एम ई पी–95	8988	8970	18	0.20%

1	2	3	4	5
एमईपी–96	3622	3598	24	0.66%
एमईपी–97	749	707	42	5.61%
एम आईपी–93	2403	2398	5	0.21%
एम आईपी–94(I)	3036	2977	59	1.94%
एम आईपी–94 (II)	2969	2905	64	2.16%
एम आई पी–94 (III)	7843	7796	47	0.60%
एम आई पी–95	7642	7544	98	1.28%
एम आईपी–95 (I)	7958	7863	95	1.19%
एम आईपी–95 (III)	6921	6803	118	1.70%
एम आई पी–96	6075	5957	118	1.94%
एम आईपी–96 (II)	5462	5352	110	2.01%
एम आईपी–96 (III)	6662	6518	144	2.16%
एम आई पी–96 (IV)	13430	12665	765	5.70%
एम आईपी–97	6019	4999	1020	16.95%
एम आई पी–97 (I)	3693	3139	554	15.00%
एम आईपी–97 (III)	590	463	127	21.53%
एम आई एस–जी–93	4714	4656	58	1.23%
एम आई एस जी–90 (I)	4463	3176	1287	28.84%
एम आई एस जी–90 (II)	2131	2035	96	4.50%
एम आई एस जी–91	2366	2337	29	1.23%
ओ।मनी-प्लान	68	60	8	11.76%
पी ई एफ	451	364	87	19.29%
राजलक्ष्मी यूनिट प्लान	3589	3447	142	3.96%
आर बी पी	1821	1640	181	9.94%
वरिष्ठ नागरिक यूनिट प्लान	721	599	122	16.92%
यू जी एस–2000	8176	7631	545	6.67%
यू जी एस–5000	5370	5131	239	4.45%
यूलिप	8883	7756	1127	12.69%
यू एस–64	133079	127182	5879	4.43%
यू एस–92	8041	7791	250	3.11%
यू एस–95	2	2	0	0.00%
कुल	735700	709250	26450	3.60%

शिकायतें लंबित रहने के कारण —

(1) संग्रहण कर्ता बैंकों से आवेदन पत्र/निधियां का प्राप्त न होना।

(2) आवेदन पत्र में निवेशक के पते, नाम और हस्ताक्षर सहित अपूर्ण विवरण।

(3) निवेशक के पते में हुए परिवर्तन को सूचित नहीं किया जाना/अद्यतन नहीं किया जाना।

(4) मार्ग में खो जाना।

(5) डाक सेवा विलंब।

6) अंतरण मृत्यु दावों/पुनर्खरीद के मामलों में अपेक्षित दस्तावेजों का उपलब्ध नहीं कराया जाना।

(7) शिकायतें भेजते समय अपूर्ण ब्यौरा।

(8) कमीशन प्राप्त न होना/विलंब से प्राप्त होना।

(9) पत्रों/दस्तावेजों को गलत कार्यालय/रजिस्ट्रार को भेजा जाना।

शिकायतें/आपत्तियों के प्रकार के अनुसार ट्रस्ट निवेशक बैंक रजिस्ट्रार को उक्त का निवारण करने हेतु लिखता है।

सभी निवेशक अपनी शिकायतें निवेश संबंधी पूर्ण विवरण देते हुए संबंधित निवेशक संपर्क कक्ष को निम्नलिखित पते पर भेज सकते हैं :

पश्चिमी अंचल :
भारतीय यूनिट ट्रस्ट
निवेशक संपर्क कक्ष,
कामर्स सेंटर, 1, 28वीं मंजिल,
विश्व व्यापार केन्द्र, जीडी सोमानी मार्ग,
कफ परेड,
मुंबई–00005।
टेली : 218 0172/2181600

पूर्वी अंचल :
भारतीय यूनिट ट्रस्ट
निवेशक संपर्क कक्ष, 2, फेयरली प्लेस,
2री मंजिल,
कलकत्ता–700001।
टेली : 243458।

दक्षिणी अंचल :
भारतीय यूनिट ट्रस्ट
निवेशक संपर्क कक्ष,
यूटीआई हाऊस,
राजाजी मार्ग,
चेन्नई–600001।
टेली : 517101 विस्तारित : 360/364

उत्तरी अंचल :
भारतीय यूनिट ट्रस्ट
निवेशक संपर्क कक्ष,
हेरॉल्ड हाऊस, 2री मंजिल,
5ए, बहादुर शाह जफर मार्ग,
नई दिल्ली–110002।
टेली : 3329860

रजिस्ट्रार

आवेदन पत्रों की प्रोसेसिंग और बिक्री के पश्चात् सेवाएं ट्रस्ट के मुंबई शाखा कार्यालय द्वारा कामर्स सेंटर–1, 28वीं मंजिल, विश्व व्यापार केन्द्र, कफ परेड, कोलाबा, मुंबई–400005 पर प्रदान की जाएगी। ट्रस्ट के पास आवेदन पत्रों की प्रोसेसिंग करने, प्रमाणपत्रों को प्रेषित करने, बिक्री पर्यंत सेवाओं को निर्धारित समय के भीतर निपटाने और निवेशकों की शिकायतों को दूर करने जैसी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने के लिए पर्याप्त क्षमता है।

निरीक्षण के लिए उपलब्ध दस्तावेज

निम्नलिखित दस्तावेज निरीक्षण के लिए केन्द्रीय निवेशक सम्पर्क कक्ष, भारतीय यूनिट ट्रस्ट, एसएनडीटी महिला विश्वविद्यालय बेसमेंट द्वार नं० 1, सर विट्ठलदास ठाकरसी मार्ग, मुंबई 400020 में उपलब्ध किया जाएगा।

- यू टीआई अधिनियम
- सामान्य विनियम
- अभिरक्षक के साथ किया गया करार
- आईआईएसएफयूएस 97 (II) के पेशकश दस्तावेज की प्रति।

यू टी आई की पिछली संस्थागत निवेशक विशेष निधि यूनिट योजना का ब्यौरा

योजनाएं	आईआईएसएफयूएस 93	आईआईएसएफयूएस 95	आईआईएसएफयूएस 96	आईआईएसएफयूएस
प्रारंभ होने की तिथि	01–03–1993	01–10–1995	01–01–1997	01–07–1997
समापन की तिथि	01–04–1998	30–09–2000	31–12–2001	30–06–2002
आय वितरण	16 प्रतिशत प्र० व० (अर्ध वार्षिक)	15 प्रतिशत प्र० व० पहले तीन वर्ष के लिए (अर्ध वार्षिक)	10 प्रतिशत प्र० व० पहले वर्ष के लिए (अर्ध वार्षिक)	15 प्रतिशत प्र० व० संपूर्ण पांच वर्ष के लिए (वार्षिक)
संग्रहीत राशि	1276.87 करोड़ रु०	177.70 करोड़ रु०	196.35 करोड़ रु०	675.57 करोड़ रु०
आवेदन पत्रों की संख्या	518	292	247	324

पूर्ववर्ती आंकड़े

पूर्ववर्ती आंकड़े	1993-94	1994-95	1995-96		31-12-1996		
	आईआई एमएफ'93	आईआई एमएफ'93	आईआई एमएफ'93	आईआई एमएफ'95	आईआई एमएफ'93	आईआई एमएफ'95	आईआई एमएफ'96
(क) शुद्ध आस्ति मूल्य, प्रति यूनिट	10.42	10.22	10.15	11.00	9 95	10 68	10.35
(ख) सकल आय प्रति यूनिट में विभक्त:							
(i) निवेशों के बिक्री पर लाभ के अतिरिक्त आय, प्रति यूनिट	1.11	1.27	1.51	1.33	0.46	0.68	0.10
(ii) निवेश के अंतर योजना बिक्रय/अंतरण पर लाभ से आय, प्रति यूनिट	0.46	0.36	0.01	0.06	0.13	0.00	0.00
(iii) तृतीय पक्ष को निवेशों के बिक्री पर लाभ से आय, प्रति यूनिट	0.03	0.10	0.02	0.09	0.01	0.00	0.00
(4) पिछले वर्ष के आरक्षित से राजस्व लेखे में अंतरण प्रति यूनिट							
(ग) कुल व्यय उपलिखित परिशोधन	—	—	0.07	—	0.18	0.09	—
एवं प्रभार, प्रति यूनिट	0.06	0.01	0.01	0.05	0.00	0 03	0.01
(घ) शुद्ध आय प्रति यूनिट	1.55	1.71	1.61	1.42	0.77	0.74	0.09
(ङ) निवेशों के मूल्य में अप्राप्त मूल्यवृद्धि/मूल्यह्रास प्रति यूनिट	0.03	−0.21	−0.11	0 73	−0.42	0.51	0.26
(छ) बाजार मूल्य							
उच्चतम	—	—	—	—	—	—	—
न्यूनतम	—	—	—	—	—	—	—
पुनर्खरीद मूल्य							
उच्चतम	—	—	10 50	—	10 40	10.85	—
न्यूनतम	—	—	10.22	—	9.90	10.25	—
बिक्री मूल्य							
उच्चतम	—	—	—	—	—	—	—
न्यूनतम	—	—	—	—	—	—	—
लाभ उपार्जन अनुपात	—	—	—	—	—	—	—
(ज) औसत शुद्ध आस्तियों पर प्रति यूनिट व्यय का अनुपात प्रतिशत में	0.58%	0.09%	0.10%	0.45%	—	0 28%	0.10%
(झ) औसत शुद्ध आस्तियों पर प्रति यूनिट सकल आय का अनुपात प्रतिशत में (गत वर्ष के आरक्षित से राजस्व लेखे में अंतरण को छोड़कर परंतु अप्राप्त निवेशों में बढ़ोतरी को सम्मिलित करते हुए)	18.33%	16.67%	15.21%	19.55%	7 66.	11 53%	3 38%
(ञ) प्रति यूनिट शुद्ध आस्ति मूल्य	10.42	10.22	10.15	11 00	9.95	10 68	10.35

भारतीय यूनिट ट्रस्ट

कार्पोरेट कार्यालय

13, सर विट्ठलदास ठाकरसी मार्ग

मुम्बई-4000020, दूरध्वनि : 2066468

आंचलिक कार्यालय

पश्चिमी अंचल : केन्द्र-1, 28 वीं मंजिल, विश्व व्यापार केन्द्र, कफ परेड, कोलाबा, मुम्बई-400005, दूरध्वनि : 2181600/2181254, पूर्वी अंचल : 2 फेयरली प्लेस दूसरी मंजिल, कलकत्ता-700001 दूरध्वनि : 2209391/2205322 दक्षिणी अंचल : यूटीआई हाउस, 29, राजाजी सालै, चेन्नई-600001, दूरध्वनि : 517101 उत्तरी अंचल : जीवन भारती, 13 वीं मंजिल, टावर 2, कनाट सर्कस, नई दिल्ली-110001, दूरध्वनि : 3329860 ।

पश्चिमी अंचल के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत आने वाले शाखा कार्यालय

अहमदाबाद : बी जे हाउस, दूसरी, तीसरी और चौथी मंजिल, आश्रम रोड, अहमदाबाद-380009, दूरध्वनि : 6423043 बड़ौदा : मेघधनुष, चौथी और पांचवीं मंजिल, ट्रान्सपेक सर्कल, रेस कोर्स रोड, बड़ौदा-390015, दूरध्वनि : 332481 भोपाल : पहली मंजिल, गंगाजमुना कमर्शियल काम्प्लैक्स, प्लाट नं. 202, महाराणा प्रताप नगर, अंचल 1, स्कीम 13, हबीब गंज, भोपाल-462001, दूरध्वनि : 558308 इन्दौर : सिटी सेंटर, दूसरी मंजिल, 570, एम जी रोड, इन्दौर-452001, दूरध्वनि : 22796, मुम्बई : (1) यूनिट सं. 2, ब्लाक 'बी' गुलमोहर क्रास रोड नं. 9, अंधेरी (पश्चिम), मुंबई-400049, दूरध्वनि : 6201995 मुंबई : (2) दर्शपोलिस बिल्डिंग, तीसरी मंजिल, आंध्र बैंक के ऊपर सेक्टर 17, वाशी, नवी मुंबई-400703, दूरध्वनि : 7672607 मुम्बई : (3) लोटस कोर्ट बिल्डिंग, 196 जमशेदजी टाटा रोड, बैकबे रिक्लमेशन, मुबंई-400020, दूरध्वनि : 2850821, मुम्बई : (4) श्रद्धा शापिंग आर्केड, पहली मंजिल एस वी रोड, बोरिवली (पश्चिम), मुम्बई-400092, दूरध्वनि : 8020521 मुंबई : (5) सागर सोनांजा, पहली मंजिल, सीत लेन, घाटकोपर (पश्चिम), मुम्बई-400086, दूरध्वनि : 5162256, कोल्हापुर : अयोध्या टावर्स, सी एस नं. 511, कोएच-1/2, 'ई' वार्ड, दाभोलकर कार्नर, स्टेशन रोड, कोल्हापुर-416001, दूरध्वनि : 657315, नागपुर : श्री मोहिनी काम्प्लैक्स, तीसरी मंजिल, 345, सरदार वल्लभभाई पटेल रोड, नागपुर-440001, दूरध्वनि : 536893 नासिक : सारडा संकुल, दूसरी मंजिल, एम. जी. रोड, नासिक-422001, दूरध्वनि : 572166 पणजी : ई.डी.सी. हाउस, भूतल, डा. ए बी मार्ग, पणजी, गोवा-403001, दूरध्वनि : 222472 पुणे : सदाशिव विलास, तीसरी मंजिल, 1183 फर्ग्युसन कालेज रोड, शिवाजी नगर, पुणे-411005, दूरध्वनि : 325954 राजकोट : लल्लूभाई सेंटर, चौथी मंजिल, लाखाजी राज रोड, राजकोट-360001, दूरध्वनि : 35112 सूरत : सैफी बिल्डिंग, डच रोड, नानपुरा, सूरत-395001, दूरध्वनि : 434550, ठाणे : यूटीआई हाउस, स्टेशन रोड, ठाणे (प.)-400601, दूरध्वनि : 5400905 ।

पूर्वी अंचल के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत आने वाले शाखा कार्यालय

भुवनेश्वर : ओसीएचसी बिल्डिंग, 1 ली एवं 2री मंजिल, 24, जनपथ खारवेल नगर, राम मंदिर के समीप, भुवनेश्वर-751001, दूरध्वनि : 410995, कलकत्ता : 2, फेयरली प्लेस, कलकत्ता 700001, दूरध्वनि : 2209391, दुर्गापुर : तीसरी एडमिनिस्ट्रेटिव बिल्डिंग, दूसरी मंजिल, आसनसोल दुर्गापुर विकास प्राधिकरण, सिटी सेन्टर, दुर्गापुर 713216, दूरध्वनि : 546136 गुवाहाटी : हिन्दुस्तान बिल्डिंग, 1 ली मंजिल, एम एल नेहरू रोड, पानबाजार, गुवाहाटी 781001, दूरध्वनि : 543131 जमशेदपुर : 1-ए, राममंदिर परिसर, भूतल और दूसरी मंजिल, बिस्टुपुर, जमशेदपुर 831001, दूरध्वनि : 425508 पटना : जीवन दीप बिल्डिंग, भूतल और पांचवी मंजिल, एक्जिबिशन रोड, पटना 800001, दूरध्वनि : 235001 सिलीगुड़ी : जीवन दीप, भूतल, गुरु नानक सारनी, सिलीगुड़ी-734401, दूरध्वनि : 424671 ।

दक्षिणी अंचल के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत आने वाले शाखा कार्यालय

बंगलोर : रहेजा टावर्स, 26-27, 12वीं मंजिल, पश्चिमी स्कंध, एम जी मार्ग, बंगलोर 560001, दूरध्वनि : 5595691 कोचीन : जीवन प्रकाश, पांचवीं मंजिल, एम जी रोड, एर्नाकुलम, कोचीन-682011, दूरध्वनि : 362354, कोयम्बत्तूर : चेरन टावर्स, तीसरी मंजिल, 6/25, आर्ट्स कालेज रोड, कोयम्बत्तूर 641018, दूरध्वनि : 214973, हुबली : कालबर्गी मेंशन, 4 थी मंजिल, लेमिंगटन रोड, हुबली 580020, दूरध्वनि : 363963, हैदराबाद : पहली मंजिल, सुरभि आर्केड, 5-1-664, 665, 669, बैंक स्ट्रीट, हैदराबाद 500195, दूरध्वनि : 511095 चेन्नई : यू.टी.आई. हाउस, 29, राजाजी सलाई, चेन्नई 600001, दूरध्वनि : 517101, मदुरई : तमिलनाडु सर्वोदय संघ बिल्डिंग, 108, तिरुप्परनकुन्द्रम रोड, मदुरई 625001, दूरध्वनि : 38186, मंगलोर : सिद्धार्थ बिल्डिंग, पहली मंजिल, बाल-मत्ता रोड, मंगलोर-575001, दूरध्वनि : 426258, तिरुअनंतपुरम : स्वस्तिक सेन्टर, तीसरी मंजिल, एम. जी. रोड तिरुअनंतपुरम 695001, दूरध्वनि : 331415 त्रिची : 104, सलाई रोड, वोरैयूर, तिरुचिरापल्ली 620003, दूरध्वनि : 760060, त्रिचूर : 28/700, वेस्ट पल्लिथामाम बिल्डिंग, करुणाकरण नंबियार रोड, राउंड नार्थ, त्रिचूर 680020, दूरध्वनि : 331259, विजयवाड़ा : 27-37-156, बन्दर रोड, मनोरमा होटल के आगे, विजयवाड़ा 520002, दूरध्वनि : 74434 विशाखापट्टनम : रत्ना आर्केड, तीसरी मंजिल, 47/15/6, स्टेशन रोड, द्वारका नगर, विशाखापट्टनम 530016, दूरध्वनि : 548121 ।

उत्तरी अंचल के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत आने वाले शाखा कार्यालय

आगरा : भूतल, जीवन प्रकाश, संजय प्लेस, महात्मा गांधी रोड, आगरा-282002 दूरध्वनि : 54408 इलाहाबाद : यूनाइटेड टावर्स, तीसरी मंजिल, 53, लीडर रोड, इलाहाबाद 211003 दूरध्वनि : 400521, अमृतसर : श्री द्वारकाधीश काम्प्लैक्स, दूसरी मंजिल, क्वीन्स रोड, अमृतसर-143001, दूरध्वनि : 210367, चंडीगढ़ : जीवन प्रकाश, एलआईसी बिल्डिंग, सेक्टर 17-बी, चंडीगढ़-160017 दूरध्वनि : 703683, देहरादून : दूसरी मंजिल, 59/3, रायपुर रोड, देहरादून 248001, दूरध्वनि : 746720, फरीदाबाद : बी-614-617, नेहरू ग्राउंड, एन आई टी, फरीदाबाद-121001, दूरध्वनि : 219156, गाजियाबाद : 41, नवयुग मार्केट, सिंघानी गेट के समीप, गाजियाबाद-201001, दूरध्वनि : 790366, जयपुर : आनंद भवन, तीसरी मंजिल, संसार चन्द्र रोड, जयपुर 302001, दूरध्वनि : 365212, कानपुर :

16/79इ, सिविल लाइन्स, कानपुर 208001, दूरध्वनि : 317278, लखनऊ : रिजेन्सी प्लाजा बिल्डिंग, 5, पार्क रोड, लखनऊ 226001, दूरध्वनि : 238591, लुधियाना : सूर्यकिरण फेस-2, 92, दि माल, लुधियाना 141001, दूरध्वनि : 441264, नई दिल्ली : गुलाब भवन, दूसरी मंजिल, 6, बहादुरशाह जफर मार्ग, नई दिल्ली 110002, दूरध्वनि : 3318638, शिमला : फ्लैट नं. 401, 402, 403, 405 मुकेश अपार्टमेन्ट्स, फिंगास्क एस्टेट, होटल मील के समीप, शिमला-171002, दूरध्वनि : 257803, वाराणसी : पहली मंजिल, डी/58/2ए-1, भवानी मार्केट रथयात्रा, वाराणसी-221001, दूरध्वनि : 358606 ।

भारतीय यूनिट ट्रस्ट

मुम्बई, दिनांक 5 जनवरी 1998

स० यूटी/डीबीडीएम/आर–96/एसपीडी 74–एफ/97–98 —भारतीय यूनिट ट्रस्ट अधिनियम, 1963 (1963 का 52) की धारा 19 (1) (8) (सी) के अंतर्गत बनाए गए मास्टर इक्विटी प्लान 1998 जो कथित अधिनियम की धारा 21 के अंतर्गत बनाई गई यूनिट योजना, इक्विटी सम्बद्ध बचत योजना 1998 से संबंधित है, का पेशकश दस्तावेज, जिसे 16 अक्तूबर, 1997 को हुई कार्यकारिणी समिति की बैठक में अनुमोदित किया गया, इसके नीचे प्रकाशित किया जाता है ।

ए० जी० जोशी,
महाप्रबंधक,
व्यवसाय विकास एवं विपणन

मास्टर इक्विटी प्लान 1998

पेशकश (आफर) दस्तावेज

24 नवम्बर, 1997 से 31 मार्च, 1998 तक पेशकश खुली रहेगी

मास्टर इक्विटी प्लान 1998 भारतीय यूनिट ट्रस्ट अधिनियम 1963 (1963 का 52) की धारा 19 (1) (8) (सी) के अंतर्गत बनाया गया है जो कथित अधिनियम की धारा 21 के अन्तर्गत यूटीआई के न्यासी मंडल द्वारा बनाई गई इक्विटी सम्बद्ध बचत यूनिट योजना 1998 के संबंध में है ।

* प्लान के विवरण भारत सरकार की ईएलएसएस योजनाओं पर अधिसूचना और भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (म्यूचुअल फंड) विनियम, 1996 के अनुसार तैयार किए गए हैं और जन साधारण के अभिदान हेतु पेश किए गए यूनिट सेबी द्वारा न तो अनुमोदित अथवा अननुमोदित किए गए हैं, न ही सेबी ने पेशकश दस्तावेज की यथार्थता अथवा पर्याप्तता को ही प्रमाणित किया है ।

प्लान का उद्देश्य

इक्विटी सम्बद्ध बचत योजना पर सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार बनाए गए इस प्लान का उद्देश्य निवेश की गई राशि पर कर छूट उपलब्ध कराना तथा कुछ अवधि के बाद कथित राशि में उचित वृद्धि प्रदान कर यूनिट-धारकों को दोहरा लाभ देना है ।

विशिष्टताएं

- यह एक दस वर्ष का प्लान है ।
- प्लान इनके लिए खुला है : निवासी वयस्क व्यक्तियों/अवयस्कों/हिंदू अविभक्त परिवारों/व्यक्तियों का कोई संघ या व्यक्तियों का निकाय, जिसमें किसी भी मामले में केवल पति और पत्नी शामिल होंगे जो गोवा राज्य और संघशासित क्षेत्र दादरा और नगर हवेली और दमन और दिव क्षेत्रों में प्रचलित सामुदायिक या सांपत्तिक प्रणाली से नियंत्रित हैं ।
- आयकर अधिनियम 1961 की धारा 88 के अन्तर्गत इस प्लान में किया गया निवेश, रु० 60,000/– की संपूर्ण सीमा के भीतर रु० 10,000/– तक की निवेशित राशि का 20% आयकर छूट के योग्य होगा ।
- आबंटन की तिथि से 3 वर्षों की आरंभिक समय बंदी के बाद पुनर्खरीद की अनुमति होगी ।
- प्लान में नवम्बर 97, दिसम्बर 97, जनवरी 98, फरवरी 98 और 15 मार्च 98 तक में शामिल होने हेतु निवेश की गई राशि पर क्रमश: 4.5%, 3.5%, 2.5%, 1.5% और 1% की दर से निवेशकों को क्षतिपूर्ति अदा की जाएगी ।
- पूंजी वृद्धि पर आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 48 तथा 112 के अंतर्गत कर लाभ ।
- आयकर अधिनियम 1961 की धारा 54ईए तथा 54ईबी के अंतर्गत पूंजीगत अभिलाभ कर छूट के लिए पात्र होगा बशर्ते स्वीकृति तिथि से क्रमश: 3/7 वर्ष की समय बंदी के बाद किया जाएगा । तथापि धारा 54ईए/54ईबी के अंतर्गत आयकर छूट का लाभ प्राप्त कर रहे निवेशक, आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 88 के अंतर्गत प्राप्त होने वाली कर की छूट के लिए पात्र नहीं होंगे ।

जोखिम के तत्व

- प्लान के यूनिटों में निवेशों पर बाजार का जोखिम होता है और प्लान के शुद्ध आस्ति मूल्य (एनएवी) का ऊपर या नीचे जाना प्लान के पोर्टफोलियो पर बाजार की शक्तियों के प्रभाव पर निर्भर करता है ।
- ट्रस्ट की पहले की योजनाओं/प्लानों का कार्यनिष्पादन आवश्यक रूप से भावी परिणामों का द्योतक नहीं है ।

इस प्लान के लक्ष्यों की प्राप्ति का कोई आश्वासन नहीं दिया जा सकता है।

● मास्टर इक्विटी प्लान 1998 केवल प्लान का नाम है और यह किसी भी प्रकार से प्लान की गुणवत्ता का संकेत नहीं देता है। निवेशकों से आग्रह किया जाता है कि इस प्लान में निवेश करने से पहले पेशकश की शर्तों का सावधानी पूर्वक अध्ययन कर लें।

प्रबंधन के विचार से जोखिम के तत्व

ट्रस्ट 33 वर्षों से अधिक समय से कार्यरत है और इसने 500 लाख से अधिक निवेशकों से लगभग 58,000 करोड़ रुपये की निधियों के प्रबंधन में निपुणता हासिल की है।

नीचे दी गई सारणी ट्रस्ट द्वारा आरंभ किए गए पिछले मास्टर इक्विटी प्लानों का कार्य निष्पादन दर्शाती है :

	1996-97		1995-96		1994-95	
	एनएवी (उच्चतम)	एनएवी (न्यूनतम)	एनएवी (उच्चतम)	एनएवी (न्यूनतम)	एनएवी (उच्चतम)	एनएवी (न्यूनतम)
मास्टर इक्विटी प्लान 1991	29.26 (03-07-96)	19.97 (04-12-96)	31.10 (19-06-96)	23.10 (24-01-96)	41.92 (14-09-94)	27.36 (03-05-95)
मास्टर इक्विटी प्लान 1992	17.90 (25-06-97)	12.80 (04-12-96)	18.25 (19-06-96)	13.08 (24-01-96)	22.84 (14-09-94)	15.04 03-05-95)
मास्टर इक्विटी प्लान 1993	16.61 (25-06-97)	11.20 (04-12-96)	16.99 (19-06-96)	12.61 (24-01-96)	22.52 (17-08-94)	14.32 (03.05.95)
मास्टर इक्विटी प्लान 1994	9.27 (17-07-96)	6.52 (04-12-96)	9.82 (19-06-96)	7.24 (24-01-96)	8.52 (24-05-95)	8.32 (28-06-95)
मास्टर इक्विटी प्लान 1995	11.24 (10-07-96)	8.16 (04-12-96)	11.90 (19-06-96)	8.68 (24-01-96)	—	—
मास्टर इक्विटी प्लान 1996	12.07 (25-06-97)	08.73 (04-12-96)	—	—	—	—
मास्टर इक्विटी प्लान 1997	11.71 (25-06-97)	10.46 (28-05-97)	—	—	—	—

यूटीआई की स्थापना

यूटीआई अधिनियम, 1963 के अंतर्गत भारतीय यूनिट ट्रस्ट की स्थापना की गई थी जिसका उद्देश्य बचत एवं निवेश को प्रोत्साहन देने तथा प्रतिभूतियों के अर्जन, धारण, प्रबंधन और निपटान से ट्रस्ट को पोद्भूत होने वाली आय, लाभों और अभिलाभों में सहभागिता था। ट्रस्ट ने 1 जुलाई 1964 से काम करना आरंभ किया था।

यूटीआई का प्रबंधन

ट्रस्ट के कार्यों एवं व्यवसाय का प्रबंधन न्यासी मंडल में निहित है जिसका भारत सरकार द्वारा नियुक्त एक पूर्णकालिक अध्यक्ष होता है। बोर्ड के अलावा एक सांविधिक कार्यकारिणी समिति होती है जिसमें अध्यक्ष, कार्यपालक न्यासी तथा भारतीय औद्योगिक विकास बैंक द्वारा नामित दो अन्य न्यासी शामिल हैं। यह समिति मंडल की कार्यक्षमता के अंतर्गत आने वाले किसी भी मामले पर विचार करने के लिए सक्षम है।

न्यासी मंडल

1. श्री जी० पी० गुप्ता दूल्ट	अध्यक्ष, भारतीय यूनिट ट्रस्ट
2. डा० पी०जे० नायक	कार्यपालक न्यासी, भारतीय यूनिट ट्रस्ट
3. श्री आर० वी० गुप्ता	उप गवर्नर, भारतीय रिजर्व बैंक
4. श्री एस० एच० खान	अध्यक्ष, भारतीय औद्योगिक विकास बैंक
5. श्री एन० एस० सेखसरिया	प्रबंधक निदेशक, गुजरात अंबुजा सिमेंट लि०
6. श्री पी० आर० खन्ना	सनदी लेखाकार
7. श्री जी० कृष्ण मूर्ति	अध्यक्ष, भारतीय जीवन बीमा निगम
8. श्री एम० एस० वर्मा	अध्यक्ष, भारतीय स्टेट बैंक
9. श्री एन० वाघुल	अध्यक्ष, आईसीआईसीआई लि०
10. श्री रशीद जिलानी	अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक, पंजाब नैशनल बैंक

इक्विटी सम्बद्ध बचत यूनिट योजना–1998 का ब्यौरा (ईएलएसएस' 98)

I. संक्षिप्त शीर्षक और योजना का आरम्भ :

(1) यह योजना इक्विटी सम्बद्ध बचत यूनिट योजना 1998 (ईएलएसएस' 98) कही जाएगी।

(2) यह योजना और इसके अन्तर्गत बना प्लान दस वर्षों के लिए अर्थात् 1 अप्रैल 1998 से 31 मार्च 2008 तक की अवधि के लिए होगा।

(3) यूनिटों की बिक्री 24 नवम्बर 1997 से 31 मार्च 1998 तक की जाएगी।

0.59	0.37	0.45	1.31	0.73	0.20	0.46	0.34	0.34	0.40	0.18	0.19	0.15
0.34	0.00	0.00	-0.01	0.00	0.00	0.60	0.21	0.24	0.30	-0.01	-0.00	0.00
2.02	2.35	0.94	0.05	0.00	0.00	1.26	1.01	0.35	-0.71	0.01	0.04	0.03
—	—	—	—	—	—	—	—	—	—	—	—	—
0.11	0.17	0.13	0.05	0.05	0.07	0.13	0.14	0.15	0.07	0.05	0.09	0.08
2.85	2.54	1.27	1.30	0.68	0.13	2.19	1.43	0.78	-0.09	0.14	0.14	0.11
14.95	5.19	4.72	-0.82	1.28	1.87	12.86	5.38	5.11	-0.62	0.93	2.32	1.99
—	—	—	—	—	—	—	—	17.00	—	—	—	—
—	—	—	—	—	—	—	—	9.00	—	—	—	—
29.45	21.90	—	—	—	—	27.75	17.01	15.78	8.79	—	—	—
17.90	12.45	—	—	—	—	18.95	12.16	10.64	7.64	—	—	—
—	—	—	—	—	—	—	—	—	—	—	—	—
—	—	—	—	—	—	—	—	—	—	—	—	—
0.37%	1.03%	0.81%	0.55%	0.50%	1.23%	0.43%	0.77%	0.89%	0.78%	0.42%	0.74%	0.64%
61.50%	47.56%	39.48%	5.97%	19.01%	34.55%	51.31%	38.46%	35.87%	-6.68%	9.70%	20.70%	3.08%
30.26	17.50	16.50	9.51	11.57	12.00	28.92	18.53	17.14	9.51	11.34	12.59	12.09

भारतीय यूनिट ट्रस्ट

कार्पोरेट कार्यालय

13, सर विट्ठलदास ठाकरसी मार्ग

मुम्बई-400020, दूरध्वनि : 2068468

आंचलिक कार्यालय

पश्चिमी अंचल : वाणिज्य केन्द्र-1, 28वीं मंजिल, विश्व-व्यापार केन्द्र, कफ परेड, कोलाबा, मुम्बई-400005, दूरध्वनि : 2181600. पूर्वी अंचल : 2 फेयरली प्लेस, दूसरी मंजिल, कलकत्ता-700001. दूरध्वनि : 2209391. दक्षिणी अंचल : यूटीआई हाउस, 29, राजाजी सालै, चेन्नई-600001. दूरध्वनि : 517101. उत्तरी अंचल : जीवन भारती, 13वीं मंजिल, टावर II, कनाट सर्कस, नई दिल्ली-110001, दूरध्वनि : 3329860।

पश्चिमी अंचल के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत आने वाले शाखा कार्यालय

अहमदाबाद : वी जे हाउस, दूसरी, तीसरी और चौथी मंजिल, आश्रम रोड, अहमदाबाद-380009, दूरध्वनि : 6423043. बड़ौदा : मेघधनुष, चौथी और पांचवीं मंजिल, ट्रान्सपेक सर्कल, रेस कोर्स रोड, बड़ौदा-390015, दूरध्वनि : 332481. भोपाल : पहली मंजिल, गंगाजमुना कमर्शियल काम्प्लैक्स, प्लाट नं. 202, महाराणा प्रताप नगर, अंचल 1, स्कीम 13, हबीब गंज, भोपाल-462001, दूरध्वनि : 558308. इन्दौर : सिटी सेन्टर, दूसरी मंजिल, 570, एम जी मार्ग, इन्दौर-452001, दूरध्वनि : 22796. मुम्बई : (1) यूनिट सं. 2, ब्लाक 'बी', गुलमोहर क्रास रोड नं. 9, अंधेरी (पश्चिम), मुंबई-4000049, दूरध्वनि : 6201995. मुंबई : (2) पर्सीपोलिस बिल्डिंग, तीसरी मंजिल, आंध्र बैंक के ऊपर, सेक्टर 17, वाशी, नवी मुंबई-400703, दूरध्वनि : 7672607. मुंबई : (3) लोटस कोर्ट बिल्डिंग, 196, जमशेदजी टाटा रोड, बैकबे रिक्लमेशन, मुंबई-400020. दूरध्वनि : 2850821. मुंबई : (4) श्रद्धा शापिंग आर्केड, पहली मंजिल, एस वी रोड, बोरिवली (पश्चिम), मुंबई-400092, दूरध्वनि : 8020521. मुंबई : (5) सागर बोनांजा, पहली मंजिल, खोत लेन, घाटकोपर (पश्चिम), मुंबई-400086, दूरध्वनि : 5162256. कोल्हापुर : अयोध्या टावर्स, सी एस नं. 511, केएच-1/2, ई वार्ड, दाभोलकर कार्नर, स्टेशन रोड, कोल्हापुर-416001. दूरध्वनि : 657315. नागपुर : श्री मोहिनी काम्प्लैक्स, तीसरी मंजिल, 345, सरदार वल्लभभाई पटेल रोड, नागपुर-440001. दूरध्वनि : 536893. नासिक : सारदा संकुल, दूसरी मंजिल, एम. जी. रोड, नासिक-422001, दूरध्वनि : 72166. पणजी : ई. डी. सी. हाउस, भूतल, डा. ए बी मार्ग, पणजी, गोवा-403001, दूरध्वनि : 222472. पुणे : सदाशिव विलास, तीसरी मंजिल, 1183 फर्ग्युसन कालेज रोड, शिवाजी नगर, पुणे-411005, दूरध्वनि : 325954. राजकोट : ललुभाई सेन्टर, चौथी मंजिल, लखाजी राज रोड, राजकोट-360001, दूरध्वनि : 35112. सूरत : सैफी बिल्डिंग, डच रोड, ननपुरा, सूरत-395001. दूरध्वनि : 434550. ठाणे : यूटीआई हाउस, स्टेशन रोड, ठाणे (पश्चिम)-400601. दूरध्वनि : 5400905।

पूर्वी अंचल के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत आने वाले शाखा कार्यालय

भुवनेश्वर : ओसीएचसी बिल्डिंग, पहली और दूसरी मंजिल, 24, जनपथ खारवेला नगर, राम मंदिर के समीप, भुवनेश्वर-751001, दूरध्वनि : 410995. कलकत्ता : 2, फेयरली प्लेस, कलकत्ता 700001, दूरध्वनि : 2209391. दुर्गापुर : तीसरी एडमिनिस्ट्रेटिव बिल्डिंग, दूसरी मंजिल, आसनसोल, दुर्गापुर विकास प्राधिकरण. सिटी सेन्टर, दुर्गापुर 713216, दूरध्वनि : 546136. गुवाहटी : हिन्दुस्तान बिल्डिंग, पहली मंजिल, एम एल नेहरू रोड, पानबाजार, गुवाहाटी 781001, दूरध्वनि : 543131. जमशेदपुर : 1-ए, राममंदिर परिसर, भूतल और दूसरी मंजिल, जमशेदपुर-831001. दूरध्वनि : 425508. पटना : जीवन दीप बिल्डिंग, भूतल और पांचवीं मंजिल, एक्जिबिशन रोड, पटना-800001, दूरध्वनि : 235001. सिलीगुड़ी : जीवन दीप, भूतल, गुरु नानक सारनी, सिलीगुड़ी-734401. दूरध्वनि : 424671.

दक्षिणी अंचल के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत आने वाले शाखा कार्यालय

बंगलोर : रहेजा टावर्स, 26-27, 12वीं मंजिल, पश्चिमी स्कन्ध, एम जी मार्ग, बंगलोर-560001, दूरध्वनि 5595691. कोचीन : जीवन प्रकाश, पांचवी मंजिल, एम जी रोड, एर्नाकुलम, कोचीन-682011, दूरध्वनि : 362354. कोयम्बतूर : चेरन टावर्स, तीसरी मंजिल, 6/25, आर्ट्स कालेज रोड, कोयम्बतूर-641018, दूरध्वनि : 214973.

हुबली : कुलबर्गी मेन्शन, 4थी मंजिल, लेमिंगटन रोड, हुबली-580020. दूरध्वनि : 363963. हैदराबाद : पहली मंजिल, सुरभि आर्केड, 5-1-664, 665, 669, बैंक स्ट्रीट, हैदराबाद-500001. दूरध्वनि : 511095. चेन्नई : यू.टी.आई.हाउस, 29, राजाजी सलाई, चेन्नई-600001. दूरध्वनि : 517101. मदुराई : तमिलनाडु सर्वोदय संघ बिल्डिंग, 108, तिरुप्परनकुन्द्रम रोड, मदुराई-625001. दूरध्वनि : 38186. मंगलोर : सिद्धार्थ बिल्डिंग, पहली मंजिल, बाल-मत्ता रोड, मंगलोर-575001. दूरध्वनि : 426258. तिरुअनंतपुरम : स्वस्तिक सेन्टर, तीसरी मंजिल, एम. जी. रोड, तिरुअनंतपुरम-695001. दूरध्वनि : 331415. त्रिची : 104, सलाई रोड, वोरेयूर, तिरुचिरापल्ली-620003. दूरध्वनि : 760060. त्रिचूर : 28/700, वेस्ट पीलखाभाम बिल्डिंग, करुणाकरण नंबियार रोड, राउंड नार्थ, त्रिचूर-680020. दूरध्वनि : 331259. विजयवाड़ा : 27-37-156, बन्दर रोड, मनोरमा होटल के आगे, विजयवाड़ा-520002. दूरध्वनि : 74434. विशाखापट्टनम् : रत्ना आर्केड, तीसरी मंजिल, 47/15/6; स्टेशन रोड, द्वारका नगर, विशाखापट्टनम-530016. दूरध्वनि : 548121.

उत्तरी अंचल के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत आने वाले शाखा कार्यालय

आगरा : भूतल, जीवन प्रकाश, संजय प्लेस, महात्मा गांधी रोड, आगरा-282002. दूरध्वनि : 54408. इलाहाबाद : यूनाइटेड टावर्स, तीसरी मंजिल, 53, लीडर रोड, इलाहाबाद-211003. दूरध्वनि : 400521. अमृतसर : श्री द्वारकाधीश काम्प्लेक्स, दूसरी मंजिल, क्विन्स रोड, अमृतसर-143001. दूरध्वनि : 210367. चंडीगढ़ : जीवन प्रकाश, एलआईसी बिल्डिंग, सेक्टर 17-बी, चंडीगढ़-160017. दूरध्वनि : 703683. देहरादून : दूसरी मंजिल, 59/3, राजपुर रोड, देहरादून-248001. दूरध्वनि : 746720. फरीदाबाद : बी-614-617, नेहरू ग्राउंड, एन आई टी, फरीदाबाद-121001. दूरध्वनि : 219156. गाजियाबाद : 41, नवयुग मार्केट, सिहानी गेट के पास, गाजियाबाद-201001. दूरध्वनि : 790366. जयपुर : आनंद भवन, तीसरी मंजिल, संसार चन्द्र रोड, जयपुर-302001. दूरध्वनि : 365212. कानपुर : 16/79ई, सिविल लाईन्स, कानपुर-208001. दूरध्वनि : 317278. लखनऊ : रिजेन्सी प्लाजा बिल्डिंग, 5, पार्क रोड, लखनऊ-226001. दूरध्वनि : 238591. लुधियाना : सूर्यकिरण फेस-2, 92, दि माल, लुधियाना-141001. दूरध्वनि : 441264, नई दिल्ली : गुलाब भवन, दूसरी मंजिल, 6, बहादुरशाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002. दूरध्वनि : 3318638. शिमला : फ्लैट नं. 401, 402, 403, 405 मुकेश अपार्टमेन्ट्स, फिंगास्क एस्टेट, होटल शील के नजदीक; शिमला-171002. दूरध्वनि : 257803. वाराणसी : पहली मंजिल, डी/58/2ए-1, भवानी मार्केट रथयात्रा, वाराणसी-221001. दूरध्वनि : 358606.

मुम्बई, दिनांक 7 जनवरी 1998

शुद्धि पत्र

सं० यू टी/सी—332 4 ए/स्टाफ—151/97—98.—दिनांक 6 सितम्बर, 1997 के भारत के राजपत्र (भाग III खण्ड—4) में पृष्ठ संख्या 2873 एवं 2874 पर प्रकाशित दिनांक 15 जुलाई, 1997 की अधिसूचना संख्या यू टी/सी—197ए/स्टाफ 151/97—98 में निम्नलिखित सुधार करें।

क्रम सं०	पृष्ठ सं०	स्तम्भ सं०	मद सं०	सुधार
1.	2873	2	—	36वीं पंक्ति में शब्द 'खंड (उ)' को 'खंड (ल)' से सुधारें।
2.	2874	1	1	6वीं पंक्ति में शब्द 'विलियप सं' को 'विनियम सं०' से सुधारें।
3.	2874	1	1	8वीं पंक्ति में शब्द 'निम्नुसार' को 'निम्नानुसार' से सुधारें।

एम० सुन्दरराजन
उप महाप्रबंधक
(कार्मिक एवं प्रशासन)

मुंबई, दिनांक 22 जनवरी 1998

सं० यू टी/डीबीडीएम/आर-95/एस पी डी/71 एस०/97-98—भारतीय यूनिट ट्रस्ट, अधिनियम 1963 (1963 का 52) की धारा 19 (1) (8) (सी) के अन्तर्गत बनाए गए मासिक आय प्लान 1997 (V) का पेशकश दस्तावेज, जो कथित अधिनियम की धारा 21 के अन्तर्गत बनाई गई मासिक आय योजना 1997 (V) के सम्बन्ध में है और जिसे 30-9-1997 को हुई कार्यकारिणी समिति की बैठक में अनुमोदित किया गया, इसके नीचे प्रकाशित किया जाता है।

एन० जी० जोशी,
महाप्रबंधक, व्यवसाय विकास एवं विपणन

भारतीय यूनिट ट्रस्ट
मासिक आय प्लान 1997 (V)
पेशकश (ऑफर) दस्तावेज

पेशकश 17 नवंबर 1997 से 31 दिसंबर 1997 तक खुली है

मासिक आय प्लान 1997 (V) भारतीय यूनिट ट्रस्ट अधिनियम 1963 (1963 का 52) की धारा 19 (1)(8)(सी) के अंतर्गत बनाया गया है जो कथित अधिनियम की धारा 21 के अंतर्गत यूटीआई के न्यासी मंडल द्वारा बनाई गई यूनिट योजना, मासिक आय योजना 1997 (V) के संबंध में है।

- **प्लान के विवरण भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (म्यूचुअल फंड) विनियम, 1996 के अनुसार तैयार किए गए हैं और जन साधारण के अभिदान हेतु पेश किए गए यूनिट सेबी द्वारा न तो अनुमोदित अथवा अननुमोदित किए गए हैं न ही सेबी ने पेशकश दस्तावेज की यथार्थता अथवा पर्याप्तता को ही प्रमाणित किया है।**

प्लान का उद्देश्य

यह एक आयोन्मुख प्लान है। प्लान का उद्देश्य या तो मासिक/वार्षिक आधार पर नियमित आय प्रदान कर अथवा 5 वर्षों की अवधि के दौरान निवेश की संवृद्धि को उपलब्ध करा कर निवेशकों की आवश्यकताओं को पूरा करना है।

विशिष्टताएं

- यह पांच वर्ष का नियत कालिक प्लान है।
- निवासी और अनिवासी वयस्क व्यक्तियों/मानसिक रूप से विकलांग व्यक्तियों/अवयस्कों/हिंदू अविभक्त परिवारों/न्यासों/समितियों/पंजीकृत सहकारी समितियों/कंपनियों एवं बैकों सहित निगमित निकायों/विदेशी निगमित निकायों (ओसीबी)/सेना/नौसेना/वायुसेना/पैरा मिलिट्री निधियों/भागीदारी फर्म के लिए खुला है।
- इस प्लान के तहत तीन विकल्प हैं : i) मासिक आय विकल्प ii) वार्षिक आय विकल्प एवं iii) संचयी विकल्प।
- **ट्रस्ट प्लान के सभी 5 वर्षों के लिए मासिक आय विकल्प के तहत 11.75% प्र.व. की दर से मासिक रूप से देय (प्राप्ति 12.40%) एवं वार्षिक आय विकल्प के तहत 12.40% प्र.व. की दर से वार्षिक रूप से देय आश्वासित आय का भुगतान करेगा।**
- **मासिक आय विकल्प के अन्तर्गत, मार्च 1998 तक की अवधि के लिए आय वितरण वारंट सदस्यता सूचना/यूनिट प्रमाणपत्र के साथ भेजे जाएंगे। तदुपरांत, प्रत्येक जनवरी-दिसंबर अवधि के लिए आय वितरण वारंट दिसंबर में भेजे जाएंगे। पूरे वर्ष के लिए आय वितरण प्राप्त होने हेतु निवेशक को पूरे वर्ष के लिए यूनिटें धारण करनी होंगी।**

वार्षिक आय विकल्प के अंतर्गत जनवरी, 1998 से दिसंबर, 1998 (दिनांकित 1 जनवरी, 1999) तक की अवधि के लिए आय वितरण वारंट माह दिसंबर, 1998 में भेजे जाएंगे। तदुपरांत, प्रत्येक जनवरी-दिसंबर अवधि के लिए आय वितरण वारंट दिसंबर में भेजे जाएंगे। फिर भी, निवेश की तिथि पर निर्भर करते हुए, चेक के ज़रिए, मासिक आय विकल्प के अन्तर्गत सदस्यों पर लागू सीमा में, 11.75% प्र.व. की दर से 31 दिसंबर, 1997 तक की अवधि तक के लिए, निवेशक की क्षतिपूर्ति की जाएगी । चेक सदस्यता सूचना/यूनिट प्रमाणपत्र के साथ भेजा जाएगा ।

- संचयी विकल्प के अंतर्गत रु. 10,000/- परिपक्वता पर कम से कम रु. 17,940/- हो जाएंगे (प्राप्ति 12.40%)। तथापि, वर्ष में रु.10,000/- से अधिक आय पर, आयकर अधिनियम, 1961 के अनुसार स्रोत पर कर काटा जाएगा ।
- सभी तीनों विकल्पों के अन्तर्गत पुनर्खरीद की अनुमति 1 जनवरी 2001 से एनएवी आधारित पुनर्खरीद मूल्य पर होगी ।
- अभिदान के बंद होने के छ: माह के भीतर योजना को एनएसई के थोक ऋण खंड पर सूचीबद्ध कराया जाएगा ।
- यह गारंटी दी जाती है कि योजना में निवेशित पूंजी परिपक्वता पर सुरक्षित रहेगी अर्थात् यूनिटें सम-मूल्य से नीचे विमोचित नहीं की जाएंगी । समयपूर्व पुनर्खरीद के लिए ऐसी कोई गारंटी नहीं है तथा ऐसे मामलों में पुनर्खरीद मूल्य प्रचलित शुद्ध आस्ति मूल्य के अनुसार होगी।
- निवेश का एक भाग इक्विटियों मे होने से पूंजी वृद्धि की संभावना है।
- आय और पुनर्खरीद/प्रतिदान प्राप्तियां एनआरआई तथा ओसीबी के लिए पूर्णतया प्रत्यावर्तनीय हैं जहां निवेश विदेशों में विप्रेषण के माध्यम से या एनआरई खाते को नामे करके अथवा एफसीएनआर जमाओं की राशि से चेक/ड्राफ्ट जारी करके किया जाता है।
- वितरित आय और पूंजी वृद्धि से पूंजीगत अभिलाभ पर आयकर अधिनियम 1961 की धारा 80 एल एवं धारा 48 तथा 112 के अंतर्गत कर लाभ।
- आयकर अधिनियम 1961 की धारा 54ईए के अंतर्गत पूंजीगत अभिलाभ कर से छूट, बशर्ते अवरुद्ध अवधि स्वीकृति तिथि से तीन वर्ष की हो।

निवेशकों का ध्यान आय वितरण, पुनर्खरीद और सूचीबद्धता की विशिष्टताओं की तरफ विशेष रूप से आकर्षित किया जाता है जिन्हें उपर्युक्त पैराग्राफ में मोटे अक्षरों में दर्शाया गया है ।

जोखिम के तत्व

- समयपूर्व पुनर्खरीद का कोई आश्वासन नहीं है तथा ऐसे मामलों में पुनर्खरीद मूल्य शुद्ध आस्ति मूल्य पर निर्भर होगा ।
- प्लान के यूनिटों में निवेशों पर बाजार का जोखिम होता है और प्लान के शुद्ध आस्ति मूल्य (एनएवी) का ऊपर या नीचे जाना बाजार की शक्तियों का प्लान के पोर्टफोलियो पर प्रभाव के ऊपर निर्भर करता है।
- पूर्व योजनाओं/प्लानों का कार्यनिष्पादन आवश्यक रूप से भावी परिणामों का द्योतक नहीं है।
- मासिक आय प्लान 1997 (V) केवल प्लान का नाम है और यह किसी भी प्रकार से प्लान की गुणवत्ता का संकेत नहीं देता है। निवेशकों से आग्रह किया जाता है कि इस प्लान में निवेश करने से पहले वे पेशकश की शर्तों का सावधानीपूर्वक अध्ययन कर लें।

प्रबंधन के विचार से जोखिम के तत्व

ट्रस्ट 33 वर्षों से अधिक समय से कार्यरत है और इसने 5 करोड़ से अधिक निवेशकों से लगभग 58,000/- करोड़ रुपये की निधियों के प्रबंधन में निपुणता हासिल की है। यूटीआई पिछले आश्वासित आय योजनाओं के अन्तर्गत आश्वासित आय प्रदान करने में कभी भी असफल नहीं हुई है। यूटीआई भविष्य में ऐसे आश्वासित आय प्रदान करने हेतु अपनी संसाधनों की पर्याप्तता से संतुष्ट है। ट्रस्ट द्वारा अब तक आरंभ किए हुए सैंतीस मासिक आय प्लानों का कार्यनिष्पादन पृष्ठ संख्या 41-43 पर दिया गया है।

यूटीआई की स्थापना

यूटीआई अधिनियम, 1963 के अंतर्गत भारतीय यूनिट ट्रस्ट की स्थापना की गई थी जिसका उद्देश्य बचत एवं निवेश को प्रोत्साहन देने तथा प्रतिभूतियों के अर्जन, धारण, प्रबंधन और निपटान से ट्रस्ट को प्रोद्भूत होनेवाली आय, लाभों और अभिलाभों में सहभागिता थी। इसने 1 जुलाई, 1964 से कार्य करना आरंभ किया।

यूटीआई का प्रबंधन

ट्रस्ट के कार्यों एवं व्यवसाय का प्रबंधन न्यासी मंडल में निहित है, जिसका भारत सरकार द्वारा नियुक्त एक पूर्णकालिक अध्यक्ष होता है।

मंडल के अलावा, एक सांविधिक कार्यकारिणी समिति होती है जिसमें अध्यक्ष, कार्यपालक न्यासी तथा भारतीय औद्योगिक विकास बैंक द्वारा नामित दो अन्य न्यासी होते हैं। यह समिति मंडल की कार्यक्षमता के अंतर्गत आने वाले किसी भी मामले पर कार्य करने के लिए सक्षम है।

न्यासी मंडल

1.	श्री जी.पी. गुप्ता	अध्यक्ष, भारतीय यूनिट ट्रस्ट
2.	डॉ पी.जे. नायक	कार्यपालक न्यासी, भारतीय यूनिट ट्रस्ट
3.	श्री आर.वी. गुप्ता	उप गवर्नर, भारतीय रिज़र्व बैंक
4.	श्री एस.एच. खान	अध्यक्ष, भारतीय औद्योगिक विकास बैंक
5.	श्री एन.एस. सेखसरिया	प्रबंध निदेशक, गुजरात अंबुजा सिमेन्ट्स लि.
6.	श्री पी.आर. खन्ना	सनदी लेखाकार
7.	श्री जी. कृष्णमूर्ति	अध्यक्ष, भारतीय जीवन बीमा निगम
8.	श्री एम. एस. वर्मा	अध्यक्ष, भारतीय स्टेट बैंक
9.	श्री एन. वाघुल	अध्यक्ष, आईसीआईसीआई लि.
10.	श्री रशीद जिलानी	अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, पंजाब नेशनल बैंक

मासिक आय योजना 1997 (V) का ब्यौरा [एमआईएस '97 (V)]

I. संक्षिप्त शीर्षक और योजना का आरंभ :

(1) यह योजना मासिक आय योजना 1997(V) [एमआईएस '97(V)] कही जाएगी।

(2) यह योजना पांच वर्षों के लिए अर्थात् 1 जनवरी 1998 से 31 दिसंबर 2002 तक के लिए होगी।

(3) यूनिटों की बिक्री 17 नवंबर, 1997 से 31 दिसंबर 1997 तक 45 दिनों के लिए होगी, बशर्ते यूनिट ट्रस्ट के न्यासी मंडल की कार्यकारिणी समिति/अध्यक्ष किसी भी समय युद्ध या युद्ध जैसी परिस्थितियां उत्पन्न होने पर, स्टाक एक्सचेंजों में व्यवसाय न होने पर या अन्य सामाजिक-आर्थिक कारणों से अखबारों में 7 दिनों की नोटिस देने के बाद या ऐसी पद्धति से जैसा ट्रस्ट द्वारा निश्चय किया जाए, योजना के अंतर्गत यूनिटों की बिक्री स्थगित कर सकते हैं।

II. परिभाषाएं :

इस योजना और इसके अंतर्गत बने प्लान में जब तक संदर्भ में अन्यथा अपेक्षित न हो -

(क) "स्वीकृति तिथि" का अर्थ ट्रस्ट द्वारा यूनिटों की बिक्री या पुनर्खरीद के लिए किसी आवेदक द्वारा ट्रस्ट को प्रेषित आवेदन पत्र के संदर्भ में वह तिथि है जब ट्रस्ट संतुष्ट होकर समझता है कि आवेदन सही है और उसे स्वीकार करता है;

(ख) "अधिनियम" का तात्पर्य भारतीय यूनिट ट्रस्ट अधिनियम, 1963 (1963 का 52) से है;

(ग) "वैकल्पिक आवेदक" का अर्थ नाबालिग के मामले में माता-पिता के अलावा उस माता-पिता से है जिन्होंने नाबालिग की ओर से आवेदन किया हो।

(घ) "आवेदक" का अर्थ है वह व्यक्ति जो योजना और उसके अंतर्गत बनाए गए प्लान में शामिल होने के लिए पात्र होगा, जो अवयस्क नहीं होगा और आवेदन पत्र में उल्लिखित वैकल्पिक आवेदक सहित जब मानसिक विकलांग व्यक्ति के लाभ के लिए यूनिटों की बिक्री की गयी हो और प्लान के खण्ड III के अंतर्गत आवेदन करता हो।

(ङ) "पात्र संस्था" का अर्थ भारतीय यूनिट ट्रस्ट सामान्य विनियमावली 1964 में यथापरिभाषित कोई पात्र ट्रस्ट है।

(च) "फर्म", "भागीदार" और "भागीदारी" के अर्थ भारतीय भागीदारी अधिनियम, 1932 (1932 का 9) में दिए गए अर्थ हैं, परंतु अभिव्यक्त भागीदार में कोई भी व्यक्ति सम्मिलित हो सकता है, जो नाबालिग हो और जिसे भागीदारी के लाभ प्राप्त करने के लिए शामिल किया गया हो।

(छ) "सूचीबद्धता" का अर्थ एनएसई के थोक ऋण खंड पर व्यवसाय करने के प्रयोजन से यूनिटों का सूचीबद्ध किया जाना है।

(ज) योजना और उसके अन्तर्गत बने प्लान में "सदस्य" के रूप में प्रयुक्त अभिव्यक्ति का अर्थ और इसमें शामिल उस आवेदक से है, जिसे इस योजना में यूनिट आबंटित किए गए हों।

(झ) "मानसिक विकलांग व्यक्ति" का अर्थ वह व्यक्ति, जो ऐसी मानसिक अक्षमता से ग्रस्त हो, जो उसे जीवन के सामान्य कार्य करने से वंचित रखती हो।

(ञ) "अनिवासी भारतीय (एनआरआई)" का तात्पर्य भारतीय राष्ट्रीयता/मूल के अनिवासियों से है। जैसा कि मूलत: अधिनियमित भारत सरकार अधिनियम, 1935 में परिभाषित है, किसी भी व्यक्ति को "भारतीय मूल का व्यक्ति" माना जाएगा यदि वह या उसके माता-पिता या पितामह-पितामही में से कोई भी, श्रेणी अथवा पूर्वज के रूप में कितना ही बड़ा क्यों न हो, चाहे पितृपक्ष या मातृपक्ष से हो, भारत में जन्मा हो/जन्मी हो।

(ट) "जारी समझे जानेवाले यूनिटों की संख्या" का अर्थ बेचे गए और बकाया यूनिटों की कुल संख्या है।

(ठ) "विदेशी निगमित निकाय" (ओसीबी) के अंतर्गत विदेशी कंपनियां, भागीदारी फर्म, समितियां और अन्य निगमित निकाय जिनका कम से कम 60% तक की सीमा का स्वामित्व प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से भारत के बाहर रहने वाले भारतीय राष्ट्रीयता अथवा मूल के व्यक्तियों का हो तथा विदेशी ट्रस्ट जिनमें कम से कम 60% लाभप्रद हित अप्रतिसंहरणीय रूप से ऐसे व्यक्तियों द्वारा धारित हो, शामिल हैं।

(ड) "व्यक्ति" में ऊपर यथापरिभाषित पात्र संस्था शामिल है।

(ढ) "रजिस्ट्रार" का तात्पर्य ऐसे व्यक्ति से है जिसकी सेवाएं ट्रस्ट द्वारा योजना के अंतर्गत समय-समय पर रजिस्ट्रार के रूप में कार्य करने के लिए ली जा सकें।

(ण) "विनियमावली" का अर्थ अधिनियम की धारा 43 (1) के अन्तर्गत बनी भारतीय यूनिट ट्रस्ट सामान्य विनियमावली 1964 है।

(त) "सेबी" का अर्थ है भारतीय प्रतिभूति और एक्सचेंज बोर्ड अधिनियम 1992 (1992 का 15) के अंतर्गत बनाया गया भारतीय प्रतिभूति और एक्सचेंज बोर्ड।

(थ) "समिति" का अर्थ समिति पंजीकरण अधिनियम 1860 के अंतर्गत स्थापित समिति या फिलहाल प्रवृत्त राज्य या केन्द्रीय विधि के अन्तर्गत स्थापित अन्य कोई समिति है।

(द) "ट्रेडींग" का तात्पर्य यूनिटों के पहले आबंटन के बाद राष्ट्रीय शेयर बाजार (एनएसई) के थोक ऋण खंड के जरिए यूनिटों के खरीद अथवा बिक्री में व्यवहार से है।

(ध) "यूनिट" का अर्थ यूनिट पूंजी में दस रुपये के अंकित मूल्य का एक अविभक्त शेयर है।

(न) "यूनिट पूंजी" का तात्पर्य फिलहाल यूनिट योजना के अंतर्गत निर्गत और शेष यूनिटों के अंकित मूल्य के योग से है।

(प) "यूनिट ट्रस्ट" या "ट्रस्ट" का तात्पर्य अधिनियम की धारा 3 के अंतर्गत स्थापित भारतीय यूनिट ट्रस्ट से है।

(फ) इसमें अपरिभाषित लेकिन अधिनियम/विनियमावली में परिभाषित अन्य सभी अभिव्यक्तियों के वही अर्थ होंगे, जो अधिनियम/विनियमावली में दिये गये हैं।

(ब) एक वचन वाले शब्दों में बहुवचन शामिल हैं और सभी पुल्लिंग संदर्भों में स्त्रीलिंग तथा एक में दूसरे के विपर्यय शामिल हैं। इस योजना के अन्य उपबंध पृष्ठ सं. 25 से पृष्ठ सं. 33 में दिए गए हैं।

मासिक आय योजना 1997 (V) [एमआईएस '97 (V)] के अंतर्गत बनाये गए मासिक आय प्लान 1997 (V) [एमआईएस '97 (V)] के ब्योरे यहां नीचे दिए जाते हैं :

I. परिभाषाएं :

शब्द जो प्लान में परिभाषित नहीं किये गये हैं तथा योजना और अधिनियम/विनियमों में परिभाषित किए गए हैं उनके अपने-अपने अर्थ योजना/अधिनियम/विनियमों में दिए गए अर्थ हैं।

II. प्रत्येक यूनिट का अंकित मूल्य :

इस योजना के अंतर्गत जारी किए गए प्रत्येक यूनिट का अंकित मूल्य दस रुपये होगा।

III. यूनिटों के लिए आवेदन :

(1) यूनिटों के लिए आवेदन निवासियों और अनिवासियों द्वारा भी किये जा सकते हैं।

निवासी

(क) व्यक्ति, एकल या अन्य व्यक्ति के साथ या दो व्यक्तियों तक संयुक्त।

(ख) नाबालिग निवासी की ओर से माता-पिता, सौतेले माता-पिता या अन्य विधिक अभिभावक। बालिग और नाबालिग संयुक्त रूप से आवेदन नहीं कर सकते हैं।

(ग) योजना में यथापरिभाषित पात्र संस्था, जिसमें अप्रतिसंहरणीय और लिखत द्वारा निर्मित निजी न्यास शामिल है।

(घ) मानसिक रूप से विकलांग व्यक्ति के लाभ के लिये कोई व्यक्ति।

(ड.) योजना में यथापरिभाषित कोई समिति।

(च) पंजीकृत सहकारी समिति।

(छ) कंपनी अधिनियम 1956 के अन्तर्गत निर्मित कंपनी सहित अन्य निगमित निकाय एवं बैंक।

(ज) हिन्दू अविभक्त परिवार।

(झ) सेना/नौसेना/वायु सेना/पैरामिलिट्री निधियां।

(ञ) भागीदारी फर्म।

अनिवासी द्वारा पूर्णतया प्रत्यावर्तनीय आधार पर :

(क) अनिवासी वयस्क व्यक्ति या तो एकल या अन्य व्यक्ति के साथ या दो व्यक्तियों तक संयुक्त ।

(ख) नाबालिग अनिवासी की ओर से पिता/माता/सौतेले माता-पिता/विधिक अभिभावक।

(ग) अनिवासी हिंदू अविभक्त परिवार।

(घ) अनिवासी कंपनी/विदेशी निगमित निकाय जिनमें अनिवासी भारतीयों का स्वत्वाधिकार कम से कम 60% तक हो।

(2) भागीदारी फर्म द्वारा आवेदन, फर्म के अनधिक तीन सदस्यों द्वारा किया जाना चाहिए तथा ट्रस्ट सभी व्यावहारिक उद्देश्यों के लिए प्रथम नामित सदस्य को ही सदस्य के रूप में मान्यता देगा।

(3) आवेदन ट्रस्ट के अध्यक्ष/कार्यपालक न्यासी द्वारा अनुमोदित फार्म में किए जायेंगे।

IV. न्यूनतम निवेश राशि :

सभी तीनों विकल्पों के अंतर्गत आवेदन न्यूनतम रु. 10,000/- के लिए किया जाना चाहिए। कोई अधिकतम सीमा नहीं होगी। यदि निवेश रु. 10-/- के गुणकों में नहीं है तो यूनिटों का आबंटन भिन्नांक में दशमलव के बाद तीन अंकों तक किया जाएगा। रु. 50,000/- और उससे अधिक निवेश के मामले में, निवेशक को सलाह दी जाती है कि यदि उसका आयकर पीएएन/जीआईआर संख्या है तो वह उसे तथा संबंधित आयकर सर्किल के पते का उल्लेख करें।

V. एकत्र की जानेवाली न्यूनतम लक्ष्य राशि

योजना के अंतर्गत एकत्र की जानेवाली लक्ष्य राशि 100 करोड़ रुपए होगी। अत्यभिदान, यदि कोई हो, तो उसे पूरी तरह ट्रस्ट द्वारा रखा जाएगा।

यदि 100 करोड़ रुपये की लक्ष्य राशि का अभिदान न हो, तो योजना के अंतर्गत एकत्र की गई सम्पूर्ण राशि को यूनिटों की बिक्री बंद होने की तिथि से छ: सप्ताह के भीतर ट्रस्ट द्वारा खाते में देय चेक/प्रत्यर्पण आदेश द्वारा धन वापस किया जाएगा।

उक्त अनुबद्ध अवधि के भीतर राशि वापस न करने की स्थिति में बिक्री बंद होने की तिथि से छ: सप्ताहों की समाप्ति पर ट्रस्ट आवेदक को 15% प्रति वर्ष की दर से ब्याज का भुगतान करने का जिम्मेदार होगा।

VI. खर्चों पर सीमा

योजना के अंतर्गत एकत्र निधि का निर्गम पूर्व व्यय 6% से अधिक नहीं होगा। योजना के प्रारंभिक निर्गम खर्चों का अनुमान निम्नानुसार है :

व्यय	%
मुद्रण और डाक	1.50
प्रचार और मार्केटिंग	1.75
एजेंटों को कमीशन	1.50
रजिस्ट्रारों का प्रभार	0.50
बैंक प्रभार	0.25
स्टाम्प शुल्क	0.50
योग	6.00

इस प्रकार किसी निवेशक द्वारा निवेश किए गए प्रत्येक रुपये में से कम से कम 94 पैसे का इस योजना में निवेश किया जाएगा।

आरंभिक निर्गम व्ययों के अतिरिक्त आवर्ती आधार पर योजना का निम्नलिखित व्यय होगा। अनुमानित आवर्ती व्यय निम्नानुसार हैं :

व्यय	%
प्रशासनिक व्यय	0.90
अभिरक्षण शुल्क	0.50
विकास प्रारक्षित निधि	0.25
कर्मचारी कल्याण न्यास	0.10
रजिस्ट्रारों के लिए शुल्क	0.50
योग	2.25

उपरोक्त व्यय अनुमानित हैं और वास्तविक रूप से किए गए व्ययों के साथ परिवर्तित किए जाने के अधीन हैं। फिर भी, सेबी (म्यूचुअल फंड) विनियम, 1996 के अनुसार कुल आरंभिक निर्गम व्ययों के रूप में कुल व्यय एकत्र निधि की 6% की सीमा के भीतर होंगे।

योजना का कुल वार्षिक आवर्ती व्यय, आरंभिक निर्गम व्ययो एवं प्रतिदान व्ययों को छोड़कर परंतु प्रशासनिक व्ययों, विकास प्रारक्षित निधि और कर्मचारी कल्याण न्यास में अंशदान को सम्मिलित करते हुए निम्नलिखित सीमा के अधीन होंगे :

(i)	प्रथम 100 करोड़ रुपये की औसत मासिक शुद्ध आस्तियों पर	- 2.25%
(ii)	अगले 300 करोड़ रुपये की औसत मासिक शुद्ध आस्तियों पर	- 2.00%
(iii)	अगले 300 करोड़ रुपये की औसत मासिक शुद्ध आस्तियों पर	- 1.75%
(iv)	आस्तियों के शेष पर	- 1.50%

प्रशासनिक व्यय, विकास प्रारक्षित निधि में अंशदान एवं कर्मचारी कल्याण न्यास में अंशदान, सेबी (एमएफ) विनियम, 1996 के विनियम 52 के खण्ड 2 के अंतर्गत उल्लिखित सीमा से अधिक नहीं होंगे। नामत:

i) योजना के लिए प्रत्येक लेखा वर्ष में बकाया मासिक औसत शुद्ध आस्तियों का 1.25%, जब तक कि शुद्ध आस्तियाँ 100 करोड़ से अधिक नहीं हो जातीं, और

ii) 100 करोड़ से ऊपर की अतिरिक्त राशि का एक प्रतिशत, जहाँ इस प्रकार परिगणित शुद्ध आस्तियाँ 100 करोड़ से अधिक हों।

सेबी (म्यूचुअल फंड) अधिनियम, 1996 के अनुसार, यूटीआई निवेश प्रबंधन एवं परामर्श शुल्क पर कोई प्रभार नहीं लेता है। तथापि, यूटीआई द्वारा यह सुनिश्चित किया जाएगा कि निर्गम पूर्व व्यय एवं वार्षिक आवर्ती व्यय सेबी (म्यूचुअल फंड) विनियम, 1996 के विनियम 52 के अंतर्गत दर्शाए गए सीमा के भीतर ही होंगे।

VII. भुगतान विधि :

(1) (i) किसी आवेदक द्वारा आवेदित यूनिटों के लिए भुगतान आवेदन पत्र के साथ नकद, चेक या ड्राफ्ट द्वारा किया जाएगा। यदि आवेदन यूटीआई के शाखा कार्यालयों में जमा किए जाएं, तो चेक या ड्राफ्ट उसी शहर में स्थित बैंकों की शाखा पर आहरित किए जाएं, जिस शहर में स्थित शाखा कार्यालय में आवेदन जमा किया जाता है।

लेकिन, जहां आवेदक ट्रस्ट के शाखा कार्यालय/संग्रहण केंद्र/विशेष अधिकृत कार्यालय वाले स्थान से भिन्न स्थान से आवेदन करना चाहे तो आवेदित यूनिटों के लिये आवेदन पत्र के साथ देय बैंक ड्राफ्ट के लिये देय बैंक प्रभार घटाकर भारतीय बैंक संघ के दिशानिर्देश के अनुसार बैंक ड्राफ्ट ट्रस्ट को भेजते हुए ऐसा कर सकता है। संग्रहण केन्द्रों/विशेष बिक्री कार्यालयों को, स्थानीय देय चेक अथवा उन स्थानों में जहां तक योजना विकेन्द्रीकृत है, देय मांग पत्र के साथ, जिसमें आवेदक, भारतीय बैंक संघ के दिशानिर्देशों के अनुसार प्रभार कम कर सकता हो, आवेदन स्वीकार करने के लिए प्राधिकृत किया जाता है। उदाहरणार्थ, यदि आवेदन राशि रु.10,000/- है तथा बैंक ड्राफ्ट प्रभार इस राशि के लिए रु.20/- है। इस तरह, ड्राफ्ट रु.9,980/- (रु.10,000/- में से रु. 20/- घटाकर) के लिएं बनवाया जा सकता है। ड्राफ्ट कमीशन प्रभार प्लान के आरंभिक निर्गम व्ययों का एक अंश होगा।

किंतु, जहां ट्रस्ट का कार्यालय/संग्रहण केंद्र/विशेष बिक्री कार्यालय है और आवेदन स्थानीय बैंक ड्राफ्ट के साथ मिला है तो बैंक ड्राफ्ट कमीशन निवेशक को ही वहन करना होगा।

(ii) यदि भुगतान चेक द्वारा किया जाए तो स्वीकृति तिथि, ट्रस्ट के शाखा कार्यालय या प्राधिकृत संग्रहण केन्द्र द्वारा चेक प्राप्ति की तिथि होगी, बशर्ते चेक की वसूली हो।

यदि भुगतान ड्राफ्ट द्वारा किया जाए तो स्वीकृति तिथि, ऐसे ड्राफ्ट की निर्गम तिथि होगी, बशर्ते ड्राफ्ट की वसूली हो। लेकिन, आवेदन ट्रस्ट के शाखा कार्यालय या प्राधिकृत संग्रहण केन्द्र में ड्राफ्ट जारी होने की तिथि से 7 दिनों के भीतर प्राप्त हो जाए। यदि इस प्लान के अंतर्गत आवेदन राशि न्यूनतम निवेश से कम है, तो सम्पूर्ण राशि ट्रस्ट द्वारा यथोचित रीति से आवेदक को उसके खर्चे पर वापस लौटा दी जाएगी।

(iii) प्रत्यावर्तन लाभों के साथ निवेश की विधि :

एनआरआई/ओसीबी द्वारा किए गए निवेश पर प्रत्यावर्तन का अधिकार निवेशित पूंजी और उस पर अर्जित आय तथा पूंजी वृद्धि (यदि लागू हो) पर तब तक होगा जब तक निवेशक भारत के बाहर का निवासी बना रहेगा। इन स्थितियों में निवेश निम्नलिखित विधियों में से किसी एक के माध्यम से किया जा सकता है।

(क) विदेशी मुद्रा में ड्राफ्ट

(ख) विदेशी बैंकों/विनिमय गृह द्वारा यूटीआई के पक्ष में रुपये में जारी किया गया ड्राफ्ट जो उनके भारतीय संपर्ककर्ता बैंकों पर आहरित हो।

(ग) भारत स्थित बैंक में निवेशक द्वारा कायम रखे गए एनआरई खाते पर आहरित चेक द्वारा।

(घ) एफसीएनआर जमाओं की राशि से जारी किए गए चेक/ड्राफ्ट द्वारा।

रुपये के अलावा, नेपाल और भूटान की मुद्राओं में अदायगी स्वीकार नहीं की जाती है। यूनिटों में निवेश रुपये में किया जाता है, विदेशी मुद्रा के सभी ड्राफ्टों को उस दर पर रुपये में परिवर्तित किया जाता है जो परिवर्तन के समय प्रचलित हो।

यदि कोई कमी पड़ती हो, तो उसे एनआरआई निवेशक द्वारा विप्रेषित किया जाएगा।

उपरोक्त को ध्यान में रखते हुए यह सलाह दी जाती है कि एनआरआई/ओसीबी निवेशक उपर्युक्त (ख) और (ग) में उल्लिखित लिखतों के द्वारा अदायगी करें।

(iv) प्रत्यावर्तन लाभों के बिना निवेश विधि :

जहां एनआरओ खाते में धारित निधियों का उपयोग यूनिटों की खरीद के लिए किया जाता है तो इस प्रकार निवेश की गई निधियां और उन पर अर्जित आय तथा पूंजी वृद्धि (यदि लागू हो) भारत के बाहर प्रत्यावर्तन के लिए योग्य नहीं होगी।

तथापि भा.रि. बैंक के दिनांक 19 अगस्त, 1994 के परिपत्र ए.डी. (एम.ए.श्रृंखला) सं. 18 के अनुसार वित्तीय वर्ष 1996-97 के दौरान और उसके उपरांत अर्जित सम्पूर्ण आय पूर्ण प्रत्यावर्तन के योग्य होंगी।

जबकि इन मामलों में यूटीआई-एनआरओ खाते में जमा करने के लिए रुपये में अदायगी करेगा, निवेशकों को यह सूचना दी जाती है कि यदि वे यूनिटों पर आय का प्रेषण प्राप्त करना चाहते हों तो अपने बैंक/कर सलाहकार से संपर्क करें।

(2) (क) <u>आवेदन स्वीकृत या अस्वीकृत करने का ट्रस्ट का अधिकार :</u>

ट्रस्ट को यह अधिकार होगा कि वह अपने विवेक के अनुसार योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान में यूनिट जारी करने के लिए आवेदन स्वीकृत और/या अस्वीकृत कर सके। ट्रस्ट निम्नलिखित परिस्थितियों में यूनिटें जारी करने हेतु आवेदन अस्वीकृत कर सकता है :

i. यदि आवेदन रु. 10,000/- की न्यूनतम निवेश राशि से कम के लिए प्राप्त हुआ हो,

ii. यदि आवेदन पहले आवेदक द्वारा हस्ताक्षरित न हो और

iii. यदि आवेदक, योजना में निवेश करने के लिए पात्र न हो। योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान में आवेदन करने के संबंध में किसी व्यक्ति की पात्रता या अन्यथा के बारे में ट्रस्ट का निर्णय अंतिम होगा।

(ख) <u>अपूर्ण आवेदन अस्वीकृत किये जा सकते हैं :</u>

आवेदन अपूर्ण पाये जाने पर, अस्वीकृत कर दिया जाएगा और बिना किसी ब्याज या अन्य राशि के, चाहे जो भी हो, आवेदन राशि ट्रस्ट द्वारा यथाशीघ्र वापस कर दी जाएगी।

अपेक्षित परिचालनगत और प्रक्रियागत औपचारिकताएं पूरी होने के बाद राशि वापस की जाएगी।

(3) <u>यूनिट जारी होने के पहले आवेदक को योजना और उसके अन्तर्गत बने प्लान से संबंधित अपेक्षाओं को पूरा करना होगा :</u>

योजना और उसके अन्तर्गत बने प्लान में यूनिटों के लिए आवेदन करनेवाले व्यक्तियों पर, आवेदन करने की अपनी पात्रता के बारे में ट्रस्ट को संतुष्ट करना होगा और ट्रस्ट की सभी अपेक्षाएं जैसे न्यासों से प्राप्त आवेदन पत्र के मामले में ट्रस्ट विलेख, प्रबंध समिति का यूनिटें खरीदने संबंधी संकल्प, नाबालिग की ओर से प्राप्त आवेदन पत्र के मामले में जन्म प्रमाणपत्र, भागीदारी फर्म की ओर से आवेदन के मामले में भागीदारी विलेख की सत्यापित प्रति आदि जो निवेशक की श्रेणी पर निर्भर करेगा। ऐसी अपेक्षाएं पूरी करने या नहीं करने के प्रति ट्रस्ट की संतुष्टि उसके अपने विवेक पर निर्भर होगी।

गलत घोषणा करके यूनिट रखने वाला व्यक्ति अपनी सदस्यता के निरस्तीकरण का भागी होगा और उसका नाम सदस्यों की पंजी से काट दिया जाएगा।

ट्रस्ट को अधिकार होगा कि वह ऐसी स्थिति में 25% दण्ड के तौर पर घटाने के बाद सममूल्य पर या ट्रस्ट द्वारा निर्धारित मूल्य पर यूनिटों की पुनर्खरीद करे और गलती से भुगतान किये गये आय वितरण की वसूली पुनर्खरीद राशि से करे और शेष वापस करे।

पुनर्खरीद करने और आवेदक को पुनर्खरीद राशि भेजने में ट्रस्ट को जो भी समय लगेगा उसके लिये राशि पर कोई ब्याज देय नहीं होगा।

VIII. यूनिटों की बिक्री :

पेशकश की अवधि के दौरान यूनिटों की बिक्री सममूल्य पर होगी। ट्रस्ट द्वारा यूनिटों की बिक्री-संविदा, स्वीकृति तिथि को पूरी हुई समझी जाएगी। बिक्री-संविदा पूर्ण होने पर ट्रस्ट यथाशीघ्र सदस्य को उनके विकल्प के अनुसार सदस्यता सूचना/यूनिट प्रमाणपत्र जारी करेगा। ट्रस्ट द्वारा पात्र संस्था फर्म या निगमित निकाय को जारी सदस्यता सूचना/यूनिट प्रमाणपत्र पात्र संस्था/फर्म/निगमित निकाय के नाम से जारी करेगा। इस प्रकार प्रेषित सदस्यता सूचना/यूनिट प्रमाणपत्र के खो जाने, क्षतिग्रस्त हो जाने, गलत डिलिवरी या डिलिवरी नहीं होने का कोई दायित्व ट्रस्ट पर नहीं होगा।

ट्रस्ट प्लान के अंतर्गत यूनिटों की बिक्री की समाप्ति तिथि से 6 हफ्तों के भीतर सदस्यता सूचना/यूनिट प्रमाणपत्र भेजने का प्रयास करेगा।

IX. यूनिटों की पुनर्खरीद :

(1) प्लान के आरंभ होने के तीन वर्ष के बाद अर्थात् 1 जनवरी, 2001 से प्लान के सभी तीनों विकल्पों के अंतर्गत पुनर्खरीद आरंभ होगी। योजना और उसके अंतर्गत बनाए प्लान के अंतर्गत पहले तीन वर्ष के दौरान मृत्यु संबंधी दावों के निपटान के मामले छोड़कर कोई पुनर्खरीद नहीं की जाएगी। पुनर्खरीद मूल्य यूनिटों के एनएवी पर (पूर्ववर्ती आधार पर) आधारित होगा और उसे प्लान के आरंभ होने की तारीख से छ: माह पश्चात् अर्थात् 01.07.1998 को तथा उसके बाद 31.12.2000 तक त्रैमासिक आधार पर समाचार पत्र में प्रकाशन हेतु जारी किया जाएगा। 01.01.2001 से एक माह के अनधिक अंतराल पर पुनर्खरीद मूल्य की घोषणा की जाएगी। किसी माह के लिए मान्य पुनर्खरीद मूल्य पिछले माह के आखिरी मूल्यांकन दिवस पर तय किए गए एनएवी पर आधारित है।

इसके अतिरिक्त, निवेश का एक भाग इक्विटी में होने के कारण पूंजी वृद्धि की संभावना है।

(2) मासिक आय विकल्प :

ट्रस्ट योजना और उसके अंतर्गत बनाए गए प्लान के आरंभ होने की तारीख के तीन वर्ष के बाद से यूनिटों की पुनर्खरीद की पेशकश करेगा। पुनर्खरीद पूर्ववर्ती एनएवी पर आधारित होगा और प्लान के प्रारंभ होने के छ: माह के पश्चात् अर्थात् 01.07.98 को तथा उसके पश्चात् 31.12.2000 तक त्रैमासिक आधार पर समाचार

पत्रों में प्रकाशन के लिए जारी करेगा। 01.01.2001 से एक माह के अनधिक अंतराल पर पुनर्खरीद मूल्य की घोषणा की जाएगी। पुनर्खरीद मूल्य परिकलित करते समय ट्रस्ट को प्रशासकीय व्यय और अन्य प्रभार, जो प्रति यूनिट एनएवी के 5% से अधिक न हों, की कटौती करने की स्वतंत्रता होगी। पुनर्खरीद, सदस्यता सूचना एवं सादे कागज पर अनुरोध पत्र के साथ जो सभी सदस्यों द्वारा विधिवत् हस्ताक्षरित हो, एवं अन्य व्यक्ति, जिसका नाम, पेशा और पता दिया गया हो, के साक्ष्य सहित, सदस्यता सूचना/विधिवत् उन्मोचित यूनिट प्रमाणपत्र प्राप्त होने पर, प्रभावी होगी। आंशिक पुनर्खरीद की अनुमति होगी, बशर्ते सदस्य द्वारा न्यूनतम शेष रु.10,000/- (अंकित मूल्य) कायम रखा जाए। पुनर्खरीद के लिए आवेदन करते समय सदस्य को पुनर्खरीद माह सहित तथा उसके बाद के महीनों के बचे हुए शेष अनभुनाए हुए आय वितरण वारंट ट्रस्ट को सौंपने होंगे।

पूर्ण रूप से पुनर्खरीद की स्थिति में, ट्रस्ट पुनर्खरीद के अनुरोध पत्र सहित सदस्यता सूचना/यूनिट प्रमाणपत्र विधिवत् उन्मोचित प्राप्त होने पर भावी महीने के लिए यूनिट पर आय वितरण का भुगतान करने के लिए बाध्य नहीं होगा और न ही पुनर्खरीद की प्राप्तियों पर कोई ब्याज देय होगा।

प्राप्त सभी दस्तावेज और अदत्त आय वितरण वारंट, यदि हों, निरस्तीकरण के लिये ट्रस्ट द्वारा रख लिये जाएंगे।

आंशिक पुनर्खरीद की स्थिति में अपने पास रखे जानेवाले यूनिटों की संख्या पर निर्भर करते हुए सदस्य को नयी सदस्यता सूचना/यूनिट प्रमाणपत्र और स्वीकृति माह सहित शेष अवधि के लिए आय वितरण वारंटों का नया सेट जारी किया जाएगा। पुनर्खरीद राशि पर कोई ब्याज देय नहीं होगा।

(3) पूर्ववर्ती उप-खण्डों में अन्तर्विष्ट किसी बात के बावजूद, ट्रस्ट यूनिट की पुनर्खरीद करते समय, सदस्य द्वारा उस समय तक बकाया आय वितरण वारंटों को अभ्यर्पित नहीं करने की स्थिति में ट्रस्ट ऐसे आय वितरण वारंटों की भविष्य में देय राशि पुनर्खरीद मूल्य में से घटाकर सदस्य को शेष राशि का भुगतान करने के लिए स्वतंत्र होगा। ट्रस्ट को सदस्यता सूचना और पुनर्खरीद का अनुरोध पत्र/यूनिट प्रमाणपत्र विधिवत् उन्मोचित प्राप्त हो जाने के बाद तथा पूर्ण पुनर्खरीद की स्थिति में सदस्य को स्वीकृति माह के आय वितरण सहित भावी आय वितरण प्राप्त करने का अधिकार नहीं रह जायेगा और ऐसे बकाया आय वितरण की राशि का दावेदार ट्रस्ट होगा।

(4) मासिक आधार पर प्रदत्त पूरे वर्ष के आय वितरण के हकदार बनने के लिए सदस्य को यूनिट पूरे वर्ष तक रखने होंगे। वर्ष के किसी भाग के लिये यूनिट रखनेवाला सदस्य केवल धारण अवधि के लिये, जो हमेशा पूर्ण अंग्रेजी कैलेन्डर मास की होगी, आनुपातिक आय वितरण प्राप्त करने का हकदार होगा और माह के भाग को, चाहे वह कितने भी दिन का क्यों न हो, हमेशा छोड़ दिया जाएगा।

(5) सदस्य की मृत्यु हो जाने की स्थिति में विधिक प्रतिनिधि या नामिती द्वारा सदस्यता सूचना/यूनिट प्रमाणपत्र, पुनर्खरीद के लिए अनुरोध पत्र और बकाया अदत्त आय वितरण वारन्ट ट्रस्ट को सौंपे जाने के बाद वह (ट्रस्ट) दावे की मान्यता संबंधी निर्धारित आवश्यकता पूरी होने पर अपने नियमों और दिशा-निर्देशों के अनुसार इसमें ऊपर उपखण्ड (2) और (3) में यथावर्णित रूप में यूनिट की पुनर्खरीद करेगा और दावे की निपटान तिथि तक के बकाया मासिक आय वितरण का आनुपातिक भुगतान करेगा।

(6) **वार्षिक एवं संचयी विकल्प**

संचयी विकल्प के अंतर्गत जारी यूनिटों के मामले में ट्रस्ट और योजना और उसके अंतर्गत बनाए गए प्लान के आरंभ होने की तारीख से तीन वर्ष के बाद अर्थात् 1 जनवरी, 2001 से यूनिटों के पुनर्खरीद की पेशकश करेगा। पुनर्खरीद मूल्य यूनिटों के एनएवी पर (पूर्ववर्ती आधार पर) आधारित होगा और उसे प्लान के आरंभ होने की तारीख से 6 माह पश्चात अर्थात 01/07/98 को तथा उसके बाद 31/12/2000 तक त्रैमासिक आधार पर समाचार-पत्र में प्रकाशन हेतु जारी किया जाएगा। 01/01/2001 से एक माह के अनधिक अंतराल पर पुनर्खरीद मूल्य की घोषणा की जाएगा। पुनर्खरीद मूल्य परिकलित करते समय ट्रस्ट प्रति यूनिट एनएवी के 5% तक प्रशासकीय व्यय और अन्य प्रभार काटने के लिए स्वतंत्र होगा।

आंशिक पुनर्खरीद की अनुमति होगी, बशर्ते सदस्य द्वारा न्यूनतम शेष रु. 10,000/- (अंकित मूल्य) कायम रखा जाए।

(7) ट्रस्ट द्वारा कटौती, यदि कोई हो, करने के बाद पुन:खरीदे गए यूनिटों के लिए भुगतान, सदस्यता सूचना के साथ पुनर्खरीद हेतु अनुरोध पत्र/विधिवत् रूप से उन्मोचित यूनिट प्रमाणपत्र तथा लाभांश वारंट, यदि कोई हो, के प्राप्त होने के 10 दिन के भीतर ऐसे केन्द्र पर किया जाएगा जहां पुनर्खरीद अनुरोध संसाधित किए जाते हैं।

आवेदक को देय राशि पर किसी भी कारण से कोई ब्याज देय नहीं होगा तथा ट्रस्ट द्वारा प्रेषित चेक या ड्राफ्ट का प्रेषण (डाक खर्च सहित) या वसूली खर्च आवेदक द्वारा वहन किया जाएगा।

(8) अनिवासी निवेशकों के मामले में पुनर्खरीद राशियां निवेश के स्रोत पर निर्भर रहते हुए निम्नानुसार प्रेषित की जाएंगी :

(क) जब यूनिट विदेश से भेजी गई विदेशी मुद्रा/सदस्य की एफसीएनआर जमाओं की राशियों से या सदस्य के भारत में रखे अनिवासी (बाह्य) खाते में रखी निधियों से जारी चेक/ड्राफ्ट द्वारा खरीदे गए हों तो सदस्य को राशियां विदेशी मुद्रा में (विनिमय दर में उतार-चढ़ाव का वहन सदस्य को करना होगा) प्रेषित की जा सकती हैं या सदस्य के भारत स्थित संबंधी को सदस्य के अनिवासी (बाह्य) खाते में जमा करने के लिए भेजी जा सकती हैं बशर्ते सदस्य विदेश में रह रहा हो। यदि सदस्य चाहे तो इन राशियों को उसके अनिवासी (सामान्य) खाते में जमा करने के लिए भी भेजा जा सकता है।

(ख) जब यूनिट सदस्य के अनिवासी (सामान्य) खाते में रखी निधियों से खरीदे गए हों तो राशियां सदस्य के भारत स्थित संबंधी को सदस्य के अनिवासी (सामान्य) खाते में जमा करने के लिए भेजी जाएंगी।

X. यूनिटों की पुनर्खरीद पर प्रतिबंध :

योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान के किसी भी उपबंध में अंतर्विष्ट किसी बात के होने के बावजूद ट्रस्ट यूनिट की पुनर्खरीद के लिए बाध्य नहीं होगा :

(i) ऐसे दिन, जो कार्य-दिवस नहीं हों; और

(ii) ट्रस्ट द्वारा यथाधिसूचित किसी भी उद्देश्य के लिए सदस्यों की पंजी बंद हो, ऐसी (ट्रस्ट द्वारा यथाधिसूचित) अवधि के दौरान।

स्पष्टीकरण : इस योजना और इसके अंतर्गत बने प्लान के प्रयोजनार्थ शब्द "कार्य दिवस" का अर्थ वह दिन है, जो न तो

(i) महाराष्ट्र राज्य या ऐसे अन्य राज्यों में, जहां ट्रस्ट के कार्यालय हों, सार्वजनिक अवकाश के रूप में परक्राम्य लिखत अधिनियम 1881 के अंतर्गत अधिसूचित हो और न ही

(ii) भारत के राजपत्र में ट्रस्ट द्वारा ऐसे दिवस के रूप में अधिसूचित किया गया हो कि उस दिन ट्रस्ट का कार्यालय बंद रहेगा।

XI. सूचीबद्धता :

अभिदान बंद होने की तारीख से छ: माह के भीतर इस योजना के अंतर्गत जारी यूनिट एनएसई के थोक ऋण खंड पर सूचीबद्ध किए जाएंगे। सेबी से योजना का अनुमोदन प्राप्त होने के तुरंत बाद सेबी (म्यूचुअल फंड) अधिनियम, 1996 के विनियम 32 के अनुसार एनएसई को सूचीबद्धता के लिए आवेदन किया जाएगा।

XII. सदस्यता सूचना/यूनिट प्रमाणपत्र :

ट्रस्ट आवेदक को सदस्य के विकल्प पर, सदस्यता सूचना/यूनिट प्रमाणपत्र जारी करेगा।

यूनिट प्रमाणपत्र अंतरणीय है जबकि सदस्यता सूचना नहीं। हालांकि, निवेशक के प्लान में शामिल होने के संबंध में दोनों समान रूप से वैध साक्ष्य हैं। निवेशक, आवेदन पत्र में उपयुक्त स्थान पर निशान लगा करके सदस्यता सूचना या यूनिट प्रमाणपत्र में से कोई एक प्राप्त करने का चयन कर सकते हैं। सामान्यतया, ऐसे निवेशक जो योजना के सूचीबद्ध होने पर शेयर बाजारों में लेन-देन करना चाहते हैं वे यूनिट प्रमाणपत्र हेतु अपना विकल्प दे सकते हैं। तथापि, यदि आवेदन पत्र में कोई वरीयता न दी गई हो तो निवेशक को सदस्यता सूचना भेजी जाएगी।

अनिवासी भारतीय सदस्यता सूचना/यूनिट प्रमाणपत्र के प्रेषण के लिए निम्नलिखित में से किसी एक तरीके का चयन कर सकता है :

(क) आवेदक के भारतीय/विदेशी पते पर

या

(ख) आवेदक के भारत में स्थित रिश्तेदार के पते पर

XIII. सदस्यता सूचना और यूनिट प्रमाणपत्र तैयार करने की रीति :

सदस्यता सूचना और यूनिट प्रमाणपत्र ट्रस्ट के कार्यपालक निदेशक द्वारा निर्णीत रूप के अनुसार होगी।

जैसा बोर्ड समय-समय पर निर्धारित करेगा, यूनिट प्रमाणपत्र उत्कीर्ण या लिथोग्राफ या मुद्रित किया जाएगा और ट्रस्ट द्वारा विधिवत् रूप से अधिकृत दो व्यक्तियों द्वारा, ट्रस्ट की ओर से हस्ताक्षरित होगा। ऐसा प्रत्येक हस्ताक्षर, स्वहस्ताक्षरित होगा या किसी यांत्रिक विधि से लगाया गया होगा। जब तक यूनिट प्रमाणपत्र इस रूप में हस्ताक्षरित नहीं होगा, तब तक वह वैध नहीं होगा। इस रूप में हस्ताक्षरित यूनिट प्रमाणपत्र वैध और बाध्यकारी होगा भले ही उसके जारी होने से पहले कोई व्यक्ति जिसका हस्ताक्षर उस पर है, ट्रस्ट की ओर से यूनिट प्रमाण पत्र पर हस्ताक्षर करने हेतु अधिकृत व्यक्ति न रहा हो।

किंतु यदि इस रूप में तैयार किए गए यूनिट प्रमाण पत्र में किसी प्राधिकृत व्यक्ति के हस्ताक्षर हैं जो प्रमाणपत्र जारी होने के समय मृत है तो ट्रस्ट किसी तरीके से जिसे वह सर्वोत्तम समझता है, प्रमाणपत्र पर विद्यमान उक्त व्यक्ति के हस्ताक्षर को निरस्त कर सकता है और उस पर किसी अन्य प्राधिकृत व्यक्ति के हस्ताक्षर करवा सकता है। इस रूप में जारी यूनिट प्रमाणपत्र भी वैध होंगे।

XIV. <u>सदस्यता सूचना/यूनिट प्रमाणपत्र का विनिमय और सदस्यता सूचना/यूनिट प्रमाणपत्र के कट-फट जाने, विरूपित हो जाने, खो जाने आदि की स्थिति में प्रक्रिया</u> :

सदस्यता सूचना

योजना और इसके अन्तर्गत बने प्लान में सदस्य उक्त प्रयोजनार्थ ऐसे नियमों/दिशा-निर्देशों/प्रक्रियाओं का पालन करेंगे और ऐसे दस्तावेजों का निष्पादन करेंगे, जो समय-समय पर ट्रस्ट द्वारा बनाये जाएंगे/अपेक्षित होंगे।

यूनिट प्रमाणपत्र

(1) यदि कोई यूनिट प्रमाणपत्र कट-फट जाता है या घिसपिट या विरूपित हो जाता है तो ऐसे मामले में ट्रस्ट अपने विवेक के अनुसार स्वत्वाधिकारी व्यक्ति को एक नया यूनिट प्रमाणपत्र जारी कर सकता है जिसके यूनिटों की कुल संख्या उतनी ही होगी जितनी कि कटे-फटे, विरूपित यूनिट प्रमाणपत्र की थी। यदि कोई यूनिट प्रमाणपत्र खो जाता है, चुराया जाता है या नष्ट हो जाता है तो ट्रस्ट अपने विवेक के अनुसार स्वत्वाधिकारी व्यक्ति को उसके बदले में नया यूनिट प्रमाणपत्र जारी करेगा।

कोई नया यूनिट प्रमाणपत्र तब तक जारी नहीं किया जाएगा जब तक आवेदक -

(i) मूल यूनिट प्रमाणपत्र के कटे-फटे होने, टूटने, विरूपित होने, खो जाने, चुरा लिए जाने या नष्ट हो जाने के संतोषजनक साक्ष्य ट्रस्ट को प्रस्तुत नहीं करता।

(ii) तथ्यों की जाँच के संबंध में सभी खर्चों का भुगतान नहीं करता।

(iii) (कटे-फटे या घिसे-पिटे या विरूपित यूनिट प्रमाणपत्र के मामले में), ट्रस्ट को ऐसे कटे-फटे, घिसे-पिटे या विरूपित यूनिट प्रमाणपत्र प्रस्तुत और अभ्यर्पित नहीं करता और

(iv) ट्रस्ट को आवश्यक क्षतिपूर्ति बंध पत्र प्रस्तुत नहीं करता।

इस खण्ड के प्रावधान के अंतर्गत ट्रस्ट सद्भावना के आधार पर उक्त प्रमाणपत्र जारी करने का उत्तरदायित्व नहीं लेगा।

(2) इस खण्ड के प्रावधान के अंतर्गत कोई प्रमाणपत्र जारी करने से पहले ट्रस्ट चाहेगा कि आवेदक इसके द्वारा निर्गत प्रत्येक यूनिट प्रमाणपत्र पर पांच रुपये का भुगतान करे। साथ ही ट्रस्ट के मतानुसार किन्हीं प्रभारों या करों के लिए पर्याप्त धन राशि या डाक पंजीकरण खर्च सहित जो उक्त प्रमाणपत्र को जारी करने और प्रेषित करने के संबंध में देय हो, उसे भी जमा करेगा।

उपरोक्त के बावजूद, योजना के अंतर्गत सदस्य को ऐसे नियमों/दिशानिर्देशों/प्रक्रियाओं का पालन करना होगा तथा ऐसे दस्तावेज निष्पादित करने होंगे जो समय-समय पर ट्रस्ट द्वारा प्रतिपादित/अपेक्षित होंगे।

XV. **सदस्यों की पंजी :**

सदस्यों के पंजीकरण के सम्बंध में निम्नलिखित उपबंध लागू होंगे :

(1) ट्रस्ट द्वारा सदस्यों की पंजी रखी जाएगी और अन्य बातों के साथ-साथ पंजी में निम्नलिखित दर्ज किए जाएंगे;

(क) सदस्यों के नाम और पते;

(ख) सदस्यता सूचना/यूनिट प्रमाणपत्रों की संख्या और हरेक ऐसे व्यक्ति द्वारा धारित यूनिटों की संख्या; और

(ग) जिस तिथि को ऐसा व्यक्ति अपने नाम के यूनिटों का धारक हो गया।

(2) सदस्य की ओर से उसके नाम और पते के परिवर्तन की सूचना ट्रस्ट को दी जाएगी। ट्रस्ट ऐसे परिवर्तन से संतुष्ट होने पर और यथापेक्षित औपचारिकताएं पूरी करने पर तदनुसार पंजी में परिवर्तन करेगा। किसी अन्य व्यक्ति, जो मानसिक रूप से विकलांग हो, के लाभ के लिये यूनिटों हेतु आवेदन के रूप में होनेवाले परिवर्तन की प्रविष्टि पंजी में तदनुसार की जाएगी।

(3) केवल पंजी बंदी को छोड़कर, इसमें इसके बाद अंतर्विष्ट उपबंधों के अनुसार कामकाज के समय के दौरान (ट्रस्ट द्वारा यथानिर्णीत समुचित प्रतिबंधों के साथ प्रत्येक कार्य दिवस को न्यूनतम दो घंटे के लिये पंजी के निरीक्षण की अनुमति दी जाएगी) सदस्य द्वारा उसके स्वयं के निवेश के संबंध में नि:शुल्क निरीक्षण के लिए पंजी खुली रहेगी।

(4) ट्रस्ट द्वारा समय-समय पर यथानिर्धारित समय और अवधि के लिये पंजी बन्द रहेगी, लेकिन एक वर्ष में 45 दिन से अधिक समय के लिये बन्द नहीं रहेगी। ट्रस्ट समाचार पत्रों में या अन्य माध्यम से विज्ञापन द्वारा ऐसी बन्दी की सूचना देगा।

(5) किसी यूनिट से संबंधित कोई स्पष्ट निहित और रचनात्मक सूचना पंजी में दर्ज नहीं की जाएगी।

XVI. पात्र संस्थाओं, नाबालिगों और मानसिक रूप से विकलांग व्यक्ति आदि के लाभ के लिये किसी आवेदक का आवेदन और पंजीकरण :

(1) पात्र संस्थाएं, निगमित निकाय और समितियां (सहकारी समितियों के साथ) सदस्य के रूप में पंजीकृत की जाएंगी।

(2) कोई भी वयस्क, जो किसी नाबालिग का माता-पिता हो, सौतेला माता-पिता हो या विधिक अभिभावक हो, अधिनियम की धारा 21 की उपधारा (2ए), के अनुसार और उपबंधित सीमा तक यूनिट रख सकता है और क्रय-विक्रय कर सकता है। अपेक्षानुसार ऐसा वयस्क ट्रस्ट द्वारा विनिर्दिष्ट रीति से नाबालिग की उम्र और नाबालिग की ओर से यूनिट रखने तथा क्रय-विक्रय करने की क्षमता का प्रमाणपत्र ट्रस्ट के समक्ष पेश करेगा। आवेदन में ऐसे वयस्क द्वारा किये गये कथन के अनुसार बिना किसी अतिरिक्त प्रमाण के ट्रस्ट को कार्य करने का अधिकार होगा।

(3) जहां किसी अन्य व्यक्ति, जो मानसिक रूप से विकलांग है, के लाभ के लिये किसी व्यक्ति द्वारा आवेदन किया जाए वहां ट्रस्ट प्रस्तुत कथन के आधार पर कार्य करेगा और ऐसा करने में यह समझा जाएगा कि ट्रस्ट सद्भावपूर्वक कार्य कर रहा है। ट्रस्ट को हक होगा कि वह केवल आवेदक के साथ व्यवहार करे और उसकी मृत्यु की स्थिति में सभी व्यावहारिक प्रयोजनों के लिए वैकल्पिक आवेदक के साथ व्यवहार करे तथा उक्त आवेदक या वैकल्पिक आवेदक को ट्रस्ट द्वारा यूनिट के सम्बंध में किया गया भुगतान ट्रस्ट के लिए सही उन्मोचन माना जाएगा।

(4) पात्र संस्थाओं, निगमित निकायों या समितियों से जब कभी अपेक्षा की जाएगी, उन्हें यूनिट में निवेश करने की आवेदक की क्षमता से संबंधित सभी दस्तावेज, जैसे संस्था के अंतर्नियम और अधिनियम उप-विधियां आदि, प्रबंध निकाय द्वारा पारित संकल्प की प्राधिकृत प्रति और अपेक्षित मुख्तारनामा की प्रति ट्रस्ट के समक्ष पेश करनी होगी।

(5) फर्म को सदस्य के रूप में पंजीकृत किया जाएगा और सदस्यता सूचना/यूनिट प्रमाणपत्र फर्म के नाम से बनाया जाएगा।

XVII. ट्रस्ट के उन्मोचन करने के लिये सदस्य द्वारा रसीद :

योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान के यूनिटों के संबंध में सदस्य को प्रदत्त राशि के लिये उसके द्वारा दी गई रसीद ट्रस्ट के प्रति अच्छा उन्मोचन होगा।

XVIII. सदस्यों द्वारा नामांकन :

(1) नामांकन सुविधा केवल अपनी ओर से आवेदन करने वाले व्यक्तियों अर्थात् एकल या संयुक्त रूप से दो तक के लिए उपलब्ध है। आवेदक एक व्यक्ति को नामित कर सकते हैं । अवयस्क तथा अनिवासी भारतीय भी नामित किए जा सकते हैं। भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा समय-समय पर जारी किए गये दिशानिर्देशों के अनुसार अनिवासी भारतीय नामित किए जा सकते हैं। प्लान के चालू रहने के दौरान आवेदक किसी भी समय नामांकन में परिवर्तन कर सकता है।

(2) सदस्यों को, जो नाबालिग की ओर से माता-पिता हों या विधिक अभिभावक हों तथा पात्र संस्था, समिति, निगमित निकाय और मानसिक रूप से विकलांग व्यक्ति के लाभ के लिए यूनिट हेतु आवेदन करने वाले आवेदक को नामांकन करने का अधिकार नहीं होगा।

अन्य प्रावधान विनियमों में उपलब्ध कराई गई सीमा तक रहेंगे।

XIX. सदस्य की मृत्यु :

(1) यूनिट के संयुक्त सदस्यों में किसी एक की मृत्यु हो जाने पर ट्रस्ट द्वारा जीवित व्यक्ति को ही योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान के यूनिटों के हकदार होने या उनके हिताधिकारी होने की मान्यता दी जाएगी।

लेकिन इसमें अंतर्विष्ट कोई भी बात उक्त यूनिटों के संदर्भ में ऐसे जीवित व्यक्ति के विरुद्ध किसी अन्य व्यक्ति के किसी अधिकार को प्रभावित नहीं करेगी।

(2) किसी एकल सदस्य की मृत्यु की स्थिति में नामिती को यूनिटों के संबंध में ट्रस्ट द्वारा देय राशि के हकदार व्यक्ति के रूप में ट्रस्ट द्वारा मान्यता दी जाएगी।

(3) किसी एकल सदस्य द्वारा वैध नामांकन नहीं किये जाने की स्थिति में मृत व्यक्ति का निष्पादक या प्रशासक या भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम 1925 (1925 का 39) के भाग 10 के अन्तर्गत जारी उत्तराधिकार प्रमाणपत्र का धारक ही वह व्यक्ति होगा, जिसे यूनिटों के हकदार के रूप में ट्रस्ट द्वारा मान्यता दी जा सकती है।

(4) किसी सदस्य/सदस्यों की मृत्यु के परिणामस्वरूप यूनिट के हकदार हो जानेवाले व्यक्ति को, ट्रस्ट द्वारा उसके हक के लिये पर्याप्त समझे गये साक्ष्य के प्रस्तुतीकरण के बाद तथा दावेदार द्वारा दावा संबंधी सभी औपचारिताएं पूरी करने के बाद मृत व्यक्ति के खाते में जमा सभी यूनिटों के पुनर्खरीद मूल्य का भुगतान किया जाएगा।

(5) यदि नामिती/विधिक उत्तराधिकारी यूनिट रखने का पात्र है तो उक्त नामिती/विधिक उत्तराधिकारी को उसकी इच्छा के अनुसार मृत व्यक्ति के खाते में जमा सभी यूनिटों का पुनर्खरीद मूल्य प्राप्त करने के बदले उसको सदस्य के रूप में यूनिट रखने और पंजीकृत सदस्य के रूप में बने रहने की अनुमति

दी जाएगी तथा जितने यूनिट वह रखना चाहेगा, न्यूनतम यूनिट रखने की शर्तों पर उतने यूनिटों का उल्लेख करते हुए उसके नाम से सदस्यता सूचना/यूनिट प्रमाणपत्र जारी किया जाएगा।

(6) जिस आवेदक ने मानसिक रूप से विकलांग व्यक्ति के लाभ के लिये यूनिटों हेतु आवेदन किया है, उसकी मृत्यु हो जाने की स्थिति में ट्रस्ट वैकल्पिक आवेदक के साथ व्यवहार करेगा, मानो वही आवेदक हो। इसके अलावा आवेदक या वैकल्पिक आवेदक की मृत्यु की स्थिति में, जैसा भी मामला हो, मौजूदा आवेदक अपने वैकल्पिक आवेदक के रूप में किसी अन्य व्यक्ति को नियुक्त करेगा।

(7) अवरुद्ध अवधि में एकल सदस्य की मृत्यु की स्थिति में ट्रस्ट आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने के बाद दावे का निपटान करेगा और संबंधित खण्ड में दिये गये ब्योरे के अनुसार या ट्रस्ट द्वारा यथानिर्णीत अन्य रीति से कानूनी वारिस/नामिती को भुगतान करेगा।

(8) अ-निवासी सदस्य(सदस्यों) की मृत्यु के मामले में यूनिटों की पुनर्खरीद राशि का विप्रेषण अ-निवासी नामिती अथवा विधिक वारिस/वारिसों को किया जा सकता है बशर्ते :

(क) यूनिटें भारत के बाहर से विप्रेषित निधि में से, भारत में अ-निवासी (ई) खाते में धारित निधि में से अथवा एफसीएनआर जमा-राशि में से खरीदी गई हों और

(ख) नामिती भारत के बाहर निवास कर रहा हो/विधिक वारिस भारत के बाहर रहता हो/रहते हों।

जहां यूनिटें एनआरओ खातों में धारित निधि से खरीदी गई हों, वहां अ-निवासी नामिती अथवा विधिक वारिस(वारिसों) के मामले में, पुनर्खरीद राशि भारत के बाहर प्रत्यावर्तन के योग्य नहीं होगी।

जहां नामिती नामांकन के समय निवासी था परंतु बाद में अ-निवासी बन गया हो, ऐसे दावों के मामले में, राशि के विप्रेषण की विधि हेतु भारतीय रिज़र्व बैंक की राय लेनी होगी।

XX. आय वितरण एवं आय का संचय :

सदस्य को 1) मासिक आय 2) वार्षिक आय या 3) संचयी विकल्प में भाग लेने के विकल्प का प्रयोग करने का अधिकार होगा।

यह योजना में निवेश के समय किया जाएगा और एक बार दिया गया विकल्प अंतिम होगा। आवेदक द्वारा प्रयोग किए गए किसी निर्दिष्ट विकल्प के अभाव में उसे मासिक आय विकल्प समझा जाएगा।

प्लान के अंतर्गत सुनिश्चित प्रतिलाभ एवं परिपक्वता पर निवेशित पूंजी की सुरक्षा की गारंटी ट्रस्ट की विकास प्रारक्षित निधि द्वारा दी गई है।

योजना एवं उसके अंतर्गत बने प्लान के प्रावधान दोनों विकल्पों के लिए लागू होंगे और जहां प्रावधानों में हेरफेर है, वहां संबंधित ब्यौरे तदनुसार दिए गए हैं।

(1) **मासिक आय विकल्प**

इस विकल्प के अंतर्गत, ट्रस्ट 11.75% प्र.व. की दर से सुनिश्चित लाभांश प्लान के पाँचों वर्षों के लिए उत्तर दिनांकित मासिक वारंटों द्वारा अदा करेगा।

निवेश उद्देश्यों और प्लान की प्रचलित नीतियों तथा लिखतों से अनुमानित लाभ, जिनमें योजना की निधियों का निवेश किया जाएगा, के आधार पर योजना को प्लान के अंतर्गत 11.75% प्रति वर्ष की दर से मासिक रूप से देय न्यूनतम लक्षित आय अदा करने के लिए पर्याप्त आय प्राप्त हो सकेगी।

(2) प्रत्येक माह के लिये आय वितरण अगले महीने के प्रारंभ में देय होगा और पूर्व भुगतान व्यवस्था के अंतर्गत ट्रस्ट द्वारा भुगतान ट्रस्ट द्वारा विनिर्दिष्ट बैंक की शाखाओं पर सममूल्य पर देय आय वितरण वारंट या किसी लिखत के माध्यम से किया जाएगा।

ऐसे यूनिट जिनकी बिक्री किसी महीने की 15 तारीख को या उसके पहले ट्रस्ट द्वारा स्वीकृत आवेदन के अंतर्गत की जा चुकी है, पूरे महीने के आय वितरण के पात्र होंगे और जो यूनिट महीने की 15 तारीख के बाद बेचे गए हों वे उस आधे महीने के आय वितरण के पात्र होंगे।

आय की हकदारी निम्न रूप से होगी :

17.11.1997 से 30.11.1997	-	आधे महीने की आय
01.12.1997 से 15.12.1997	-	पूरे महीने की आय
16.12.1997 से 31.12.1997	-	आधे महीने की आय

(3) निवेश की तिथि पर निर्भर करते हुए 31 मार्च 1998 (दिनांकित 1 फरवरी '98) तक की अवधि के लिए एक आय वितरण वारंट सदस्यता सूचना/यूनिट प्रमाणपत्रों के साथ भेज दिए जाएंगे।

उसके बाद के वर्षों के लिए आय वितरण वारंट, कर-कानूनों में हुए परिवर्तनों पर निर्भर करते हुए, प्रत्येक वष मार्च/अप्रैल महीने में जारी किया जाएगा और उसे अग्रिम रूप से भेजा जाएगा। उसके बाद के वर्षों के लिए वारंटों का प्रेषण निम्नलिखित सारणी के अनुसार होगा :

अवधि	वारंटों का प्रेषण
01.04.1998 से 31.03.1999	मार्च-अप्रैल 1998 तक
01.04.1999 से 31.03.2000	मार्च-अप्रैल 1999 तक
01.04.2000 से 31.03.2001	मार्च-अप्रैल 2000 तक
01.04.2001 से 31.03.2002	मार्च-अप्रैल 2001 तक
01.04.2002 से 31.12.2002	मार्च-अप्रैल 2002 तक

प्रत्येक वर्ष मार्च माह के लिए आय वितरण वारंट पर तारीख 31 मार्च होगी।

(4) उप खण्ड (3) के उपबंधों के अधीन मासिक आधार पर आय वितरण के भुगतान के लिए वारन्ट सदस्य को अग्रिम रूप से भेजे जाएंगे।

वारन्ट को इस प्रकार दिनांकित किया जाएगा कि सदस्य भुगतान के लिए परिपक्व होने पर प्रत्येक वारन्ट को भुना सके। हरेक वारंट तीन महीने के लिए वैध रहेगा। वैध अवधि पूरी होने के पहले सदस्य के पास कोई वारंट नहीं पहुंचने या उनके पुराने हो जाने की स्थिति में ट्रस्ट ब्याज का भुगतान करने के लिये बाध्य नहीं होगा।

(5) पुनर्खरीद की स्थिति में अदत्त वारंटों को अभ्यर्पित नहीं करने पर सदस्य अगले महीने देय और परिपक्वता तिथि को सदस्य की अभिरक्षा में शेष वारंटों को भुनाने का हकदार होगा और ऐसे आय वितरण वारंट की राशि पुनर्खरीद की राशि से काट ली जाएगी।

(6) सदस्य की मृत्यु की स्थिति में, यदि एकमात्र नामिती/विधिक उत्तराधिकारी यूनिट रखने का पात्र है और आगे भी यूनिट रखना चाहता है, तो ऐसा नामिती/विधिक उत्तराधिकारी आवश्यक सुधार के लिए भावी महीनों के अनभुनाए सभी वारन्ट वापस करने के लिए बाध्य होगा।

तथापि, आगे यूनिट रखने के इच्छुक नामिती/विधिक उत्तराधिकारी मृत सदस्य के पक्ष में पहले से जारी वारन्ट को सुधार करके नये प्रविष्ट सदस्य के पक्ष में करने में लगनेवाले समय के लिये कोई ब्याज या मुआवजा प्राप्त करने का हकदार नहीं होगा।

(7) किसी आवेदक की मृत्यु की स्थिति में, जहां मानसिक रूप से विकलांग व्यक्ति के लाभ के लिये आवेदक द्वारा आवेदन किया जाए, वहां वैकल्पिक आवेदक को आवश्यक सुधार के लिये भावी महीनों के अनभुनाए सभी आय- वितरण वारंट वापस करने होंगे। लेकिन, ऐसा वैकल्पिक आवेदक मृत आवेदक के पक्ष में पहले से जारी वारंट को सुधार करके नये प्रविष्ट आवेदक के पक्ष में करने में लगनेवाले समय के लिये कोई ब्याज या मुआवज़ा प्राप्त करने का हकदार नहीं होगा।

(2) <u>वार्षिक आय विकल्प</u>

i) इस विकल्प के अंतर्गत, सभी 5 वर्षों के लिए वार्षिक रूप से देय 12.40% प्र.व. कर दर से आश्वासित आय का भुगतान करेगी ।

ii) पहला आय वितरण वारंट जनवरी, 1998 से दिसंबर 1998 (दिनांकित 1 जनवरी 1999) की अवधि के लिए दिसंबर 1998 में भेजा जाएगा । बाद के आय वितरण वारंट, प्रतिवर्ष जनवरी -दिसंबर की अवधि के लिए निम्नलिखित सूची के अनुसार भेजे जाएँगे । हालाँक निवेश की तिथि पर निर्भर करते हुए, निवेशकों को मासिक आय विकल्प के सदस्यों पर लागू सीमा तक 11.75% प्र.व. की दर से 31 दिसंबर, 1997 तक की अवधि के लिए सदस्यता सूचना/यूनिट प्रमाणपत्र के साथ भेजे जानेवाले चैक के जरिए मुआवजा अदा किया जाएगा ।

अवधि	**वारंटों के प्रेषण**
01.01.1999 से 31.12.1999	दिसंबर, 1999
01.01.2000 से 31.12.2000	दिसंबर, 2000
01.01.2001 से 31.12.2001	दिसंबर, 2001
01.01.2002 से 31.12.2002	दिसंबर, 2002

(3) **संचयी विकल्प**

इस विकल्प के अन्तर्गत कोई आय वितरित नहीं की जाएगी। प्रतिलाभ 12.40% प्र.व की दर से संचयित किया जाएगा ताकि इस विकल्प के अंतर्गत निवेशित रु. 10,000/-, पाँच वर्षों के बाद प्रतिदान के समय कम से कम रु. 17,940/- हो जाएं। तथापि, निवेश की तिथि पर निर्भर करते हुए ,मासिक आय विकल्प के अंतर्गत सदस्यों को लागू सीमा तक, निवेशक को 11.75% प्र.व.की दर से 31दिसंबर, 1997 तक मुआवजा दिया जाएगा और उसे चेक के माध्यम से यूनिट प्रमाणपत्रों/सदस्यता सूचना के साथ भेजा जाएगा।

प्लान के अंतर्गत 11.75% प्र.व. प्रतिलाभ का औचित्य

मान लीजिये कि यह योजना 100 करोड़ रुपये एकत्रित करती है । आरंभिक व्यय 2% हैं और उन्हें 3 वर्षों की अवधि के पश्चात् बट्टे खाते में डाला है (यह इसलिए कि 3 वर्षों के बाद पुनर्खरीद शुरू हो जाती है)। पहले वर्ष में उपलब्ध निवेश योग्य निधियां 98 करोड़ रुपये होंगी ।

फंड ऋण लिखतों में 75%, एमएमआई में 5%, एवं इक्विटी में 20% का निवेश करेगा। योजना, ऐसे डिबेंचर/बॉण्ड में निवेश करेगी, जिसका जोखिम तत्व न्यून से मध्यम हो। इन लिखतों में वाईटीएम 12.90% से 16.40% की सीमा में हैं। इसका अर्थ है कि ऋण लिखतों की औसत भारित आय 13.92% होगी।

इक्विटी पर वार्षिकीकृत प्रतिलाभ, लाभांश आय, मूल्य वृद्धि/मूल्यह्रास और अंकित लाभ के अनुसार करीब 15% होगी।

एमएमआई की वार्षिकीकृत आय करीब 6% होगी।

लिखतें	पोर्टफोलियो का प्रतिशत	निवेश योग्य निधि	आय प्रतिशत
डिबेंचर	75	73.50	13.92
इक्विटी	20	19.60	15.00
एमएमआई	5	4.90	6.00

पोर्टफोलियो पर औसत भारित आय =

$$\frac{73.50 * 13.92 + 19.60 * 15 + 4.9 * 5}{100.00} = 13.46\%$$

वार्षिक व्यय एवं प्रावधानों को 1% मानते हुए, वितरण के लिए उपलब्ध आय 12.46% होगा। यह मासिक रूप से 11.75% प्र.व. की दर से देय, वार्षिकीकृत आय 12.40% के भुगतान के लिए पर्याप्त होगा।

उपरोक्त निदर्शी है और प्लान के शुरूआत के समय बाजार की स्थितियों पर आधारित है।

निवेशकों के बैंक विवरण

इलेक्ट्रॉनिक समाशोधन सेवा :

हाल ही में भारतीय रिज़र्व बैंक ने समाशोधन गृह के जरिए एक नई अवधारणा इलेक्ट्रॉनिक समाशोधन सेवा (ईसीएस) आरंभ की है जिससे कागज के लिखतों को जारी करने तथा उनको संभालने की आवश्यकता का निराकरण किया जाए और इस प्रकार ग्राहक सेवा में सुधार करके उसे सुविधाजनक बनाया जा सके। ट्रस्ट द्वारा यह मुख्य रूप से कलकत्ता/चेन्नई/मुंबई/नई दिल्ली में ऐसे निवेशकों की सहायता करने हेतु आरंभ किया गया है जिनकी लाभांश से होनेवाली आय एक एकल लिखत के अनुसार रु.50,000/- से कम है।

इस संबंध में भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुसार निवेशक से अपेक्षित है कि वह ईसीएस हेतु अपना अधिदेश आवेदन पत्र में दिए गए प्रारूप के अनुसार उसमें सभी विवरण पूरा करके प्रस्तुत करें। इससे ट्रस्ट को निवेशक के संबंधित बैंक खाते में आय की राशि अतिशीघ्र जमा करने में सहायता मिलेगी तथा आय वारंट के मुद्रण एवं प्रेषण संबंधी कार्य नहीं रहेंगे और वह निवेशकों को बेहतर सेवा प्रदान कर सकेगा। बैंक शाखा सदस्य के खाते में क्रेडिट करेगी तथा पासबुक/खाता विवरण में क्रेडिट प्रविष्टि को "ईसीएस" से निर्दिष्ट करेगी। जो आवेदक यह सुविधा प्राप्त करना चाहते हैं वे आवेदन पत्र में अपने बैंक का नाम और पता, खाते का प्रकार और नंबर, 9 अंकों वाली बैंक एवं शाखा कूट संख्या इत्यादि भरें।

यद्यपि इस सुविधा का लाभ प्राप्त करना अनिवार्य नहीं है।

यदि इस सुविधा पर मिली प्रतिक्रिया इसके संचालन हेतु पर्याप्त नहीं है या कोई अन्य कारण से इसका संचालन नहीं किया जा सके तो "ईसीएस" के अंतर्गत आय का भुगतान करने के बजाय ट्रस्ट उपरोक्तानुसार आय वारंट जारी करके आय की अदायगी कर सकता है।

आय वितरण वारंटों के खो जाने/गलत स्थान पर पहुंचने के कारण उनके संभावित कपटपूर्ण नकदीकरण के विरुद्ध सावधानी के तौर पर उपरोक्त सुविधा का लाभ नहीं उठाने वाले तथा कलकत्ता, चेन्नई, मुंबई एवं नई दिल्ली - नगरों से बाहर रहने वाले आवेदकों से अनुरोध किया जाता है कि वे रिकार्ड के लिए आवेदन फार्म में उपयुक्त स्थान पर तथा पावती रसीद वाले भाग पर अपने बैंक खाते का पूरा विवरण (अर्थात् खाते का प्रकार एवं खाता संख्या, बैंक का नाम) दें। तब आय वितरण वारंट इस प्रकार से निर्दिष्ट किए गए उनके खाते में जमा करने के लिए बैंक के पक्ष में तैयार कर उन्हें भेजे जाएंगे। सदस्य कथित बैंक में अपने खाते में जमा (क्रेडिट) करने हेतु उस आय वितरण वारंट को प्रस्तुत कर सकते हैं। यदि बैंक संबंधी पूरा विवरण नहीं दिया जाता है तो आय वितरण वारंट सदस्य के नाम से जारी किया जाएगा।

अनिवासी भारतीय निवेशक को आय वितरण

प्लान के अंतर्गत आय मुद्रा नियंत्रण विनियमों के अनुसार अदा की जाएगी। आय के भुगतान की वर्तमान स्थिति इस प्रकार है :

i) वारंट निवेशक के नाम जारी किया जा सकता है तथा सदस्य के **एनआरई/एनआरओ** खाते में जमा करने के लिए उसके किसी ऐसे रिश्तेदार को भेजा जा सकता है जो भारत का निवासी हो।

अथवा

ii) वारंट किसी ऐसे रिश्तेदार के नाम जारी किया जा सकता है जो भारत का निवासी हो तथा उसे भेजा जा सकता है ताकि वह अपने खाते में जमा कर सके।

मासिक आय योजना 1997 (V) [एमआईएस '97 (V)] का ब्यौरा जारी

III. इस योजना से संबंधित आस्तियों का मूल्यांकन :

(1) अवरुद्ध अवधि के अधीन वाले निवेशों सहित उधृत निवेशों का मूल्यांकन, मूल्यांकन की तारीख को बाजार में बंद मूल्य पर या मूल्यांकन की तारीख से साठ दिन पूर्व की अवधि में बिल्कुल हाल ही की उपलब्ध दर पर किया जाता है। यदि मूल्यांकन की तारीख से साठ दिन पूर्व की अवधि हेतु कोई भाव उपलब्ध नहीं है तो उसे अनोधृत निवेश माना जाता है।

(2) उधृत डिबेंचरों और बॉण्डों के मामले में, बाजार दर, जो ब्याज सहित है उसे ब्याज तत्त्व, यदि कोई हो, के लिए समायोजित किया जाता है।

(3) अनोधृत/गैर-व्यापारिक इक्विटी शेयरों का मूल्यांकन प्राप्तियों के पूंजीकरण और बही मूल्य (विश्लेषित मूल्य) के औसत में से 10% घटाकर किया जाता है।

(4) अनोधृत डिबेंचर, बॉण्ड और अंतरणीय नोट परिपक्वता पर प्रतिफल के आधार पर जैसा कि ट्रस्ट के न्यासी मंडल द्वारा निर्धारित हो, मूल्यांकित किए जाते हैं।

(5) अनोधृत वारंट, पड़े हुए शेयरों की बाजार दर पर, आय तत्त्व, यदि कोई हो, के लिए बट्टा काटकर तथा देय प्रायोगिक मूल्य से कम करके, लिए जाते हैं। जिन मामलों में इस तरह लिए गए मूल्य से प्रायोगिक देय मूल्य ज्यादा हो, वहां वारंटों का मूल्य शून्य लिया जाता है।

(6) परिवर्तनीय डिबेंचर और बॉण्ड, जहां मिश्र बाजार भाव उपलब्ध न हो, वहां परिवर्तनीय भाग का मूल्यांकन, संबंधित इक्विटी शेयरों, जिनमें लाभांश तत्त्व, यदि कोई हो, के लिए बट्टा काट कर किया जाता है। ऐसे डिबेंचरों एवं बॉण्डों का अपरिवर्तनीय भाग, यदि कोई हो, का मूल्यांकन; परिपक्वता पर प्रतिफल के आधार पर, जैसा कि ट्रस्ट के न्यासी मंडल द्वारा निर्धारित हो, किया जाता है। जहां परिवर्तनीय भाग के लिए परिवर्तन की शर्तें विनिर्दिष्ट न हों, वहां उन्हें लागत पर लिया जाता है।

(7) मुद्रा बाजार लिखतों का मूल्यांकन एक से अधिक डीलर या दलाल से प्राप्त भाव के आधार पर किया जा सकता है।

(8) सरकारी प्रतिभूतियों का मूल्यांकन, प्रचलित बाजार दरों पर आधारित, परिपक्वता पर प्रतिफल (वाईटीएम) आधार पर किया जाएगा।

(9) उपरोक्त पैरा (1) से (8) तक के अनुसार यथासंगणित निवेशों के सकल मूल्य की तुलना ऐसे निवेशों की कुल लागत से की जाती है और परिणामी मूल्यह्रास, यदि कोई हो, को राजस्व लेखे से प्रभारित किया जाता है।

IV. शुद्ध आस्ति मूल्य (एनएवी) का परिकलन और प्रकटीकरण :

योजना के अंतर्गत जारी यूनिटों के शुद्ध आस्ति मूल्य का परिकलन योजना के उपचयों और उपबंधों को ध्यान में रखते हुए योजना की आस्तियों के मूल्य को निर्धारित कर और योजना की देयताओं को घटाकर किया जाएगा। प्रति यूनिट शुद्ध आस्ति मूल्य का परिकलन योजना के एनएवी में उस तिथि को जारी और बकाया यूनिटों की कुल संख्या से भाग दे कर किया जाएगा। योजना का एनएवी मासिक आय विकल्प, वार्षिक आय विकल्प और संचयी विकल्प के लिए अलग-अलग निर्धारित किया जाएगा। प्लान के आरंभ होने के छः माह के बाद और उसके बाद मासिक आधार पर शुद्ध आस्ति मूल्य (पूर्ववर्ती आधार पर) समाचार पत्रों में प्रकाशन हेतु जारी किया जाएगा।

(क) निवेश उद्देश्य :

योजना का निवेश उद्‌दश्य मुख्यतः ग्राहक को नियमित मासिक आय उपलब्ध कराना तथा योजना की आवश्यकता पर ग्राहक की पूजी में वृद्धि के लिए प्रयत्न करना भी है।

योजना के अंतर्गत संग्रहीत निधियों का सभी प्रारंभिक परिचालन पूर्व और परिचालनगत खर्चों का प्रावधान करने के बाद सामान्यतः निम्न रूप में निवेश किया जाएगा :

(i) निधियों का कम से कम 75% ऋण लिखतों में निवेश किया जाएगा। निवेश का जोखिम तत्व न्यून से मध्यम होगा।

(ii) निधियों का 20% से अनधिक इक्विटी और इक्विटी संबंधी लिखतों में निवेश किया जाएगा। जोखिम तत्व इक्विटी निवेश में उच्च हो सकता है।

(iii) निधियों का 10% से अनधिक मुद्रा बाजार लिखतों में निवेश किया जाएगा। निवेश का जोखिम तत्व न्यून से मध्यम होगा।

पूर्वोक्त के बावजूद, बाजार की स्थितियों एवं निवेश के लिए उपलब्ध अवसरों पर निर्भर करते हुए निधि प्रबंधक के स्वविवेक के अनुसार निवेश का अनुपात घट-बढ़ सकता है।

ऊपर बताए गए निवेश उद्देश्यों के अनुसार योजना की निधियों के प्रतिभूतियों में विनियोजन किए जाने तक ट्रस्ट योजना की निधियों का निवेश अनुसूचित वाणिज्य बैंकों के अल्पावधि जमाओं में कर सकता है।

(ख) निवेश नीतियां

(i) सभी ऋण लिखतें जिनमें योजना द्वारा निवेश किया जाता है, उनके निवेश दर्जे का निर्धारण समय-समय पर मान्यता प्राप्त किसी क्रेडिट रेटिंग एजेन्सी द्वारा किया जाएगा, बशर्ते यदि ऋण लिखत का निर्धारण नहीं किया गया हो, तो निवेश के लिए ट्रस्ट के न्यासी मंडल से विशिष्ट अनुमोदन लिया जाएगा।

(ii) इस योजना द्वारा कोई सावधि ऋण नहीं दिये जाएंगे।

(iii) इस योजना से दूसरी योजना/प्लान में अंतरण केवल तभी किया जाएगा जब

(क) उधृत लिखतों के लिए प्रचलित बाजार मूल्य पर ऐसे अंतरण स्पॉट आधार पर किए गए हों।

(ख) ऐसी अंतरित प्रतिभूतियां उस योजना/प्लान के निवेश उद्देश्यों के अनुरूप हों जिनमें ऐसे अंतरण किए जाते हैं।

(ग) प्लान की असूचीबद्ध या उधृत न किए गए निवेशों का ट्रस्ट की अन्य योजना/प्लान में अंतरण यूटीआई के न्यासी मंडल द्वारा निर्धारित नीतियों के अनुसार किया जाएगा।

(iv) योजना ट्रस्ट या किसी दूसरे म्यूचुअल फंड की किसी अन्य योजना/प्लान में कोई शुल्क प्रभारित किए बिना निवेश कर सकती है, बशर्ते ट्रस्ट की सभी योजनाओं द्वारा किया गया कुल अन्तरयोजना निवेश या किसी दूसरी आस्ति प्रबंधन कंपनी द्वारा प्रबंधित योजनाओं में किया गया निवेश ट्रस्ट के शुद्ध आस्ति मूल्य के 5% से अधिक न हो।

(v) ट्रस्ट प्रतिभूतियों का क्रय विक्रय सुपुर्दगियों के आधार पर करेगा और खरीद के सभी मामलों में संबंधित प्रतिभूतियों की सुपुर्दगी लेगा और बिक्री के सभी मामलों में प्रतिभूतियों की सुपुर्दगी करेगा और किसी भी मामलों में खुद को ऐसी स्थिति में नहीं डालेगा जिससे इसे मंदड़िया बिक्री करनी पड़े या सौदे का वायदा (कैरी फारवर्ड) करना पड़े या बदला वित्त में लिप्त होना पड़े ।

(vi) जब भी निवेश दीर्घावधि प्रकृति के होने वाले हों, ट्रस्ट योजना की ओर से प्रतिभूतियों की खरीद या अंतरण ट्रस्ट के नाम से करवाएगा।

(vii) योजना यूनिटों की पुनर्खरीद, प्रतिदान या ब्याज की अदायगी या सदस्यों को आय अदा करने के लिए नकदी की अस्थाई जरूरतों को पूरा करने के लिए उधार लेने के सिवा उधार नहीं लेगी। परन्तु उधार योजना की शुद्ध आस्ति के 20% से अधिक नहीं लिया जाएगा और इस तरह के उधार की अवधि छ: माह से अधिक नहीं होगी।

प्लान की प्रतिभूतियों के लेन देन के लिए शेयर-दलाली फर्म और यूटीआई की सहायक संस्था यूटीआई सिक्योरिटीज एक्सचेंज लिमिटेड (यूटीआई-एसईएल) की सेवाएं ली जा सकती हैं जो नीतियों के अनुसार हों और ट्रस्ट के न्यासी मंडल द्वारा तय की गई सीमाओं के अधीन हों। यूटीआई एसईएल 1994 में स्थापित की गई थी। यह निवेशकों की आवश्यकताओं के अनुरूप उचित, पारदर्शी और कुशल सेवाएं प्रदान करने वाली उच्च तकनीकी कंपनी है। इसका पंजीकृत कार्यालय मुंबई में है।

(ग) तथापि, ऊपर खण्ड III, IV और V (ख) के संबंध में किसी भी बात के होते हुए, आस्तियों का मूल्यांकन, शुद्ध आस्ति मूल्य का अभिकलन, पुनर्खरीद मूल्य और उनके प्रकटीकरण का अंतराल सेबी द्वारा समय-समय पर जारी सेबी (एमएफ) विनियमों के प्रावधानों/दिशा निर्देशों/ निदेशों के अनुसरण में होगा ।

VI. योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान के प्रयोजनार्थ ट्रस्टों को स्वीकृति और मान्यता नहीं दिया जाना :

(1) जो व्यक्ति सदस्य के रूप में पंजीकृत है और जिसके नाम से सदस्यता सूचना/यूनिट प्रमाणपत्र जारी किया गया है, वही व्यक्ति ट्रस्ट द्वारा सदस्य के रूप में मान्य होगा और चूंकि ऐसे यूनिटों में उसका अधिकार, हक और हित है, इसलिये ट्रस्ट ऐसे सदस्य को उसके पूर्ण स्वामी के रूप में मान्यता देगा और इस योजना से संबंधित यूनिटों के हक को प्रभावित करने वाले किसी न्यास या इक्विटी या अन्य हित को मान्यता देने के लिए यहां स्पष्ट रूप से किए गए प्रावधान या किसी सक्षम प्राधिकार वाले न्यायालय के आदेश को छोड़कर किसी विपरीत नोटिस या किसी न्यास के निष्पादन पर ध्यान देने के लिए बाध्य नहीं होगा।

(2) जब कोई व्यक्ति, किसी अन्य व्यक्ति जो मानसिक रूप से विकलांग है, के लाभ के लिये आवेदन करता है और ट्रस्ट द्वारा उसे स्वीकार किया जाता है तो यह नहीं माना जाएगा कि ट्रस्ट ने किसी विश्वास को ध्यान में रखा है। ट्रस्ट योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान के अंतर्गत सभी प्रयोजनों के लिये आवेदक या आवेदक की मृत्यु होने पर आवेदन पत्र में वैकल्पिक आवेदक के रूप में उल्लिखित व्यक्ति के साथ व्यवहार करेगा।

VII. यूनिटों का अंतरण/गिरवी रखा जाना/समनुदेशन :

इस योजना के अंतर्गत जारी यूनिटें निम्नलिखित शर्तों के अधीन अंतरणीय/गिरवी रखे जाने योग्य/समनुदेशनीय होंगी :

(क) इस योजना के प्रावधानों के अनुसार जारी यूनिट प्रमाणपत्र (सदस्यता सूचना नहीं) परक्राम्य है और जैसा कि इस प्लान के प्रावधानों के खण्ड III में उल्लेख किया गया है इसे व्यक्तिगत, व्यक्त या अन्य श्रेणियों को अंतरित किया जा सकता है।

(ख) यूनिटधारण करने की क्षमता रखनेवाले अंतरणकर्ता और अंतरिती के द्वारा और बीच अंतरण प्रभावकारी होगा। किसी अन्य अंतरण को मान्यता देने के लिए ट्रस्ट बाध्य नहीं होगा।

(ग) संबंधित यूनिट प्रमाणपत्रों के साथ अंतरण दस्तावेज और अंतरण माह सहित और तक अनभुनाये गए वारंट (मासिक आय विकल्प के मामले में) तथा ट्रस्ट द्वारा समय-समय पर निर्धारित शुल्क इस कार्य हेतु नियुक्त किए गए रजिस्ट्रार के किसी भी कार्यालय में प्रस्तुत किए जा सकते हैं।

(घ) ट्रस्ट के किसी भी कार्यालय में प्रस्तुत या कार्यालय द्वारा स्वीकृत अंतरण संलेख नजदीक के रजिस्ट्रार के कार्यालय में अग्रेषित किए जाएंगे।

(ड.) प्रत्येक अंतरण लिखत पर अंतरणकर्ता तथा अंतरिती के हस्ताक्षर होंगे और रजिस्ट्रार द्वारा अंतरिती का नाम धारकों के रजिस्ट्रार में दाखिल करने तक अंतरण कर्ता को ही यूनिट का धारक समझा जाएगा।

(च) अंतरणकर्ता के स्वत्त्वाधिकार या उसके यूनिटों का अंतरण करने के अधिकार के समर्थन में रजिस्ट्रार ऐसा कोई सबूत मांग सकते हैं जो उन्हें आवश्यक लगे।

(छ) यदि यूनिट प्रमाणपत्र खो गया हो, चुरा लिया गया हो, नष्ट हो गया हो तो कुछ अपेक्षाओं, जिन्हें रजिस्ट्रार जरुरी समझे, को पूरा करने के बाद मूल यूनिट प्रमाणपत्र की प्रस्तुति के संबंध में रजिस्ट्रार छूट देंगे।

(ज) यूनिटों के अंतरण का पंजीकरण होने पर अंतरण के सभी लिखत और यूनिट प्रमाणपत्र रजिस्ट्रार के पास रहेंगे।

(झ) अंतरण को मान्यता देने वाले तथा पंजीकृत करनेवाले रजिस्ट्रार, उक्त अंतरण एवं प्रमाणपत्रों तथा वारंटों को जारी करने के संबंध में देय प्रभारों की अदायगी तथा वसूली के बाद, मूल या नया यूनिट प्रमाणपत्र और आय वितरण वारंट, यदि कोई हों (मासिक आय विकल्प के मामले में) अंतरिती को जारी करेंगे।

(ञ) यदि कोई अंतरिती अधिकारिक क्षमता के कारण विधि के परिचालन से या गिरवी लागू होने पर अनुसूचित बैंक यूनिटों का धारक बन जाता है तो इच्छुक अंतरिती यूनिटों के धारण के लिए अन्यथा पात्र होने पर रजिस्ट्रार ऐसे साक्ष्य जिसे पर्याप्त समझें, के प्रस्तुतीकरण के अधीन अंतरण प्रभावी करेंगे।

(ट) इसमें ऊपर उल्लिखित प्रावधानों के अधीन ट्रस्ट अंतरण को पंजीकृत करेगा और यूनिट प्रमाणपत्र दाखिल करने की तिथि से 30 दिनों के भीतर अंतरिती को आय वारंट, यदि कोई हो, सहित यूनिट प्रमाणपत्र अंतरण संबंधी सभी लिखतों के साथ वापस करेगा।

VIII. <u>विकास प्रारक्षित निधि (डीआरएफ) में अंशदान</u> :

प्रत्येक वर्ष मासिक औसत शुद्ध आस्ति मूल्य का 0.25% ट्रस्ट के डीआरएफ में अंशदान के रूप में रखा जाएगा।

डीआरएफ अंशदान आवर्ती व्यय का अंश होगा।

ट्रस्ट ने इस निधि की स्थापना एक सामान्य निधि के रूप में 1983-84 में की थी ताकि ट्रस्ट नई योजनाओं को लागू करने के संबंध में अनुसंधान एवं विकास कार्यों को करने, नई पद्धतियों और प्रक्रियाओं का अवधारणा के स्तर पर प्रवर्तन करने तथा उत्पादन एवं विकास से संबंधित ऐसे बहुत से अन्य कार्यों जो किसी विशेष योजना से जुड़े अथवा संबंधित न हों, पर होने वाले व्ययों को पूरा कर सके। इस निधि का उपयोग आर्थिक और पूंजी बाजार अनुसंधान, प्रबंधन और व्यावसायिक प्रशिक्षण, ट्रस्ट के लिए सर्वेक्षण एवं बाजार अनुसंधान, मार्केटिंग और कार्पोरेट के छवि निर्माण संबंधी ऐसे प्रयासों जो किसी विशेष योजना से जुड़े हुए न हों तथा मानव संसाधन विकास संबंधी प्रयासों जिनका दीर्घकालिक प्रभाव हो और जो ट्रस्ट के भविष्य के कार्यकलापों से संबंधित हों, तथा ट्रस्ट की किसी भी योजनाओं में दिए गए आश्वासित प्रतिफल की दर में कमी होने पर, उनकी पूर्ति करने के लिए भी किया जा सकता है।

IX. <u>कर्मचारी कल्याण ट्रस्ट में अंशदान</u> :

प्रत्येक वर्ष मासिक औसत शुद्ध आस्ति मूल्य का 0.10% कर्मचारी कल्याण ट्रस्ट में अंशदान के रूप में रखा जाएगा। ट्रस्ट ने कर्मचारी कल्याण ट्रस्ट की स्थापना अपने कर्मचारियों के कल्याण के लिए की है जिसमें विपत्ति में सहायता, चिकित्सा सहायता, स्वास्थ्य सहायता अथवा इसी प्रकार के अन्य प्रयोजन शामिल हैं।

X. **लेखों का प्रकाशन :**

ट्रस्ट प्रत्येक वर्ष 30 जून के छ: सप्ताह के भीतर यथाशीघ्र सेबी द्वारा विनिर्दिष्ट रीति से विज्ञापन के माध्यम से लेखों को प्रकाशित करेगा, जिसमें उस तिथि को समाप्त अवधि के दौरान बनाई गई योजना और उसके अन्तर्गत बने प्लान के कार्यों का विवरण होगा। ट्रस्ट अर्धवार्षिकी की समाप्ति अर्थात् 31 दिसंबर से 2 महीने के भीतर अपरीक्षित लेखा परिणाम प्रकाशित करेगा। ट्रस्ट सेबी को विधिवत् रूप से परीक्षित तुलनपत्र सहित वार्षिक लेखों की प्रतियां और राजस्व लेखा, अपरीक्षित अर्ध वार्षिक लेखों और एनएवी में हुए उतार चढ़ाव का एक तिमाही पोर्टफोलियो विवरण पिछली अवधि में हुए परिवर्तनों सहित भेजेगा। ट्रस्ट निवेशकों को वह जानकारी देगा जो उनके निवेश पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने के बारे में हो और जिनका सूचित किया जाना आवश्यक हो। ट्रस्ट, सदस्य से लिखित रूप में अनुरोध प्राप्त होने पर, उसे प्रकाशित लेखों और विवरणों की एक प्रति भेजेगा।

XI. **योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान में परिवर्धन और संशोधन :**

बोर्ड समय-समय पर इस योजना और इसके अंतर्गत बने प्लान में परिवर्धन या अन्यथा संशोधन कर सकता है और उसमें किये गये परिवर्धन/संशोधन की अधिसूचना सरकारी राजपत्र में की जाएगी। किसी संशोधन के मामले में सेबी का पूर्व अनुमोदन लिया जाएगा।

जब योजना की मूल विशेषताओं या ट्रस्ट या शुल्क या देय प्रभारों में या अन्य कोई ऐसा परिवर्तन किया जाना हो जिससे योजना परिवर्तित हो जाए या सदस्यों के हितों पर प्रभाव पड़े तो ऐसे परिवर्तन करने के लिए कम से कम तीन-चौथाई सदस्यों की सहमति ली जाएगी :

परन्तु यह कि तब तक ऐसा कोई परिवर्तन न किया जाए जब तक तीन-चौथाई सदस्यों ने अपनी सहमति न दे दी हो और जो अपनी सहमति न दें उन्हें योजना से अपनी धारिताएं मोचित करने की अनुमति है।

स्पष्टीकरण : इस खण्ड के प्रयोजन के लिए "मूल विशेषताओं" का अर्थ है निवेश उद्देश्य, तथा योजना की शर्तें ।

XII. **योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान की समाप्ति :**

(क) प्लान 31-12-2002 को पूर्ण रूप से समाप्त किया जाएगा, सदस्यों के बकाया यूनिटों की पुनर्खरीद की जाएगी और सदस्यों को उनके यूनिटों के मूल्य की अदायगी उक्त अवधि के दौरान अंतिम पुनर्खरीद के लिए निर्धारित पुनर्खरीद मूल्य पर की जाएगी। निर्धारित पुनर्खरीद मूल्य की प्राप्ति के अलावा बाद की किसी अवधि के लिए पुनर्खरीद मूल्य में वृद्धि या आय के रूप में किसी प्रकार का कोई अतिरिक्त लाभ उपचित नहीं होगा। फिर भी, ट्रस्ट, सेबी की पूर्व अनुमति से इस योजना को 5 वर्षों से आगे बढ़ाने का अधिकार सुरक्षित रखता है। ऐसी स्थिति में सदस्यों को विकल्प दिया जाएगा कि या तो वे यूनिटों को वापस ट्रस्ट को बेच दें अथवा इस योजना में बने रहें। ट्रस्ट द्वारा निवेशक को यह विकल्प भी दिया जा सकता है कि वह पुनर्खरीद की राशि को आरंभ की गई अथवा उस समय परिचालन में रहने वाली किसी भी योजना में परिवर्तित कर सके।

(ख) ट्रस्ट योजना और उसके अंतर्गत बनाए गए प्लान को निम्नलिखित परिस्थितियों में समाप्त कर सकता है :

i) प्लान के पांच वर्ष पूरे होने पर अर्थात् 31दिसंबर, 2002 को अथवा 5 वर्ष के आगे ऐसी तारीख की समाप्ति पर जो ट्रस्ट द्वारा यथानिर्धारित हो।

ii) कोई ऐसी घटना घटित होने पर जिससे ट्रस्ट की राय में योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान की समाप्ति आवश्यक हो, या

iii) योजना के 75% सदस्यों द्वारा योजना को समाप्त करने का संकल्प पारित करने पर, या

iv) सदस्यों के हित में सेबी ऐसा करने के लिए निर्देश दें।

(ग) जहां उपर्युक्त उप खण्ड (ख) के अनुसरण में योजना की समाप्ति की जाती है, तो ट्रस्ट को योजना को समाप्त करने वाले कारणों की सूचना, समापन के कम से कम एक सप्ताह पहले सेबी को और अखिल भारतीय स्तर पर परिचालित होनेवाले दो दैनिक समाचार पत्रों में और मुंबई में एक स्थानीय भाषा के समाचार पत्र में देनी होगी।

(घ) योजना की समाप्ति संबंधी विज्ञापन की तिथि को और उस तिथि से ट्रस्ट -

(i) इस योजना से संबंधित कोई भी व्यावसायिक क्रियाकलाप नहीं करेगा।

(ii) इस योजना के अंतर्गत यूनिटों को उत्पन्न और रद्द करना बंद करेगा।

(iii) इस योजना में यूनिटों को जारी करना और यूनिटों का प्रतिदान भी बंद करेगा।

(ङ.) न्यासी मंडल सदस्यों की एक बैठक बुलाएगा जिसमें उपस्थित सदस्यों द्वारा विचार किया जाएगा तथा साधारण बहुमत से आवश्यक संकल्प पारित किया जाएगा और मतदान द्वारा न्यासियों अथवा किसी अन्य व्यक्ति को योजना की समाप्ति हेतु कदम उठाने के लिए प्राधिकृत किया जाएगा।

परन्तु यदि योजना परिपक्वता अवधि के पूरा होने पर समाप्त की जाती है तो बैठक आवश्यक नहीं होगी।

(च) (i) न्यासी मंडल या योजना के उप खंड (ङ.) के अन्तर्गत प्राधिकृत व्यक्ति योजना से संबंधित आस्तियों को योजना के सदस्यों के सर्वोत्तम हित में निपटाएगा।

(ii) ऊपर दिए गए खण्ड (च)(i) के अनुसार की गई बिक्री की राशि को पहले दृष्टान्त में, योजना के अंतर्गत ऐसी देयताओं के उन्मोचन के लिए उपयोग किया जाएगा जो उचित रूप से देय हों और ऐसी समाप्ति से संबंधित व्ययों को चुकाने के लिए उचित प्रावधान करने के बाद समाप्ति का निर्णय लेने वाली तिथि को योजना की आस्तियों में यूनिट धारकों के हित के समानुपात में उन्हें शेष राशि का भुगतान किया जाएगा।

(छ) समाप्ति पूरी होने पर, ट्रस्ट सेबी और सदस्यों को समाप्ति के बारे में एक रिपोर्ट प्रेषित करेगा जिसमें ऐसी परिस्थितियां, जिनके कारण योजना समाप्त हुई, समाप्ति से पूर्व आस्तियों के निपटान के लिए उठाए गए कदम, समाप्ति के लिए की गई योजना का व्यय, सदस्यों को वितरण के लिए उपलब्ध शुद्ध आस्तियों के विवरण और योजना के लेखा परीक्षकों से प्राप्त एक प्रमाण पत्र भेजेगा।

(ज) इसमें ऊपर दी गई किसी भी बात के बावजूद, सेबी [म्यूचुअल फंड] विनियम 1996 के प्रावधान, अर्धवार्षिक रिपोर्ट और वार्षिक रिपोर्ट के प्रकटीकरण के लिए लागू रहेंगे।

(झ) खण्ड XII (छ) में संदर्भित रिपोर्ट प्राप्त करने के बाद यदि सेबी संतुष्ट हो जाती है कि योजना समाप्त करने की सारी कार्यवाही पूरी हो गयी है तो योजना समाप्त हो जाएगी।

(ञ) ट्रस्ट द्वारा पुनर्खरीद के लिए अनुरोध पत्र के साथ सदस्यता सूचना/विधिवत् रूप से उन्मोचित यूनिट प्रमाणपत्र प्राप्त होने पर और अन्य प्रक्रिया और परिचालन संबंधी औपचारिकताएं पूरी करने पर यथाशीघ्र पुनर्खरीद मूल्य का भुगतान किया जाएगा। सदस्यता सूचना/यूनिट प्रमाणपत्र पुनर्खरीद के लिए प्राप्त अनुरोध पत्र और अन्य फार्म, यदि कोई हों, ट्रस्ट द्वारा रद्दकरण के लिए रख लिए जाएंगे।

(ट) **अनिवासी निवेशकों के मामले में पुनर्खरीद/परिपक्वता राशि निवेश के स्रोत पर निर्भर करते हुए निम्नानुसार विप्रेषित की जाएगी :**

(i) जब यूनिटों की खरीद विदेश से विप्रेषित विदेशी मुद्रा से की गई हो अथवा सदस्य की एफसीएनआर जमाओं की राशि से की गई हो अथवा सदस्य के भारत में स्थित अनिवासी (बाह्य) खाते में धारित निधियों से की गई हो तो प्राप्तियां, सदस्य को विदेशी मुद्रा में विप्रेषित की जा सकती हैं।

(ii) जब यूनिटों की खरीद सदस्य के अनिवासी (सामान्य) खाते में धारित निधियों से की गई हो तो परिपक्वता चेक भारत में निवेशक के रिश्तेदार को प्रेषित किया जाएगा, जिसे सदस्य के एनआरओ लेखा में जमा किया जाएगा ।

XIII. प्रावधानों के अर्थ निर्धारण का अधिकार :

योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान के किसी भी उपबंध की व्याख्या में कोई संदेह उत्पन्न होने पर केवल अध्यक्ष और यदि उस समय कोई अध्यक्ष नियुक्त न हो, तो कार्यपालक न्यासी को योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान के उपबंधों के अर्थ निर्धारण का अधिकार होगा। ऐसा अर्थ किसी भी रूप में प्रतिकूल प्रभाव डालनेवाला या योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान की मूल संरचना के विपरीत नहीं होगा तथा ऐसा निर्णय निश्चायक, बाध्यकारी और अंतिम होगा। इसके अंतर्गत बने योजना के प्रावधान और प्लान के प्रावधान, जैसे योजना में कहा गया है, एक दूसरे के साथ पढ़े जाएं।

XIV. प्रावधानों में ढील :

केवल अध्यक्ष और यदि कोई अध्यक्ष नियुक्त न हो तो ट्रस्ट का कार्यपालक न्यासी कठिनाइयों को कम करने के उद्देश्य से या योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान के निर्बाध और सहज संचालन के लिए योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान के किसी भी उपबंध में सेबी को सूचित करते हुए ढील दे सकता है, बशर्ते किसी सदस्य या सदस्य वर्ग के लिए ऐसा करना समीचीन हो।

पेशकश दस्तावेज के प्रावधानों में कोई परिवर्तन सेबी के पूर्व अनुमोदन के बाद एवं विनियमों की शर्तों के अनुसार ही किया जाएगा ।

XV. **योजना और उसके अंतर्गत बना प्लान सदस्यों के लिये बाध्यकारी होगा :**

इस योजना और इसके अंतर्गत बने प्लान की शर्तों के साथ समय-समय पर इनमें किये गये संशोधन और परिवर्तन प्रत्येक सदस्य और उसके माध्यम से दावा करनेवाले हरेक अन्य व्यक्ति के लिये इस प्रकार बाध्यकारी होंगे, मानो वह इसके लिए सहमत हो कि योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान के उपबंधों में अंतर्विष्ट किसी विपरीत बात के बावजूद ऐसा करने के लिये बाध्य हो।

XVI. **सदस्यों को लाभ :**

योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान की समाप्ति के समय पूंजी, प्रारक्षित निधि और अधिशेष के संबंध में योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान में उपचित सभी लाभ केवल उन्हीं सदस्यों को प्राप्त होंगे जो योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान की समाप्ति तक पूरी अवधि के लिये यूनिट के धारक रहे हों।

प्लान के सदस्यों का अनुमोदन निम्नलिखित परिस्थितियों में मांगा जाएगा :

(i) सदस्यों के हित में जब कभी सेबी द्वारा ऐसा किया जाना अपेक्षित हो; या

(ii) प्लान के तीन-चौथाई सदस्यों द्वारा जब कभी मांग करने पर ऐसा किया जाना आवश्यक हो;

(iii) जब न्यासियों ने बहुमत से समाप्त करने का निर्णय लिया हो या यूनिटों का समयपूर्व प्रतिदान किया जाए ; या,

(iv) जब कोई परिवर्तन योजना के खण्ड XI में उल्लिखित मूलभूत विशिष्टताओं में या शुल्क और देय व्यय में किया जाना हो या अन्य कोई परिवर्तन जिससे प्लान संशोधित होता हो या सदस्यों का हित प्रभावित होता हो, तो ऐसा प्रस्तावित परिवर्तन तब तक न किया जाए जब तक तीन-चौथाई सदस्यों की सहमति न ले ली जाए।

कर मार्गदर्शक

कर रियायतें

प्लान के अंतर्गत आय और पूंजी वृद्धि पर कराधान प्रचलित कर कानूनों के अधीन होगा। वर्तमान कराधान कानूनों के अनुसार "एमआईपी-97 (V)" सहित ट्रस्ट की सभी योजनाओं के अंतर्गत सभी निवासियों और अनिवासियों (यदि यूनिटों की खरीद अनिवासी खाते से अदायगी के जरिए की गई हो, व्यक्तियों एवं एचयूएफ को हुई आय से हो) को यूनिटों से प्राप्त आय पर आयकर अधिनियम, 1961की धारा 80 एल के अंतर्गत रु. 15,000/- तक की कुल सीमा तक आय से कटौती उपलब्ध होगी।

इस प्लान के अंतर्गत होने वाला कोई भी दीर्घावधि पूंजी अभिलाभ आयकर अधिनियम 1961 की धारा 48 और 112 में दिए गए निर्देशों के अधीन होगा।

इस प्लान के अंतर्गत यूनिटों में किए गए निवेश का मूल्य धनकर से मुक्त है।

धारा 54 ईए के अंतर्गत पूंजीगत अभिलाभ कर छूट

दीर्घावधि पूंजीगत आस्तियों के अंतरण से प्राप्त होने वाली सम्पूर्ण या आंशिक शुद्ध राशि का एमआईपी-97 (V) में किया गया निवेश आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 54 ईए के अंतर्गत पूंजीगत अभिलाभ कर छूट के लिए पात्र होगा, बशर्ते पुनर्खरीद/अंतरण/गिरवीकरण, यूनिटों की आबंटन तिथि से तीन वर्षों के बाद किया जाए/रखे जाएं।

पात्र ट्रस्टों के लिए

आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 11(2)(बी) के अंतर्गत यूनिट स्वीकृत प्रतिभूतियां हैं। अत: यूनिटों में निवेश कर रहे पात्र ट्रस्ट आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 11 और 13 के अंतर्गत आय और निधि के लिए आवश्यक कर छूट के योग्य होंगे।

स्रोत पर कर की कटौती

निवासी

वर्तमान कराधान कानूनों के अनुसार धारा 194के, के अधीन ट्रस्ट द्वारा इस प्लान के मासिक आय विकल्प के अंतर्गत व्यक्तिगत सदस्यों/एचयूएफ/भागीदारी फर्मों और अन्य निवेशक जो कंपनी नहीं हों को देय आय पर 15% की दर से स्रोत पर आयकर की कटौती की जाएगी बशर्ते, तीनों विकल्पों के अन्तर्गत यह आय रु. 10,000/- से अधिक हो।

इसी प्रकार, कंपनियों को देय आय से स्रोत पर 20% की दर से कर की कटौती की जाएगी यदि यह आय वित्तीय वर्ष के दौरान रु.10,000/- से अधिक हो।

अनिवासी

आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 196ए को अनिवासी द्वारा यूटीआई की किसी भी योजना के यूनिटों के संदर्भ में प्राप्त आय पर 20% की दर से स्रोत पर कर की कटौती किए जाने हेतु प्रतिस्थापित कर दिया गया है जिन्हें उन्होंने अनिवासी (सामान्य) खाते से अदायगी करके अर्जित किया हो।

भारत सरकार, वित्त मंत्रालय, राजस्व विभाग, द्वारा जारी दिनांक 24 जनवरी, 1996 के परिपत्र सं. 734 एफ सं. 500/4/96-एफटीडी के अनुसार यूएई में रहने वाले अनिवासी सदस्यों को दोहरे कराधान से बचाव हेतु, जहां निधि का स्रोत एनआरओ खाता है, स्रोत पर 15% की रियायती दर से कर कटौती की जाएगी।

कर कटौती नहीं

निवासी :

सदस्य (कंपनी या फर्म को छोड़कर) जो स्रोत पर कर की कटौती के बिना आय चाहते हैं उन्हें ट्रस्ट को लिखित रूप से निर्धारित फार्म सं. 15 एच पर दो प्रतियों में घोषणा प्रस्तुत करनी चाहिए और उसे

इस आशय की निर्धारित रीति से सत्यापित किया जाना चाहिए कि उसकी गत वर्ष की अनुमानित कुल आय पर कर "शून्य" होगा। स्रोत पर कर की कटौती नहीं करने संबंधी निर्धारित फार्म आवेदन पत्र के साथ तथा उत्तरवर्ती वर्षों के लिए आय वितरण वारंटों के भेजे जाने के कम से कम तीन माह पूर्व प्रस्तुत किए जाने चाहिए, ऐसा न करने पर प्रचलित कराधान कानूनों के अनुसार कर कटौती की जाएगी।

आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 11 अथवा 12 अथवा 10(22) अथवा 10(22ए) अथवा 10(23) अथवा 10 (23एए) अथवा 10(23सी) के अंतर्गत आनेवाले पात्र ट्रस्टों द्वारा आवेदन पत्र में उपलब्ध कराए गए प्रारूप में घोषणा किए जाने के आधार पर उन पर कर की कटौती नहीं की जाएगी।

अनिवासी

अनिवासियों के मामले में, यदि यूनिटों की खरीद सीधे विदेशी मुद्रा के विप्रेषण के जरिए अथवा भारत में रखे गए अनिवासी (बाह्य) खाते के जरिए अथवा एफसीएनआर जमाओं की राशि से की गई है तो ऐसे यूनिटों से प्राप्त आय पूर्णतया आयकर से मुक्त है।

उपरोक्त मामले में यूटीआई स्रोत पर कर की कटौती नहीं करेगा, भले ही आय की राशि कितनी भी हो।

आयकर/धन-कर/उपहार-कर/पूंजीगत अभिलाभ कर, अनिवासी भारतीयों/ओसीबी/एफआईआई द्वारा किए गए निवेशों के संबंधित प्रकटीकरण प्रचलित आयकर अधिनियम, फेरा और रिज़र्व बैंक के निदेशों और अनुमतियों के अनुरूप हैं।

सदस्यों के अधिकार :

1. प्लान के अधीन सदस्यों को प्लान की आस्तियों के लाभकारी स्वामित्व तथा प्लान द्वारा घोषित आय में समानुपातिक अधिकार है।
2. सदस्यों को न्यासियों से ऐसी कोई भी जानकारी प्राप्त करने का अधिकार है जो उनके निवेशों पर प्रतिकूल प्रभाव रखती हो तथा सदस्यों को ऐसी जानकारी देने के लिए न्यासी बाध्य होंगे।
3. सदस्यों को "निरीक्षण के लिए उपलब्ध दस्तावेज" शीर्षक के अंतर्गत सूचीबद्ध किए गए सभी दस्तावेजों का निरीक्षण करने का अधिकार है।

अभिरक्षक

भारतीय स्टाक धारिता निगम के साथ 17 जनवरी 1994 को हुए करार के अनुसार हमारी सभी योजनाओं और प्लानों का अभिरक्षक भारतीय स्टाक धारिता निगम है जिसका कार्यालय मित्तल कोर्ट, बी विंग, नरीमन प्वाइंट, मुंबई -400 021 में स्थित है।

अभिरक्षकों से यह अपेक्षा है कि वे ट्रस्ट की योजनाओं/फंडों/प्लानों की सभी प्रतिभूतियों की सुपुर्दगी लें और उन्हें अपनी अभिरक्षा में रखें। अभिरक्षक प्रतिभूतियों की सुपुर्दगी केवल ट्रस्ट के अनुदेशों के अनुसार और प्रतिफल प्राप्त करने पर ही करेंगे। जब तक ट्रस्ट द्वारा अन्यथा निर्देश न दिया गया हो, अभिरक्षक, एजेंट के रूप में उसके द्वारा धारित प्रतिभूतियों, अन्य आस्तियों की बिक्री, खरीद,

अंतरण एवं अन्य लेन-देन से संबंधित अभिरक्षा संबंधी सामान्य कार्यों का पालन करने के लिए सभी और विवेकाधीन एवं प्रक्रियात्मक ब्यौरों के लिए सामान्यतया प्राधिकृत होगा।

अभिरक्षक सभी सूचनाएं रिपोर्ट अथवा ट्रस्ट की योजनाओं/फंडों/प्लानों से संबंधित प्रतिभूतियों के वास्तविक रूप से सत्यापन एवं निरीक्षण और लेखा परीक्षा के प्रयोजन हेतु ट्रस्ट अथवा ट्रस्ट के लेखा परीक्षकों द्वारा मांगा गया कोई भी स्पष्टीकरण उपलब्ध करायेंगे।

लेखा परीक्षक

मेसर्स एस के कपूर एण्ड कं.16/98, एलआईसी बिल्डिंग, दी माल, कानपुर-208001 और मेसर्स चतुर्वेदी एंड कंपनी, सनदी लेखाकार, 60 बेंटिक स्ट्रीट, कलकत्ता 700 069। योजना के लेखा परीक्षकों की नियुक्ति आईडीबीआई द्वारा की जाती है, और वे प्रत्येक वर्ष बदले जाने के अधीन हैं।

निवेशकों की शिकायतें.

01.10.96 से 30.09.97 तक की अवधि के लिए प्राप्त शिकायतों की संख्या, जिनका निवारण किया गया और जो निवारणाधीन हैं, उन्हें नीचे दिया गया है :

योजना का नाम	शिकायतों की संख्या			कुल प्राप्त में से निवारणाधीन शिकायतें
	प्राप्त शिकायतें	जिनका निवारण किया गया	निवारणाधीन	
सीसीसीएफ	945	880	65	6.88%
सीजीजीएफ	8854	8454	400	4.52%
सीजीएस-83	601	513	88	14.64%
सीजीयूएस-91	4431	4408	23	0.52%
सीआरटीएस	344	334	10	2.91%
डीआईपी-91	3433	3379	54	1.57%
डीआईयूपी-93	620	609	11	1.77%
डीआईयूपी-95	1847	1817	30	1.62%
डीआईयूएस-90	1947	1917	30	1.54%
डीआईयूएस-91	3109	3061	48	1.54%
डीआईयूएस-92	2556	2510	46	1.80%
ईओएफ	1209	1201	8	0.66%
जीसीजीआई	35305	33992	1313	3.72%
जीएमआईएस-91	18463	18149	314	1.70%
जीएमआईएस-92	10944	9594	1350	12.34%
जीएमआईएस-92(II)	1058	897	161	15.22%
जीएमआईएस-बी-92	893	869	24	2.69%
जीएमआईएस-बी-92 (II)	2384	2333	51	2.14%
ग्रैंडमास्टर-93	1858	1846	12	0.65%
गृहलक्ष्मी यूनिट प्लान	1255	1182	73	5.82%
आवास यूनिट योजना	300	275	25	8.33%
आईआईएसएफयूएस	3	3	0	0.00%
मास्टरगेन-92	169535	166983	2552	1.51%

मास्टरग्रोथ-93	8988	8940	48	0.53%
मास्टरप्लस-91	14010	13245	765	5.46%
मास्टरशेयर-86	22133	19783	2350	10.62%
एमईपी-91	4551	4360	191	4.20%
एमईपी-92	22187	21291	896	4.04%
एमईपी-93	67170	66454	716	1.07%
एमईपी-94	46830	45510	1320	2.82%
एमईपी-95	8988	8970	18	0.20%
एमईपी-96	3622	3598	24	0.66%
एमईपी-97	749	707	42	5.61%
एमआईपी-93	2403	2398	5	0.21%
एमआईपी-94(I)	3036	2977	59	1.94%
एमआईपी-94(II)	2969	2905	64	2.16%
एमआईपी-94(III)	7843	7796	47	0.60%
एमआईपी-95	7642	7544	98	1.28%
एमआईपी-95(II)	7958	7863	95	1.19%
एमआईपी-95(III)	6921	6803	118	1.70%
एमआईपी-96	6075	5957	118	1.94%
एमआईपी-96(II)	5462	5352	110	2.01%
एमआईपी-96(III)	6662	6518	144	2.16%
एमआईपी-96(IV)	13430	12665	765	5.70%
एमआईपी-97	6019	4999	1020	16.95%
एमआईपी-97(II)	3693	3139	554	15.00%
एमआईपी -97(III)	590	463	127	21.53%
एमआईएस-बी-93	4714	4656	58	1.23%
एमआईएसजी-90(I)	4463	3176	1287	28.84%
एमआईएसजी-90(II)	2131	2035	96	4.50%
एमआईएसजी-91	2366	2337	29	1.23%
ओमनी-प्लान	68	60	8	11.76%
प्राइमरी इक्विटी फंड	451	364	87	19.29%
राजलक्ष्मी यूनिट प्लान	3589	3447	142	3.96%
सेवानिवृत्ति लाभ प्लान	1821	1640	181	9.94%
वरिष्ठ नागरिक यूनिट प्लान	721	599	122	16.92%
यूजीएस-2000	8176	7631	545	6.67%
यूजीएस-5000	5370	5131	239	4.45%
यूलिप	8883	7756	1127	12.69%
यूएस -64	133079	127182	5897	4.43%
यूएस -92	8041	7791	250	3.11%
यूएस-95	2	2	0	0.00%
कुल	735700	709250	26450	3.60%

शिकायतें लंबित रहने के कारण :

(1) संग्रहण कर्ता बैंकों से आवेदन पत्र/निधियों का प्राप्त न होना।

(2) आवेदन पत्र में निवेशक के पते, नाम और हस्ताक्षर सहित अपूर्ण विवरण

(3) निवेशक के पते में हुए परिवर्तन को सूचित नहीं किया जाना/अद्यतन नहीं किया जाना।

(4) मार्ग में ही खो जाना।

(5) डाक सेवा में विलंब

(6) अंतरण/मृत्यु दावों/पुनर्खरीद के मामलों में अपेक्षित दस्तावेजों का उपलब्ध नहीं कराया जाना।

(7) शिकायतें भेजते समय अपूर्ण ब्यौरा

(8) कमीशन प्राप्त न होना/विलंब से प्राप्त होना

(9) पत्रों/दस्तावेजों को गलत कार्यालय/रजिस्ट्रार को भेजा जाना।

सभी निवेशक अपनी शिकायतें निवेश संबंधी पूर्ण विवरण देते हुए सम्बंधित निवेशक संपर्क कक्ष को निम्नलिखित पते पर भेज सकते हैं :

पश्चिमी अंचल :
भारतीय यूनिट ट्रस्ट
निवेशक संपर्क कक्ष, कामर्स सेंटर 1, 28वीं मंजिल,
विश्व व्यापार केंद्र, जी डी सोमानी मार्ग,
कफ परेड, मुंबई-400 005
टेली : 218 0172/218 1600

पूर्वी अंचल :
भारतीय यूनिट ट्रस्ट
निवेशक संपर्क कक्ष,
2, फेयरली प्लेस, 2री मंजिल,
कलकत्ता-700 001
टेली : 243 4581

दक्षिणी अंचल :
भारतीय यूनिट ट्रस्ट
निवेशक संपर्क कक्ष,
यूटीआई हाऊस, 29, राजाजी सालै,
चेन्नई-600 001
टेली : 517101 विस्तारित : 360/364

उत्तरी अंचल :
भारतीय यूनिट ट्रस्ट
निवेशक संपर्क कक्ष,
हेरॉल्ड हाऊस, 2री मंजिल,
5ए, बहादुरशाह ज़फर मार्ग,
नई दिल्ली 110 002
टेली : 332 9860

रजिस्ट्रार

यूटीआई निवेशक सेवा लिमिटेड को रजिस्ट्रार के रूप में कार्य करने के लिए नियुक्त किया गया है।

यह सुनिश्चित कर लिया गया है कि रजिस्ट्रार के पास आवेदन पत्रों, अंतरण फार्मों एवं पुनर्खरीद आग्रहों की प्रोसेसिंग करने, सदस्यता सूचनाओं/यूनिट प्रमाणपत्रों एवं आय वारंटों को निर्धारित समय के भीतर प्रेषित करने और निवेशक की शिकायतों को दूर करने जैसी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने की पर्याप्त क्षमता है।

आवेदन पत्रों की प्रोसेसिंग और बिक्री के पश्चात् सेवाएं रजिस्ट्रार की निम्नलिखित शाखाओं द्वारा प्रदान की जाएंगी :

पश्चिमी अंचल : प्लॉट नं 369, मरोल मरोशी रोड,मरोल मरोशी बस डिपो के समीप, विजय नगर, अंधेरी (पूर्व), मुंबई 400 059.

पूर्वी अंचल : 2, फेयरली प्लेस, पहली मंजिल, पी.बी. नं 60, कलकत्ता 700 001.

दक्षिणी अंचल : जस्टिस बशीर अहमद सैयद बिल्डिंग, 45, दूसरी लाइन बीच, चेन्नई 600 001.

उत्तरी अंचल (उत्तर प्रदेश को छोडकर) : कंचनजंगा बिल्डिंग, ऊपरी भूतल, 18, बाराखंभा रोड,नई दिल्ली.

लखनऊ (केवल उत्तर प्रदेश राज्य के लिए) : शॉप नं.8 एवं 9, 2री मंज़िल, सरण चेम्बर्स नं.5, पार्क रोड, लखनऊ - 226 001.

निरीक्षण के लिए उपलब्ध दस्तावेज

निम्नलिखित दस्तावेज निरीक्षण के लिए केंद्रीय निवेशक संपर्क कक्ष, भारतीय यूनिट ट्रस्ट, एसएनडीटी महिला विश्वविद्यालय, बेसमेंट द्वार नं. 1, सर विट्ठलदास ठाकरसी मार्ग, मुंबई-400 020 में उपलब्ध रहेंगे :

- यूटीआई अधिनियम
- सामान्य विनियम
- अभिरक्षक, रजिस्ट्रार और संग्रहणकर्ता बैंकों के साथ किए गए करार
- पेशकश दस्तावेज एमआईपी 97(V) की प्रति

यूटीआई के पिछले पाँच मासिक आय प्लानों का विवरण

प्लान	एमआईपी `96 (IV)	एमआईपी `97	एमआईपी`97(II)	एमआईपी `97(III)	एमआईपी `97(IV)
आरंभ होने की तिथि	01.01.1997	01.05.1997	01.07.1997	01.09.1997	01.11.1997
समाप्ति की तिथि	31.12.2001	30.04.2002	30.06.2002	31.08.2002	31.10.2002
मासिक आय संचयी विकल्प	पहले वर्ष के लिए 15% प्र.व. —	सभी पाँच वर्षों के लिए 14% प्र.व रु. 2,000/- कम से कम बनते हैं रु.4,012/-	सभी पाँच वर्षों के लिए 14% प्र.व रु. 2,000/- कम से कम बनते हैं रु.4,012/-	सभी पाँच वर्षों के लिए 13% प्र.व रु.5,000/- कम से कम बनते हैं रु.9,543/-	सभी पाँच वर्षों के लिए 12.5% प्र.व रु.10,000/- कम से कम बनते हैं रु.18,622/-
संग्रह की गई राशि	रु.827.38 करोड़	रु.1142.30 करोड़	रु.1495.93 करोड़	रु.794.49 करोड़*	रु.843.81 करोड़*
आवेदनों की संख्या	3,26,839	3,25,649	4,12,238	1,88,634*	62,624*

* दिनांक 31.10.1997 तक

सारणी

क्र. सं.	प्लान	वार्षिक आय प्रदत्त /देय मासिक	आश्वासित परिपक्वता पर पूंजी वृद्धि (%)		बोनस (%) प्रदत्त/देय
			आश्वासित	वास्तविक	
1	2	3	4	5	6
परिपक्व योजनाएं					
1.	एमआईएस-1	12% प्र.व.	-	6	-
2.	एमआईएस-2	12% प्र.व.	-	7	-
3.	एमआईएस-3	12% प्र.व.	-	8	-
4.	एमआईएस-4	12% प्र.व.	-	8	-
5.	एमआईएस-5	12% प्र.व.	-	10	-
6.	एमआईएस-6	12% प्र.व.	2	5.5	1.5
7.	एमआईएस-7	12% प्र.व.	2	6	1.5
8.	एमआईएस-8	12% प्र.व.	2	7	1.5
9.	एमआईएस-9	12% प्र.व.	2	9	1.75
10.	एमआईएस-10	12% प्र.व.	2	9	2.00
11.	एमआईएस-11	12% प्र.व.	2	11	2.25
12.	एमआईएस-12	12% प्र.व.	2	28	2.25
13.	एमआईएस-13	12% प्र.व.	2	40	3.00
14.	जीएमआईएस 92	पहले 3 वर्षों के लिए 14.5% प्र.व.और अंतिम 2 वर्षों के लिए 15% प्र.व.	मासिक आय विकल्प के मामले में न्यूनतम 2% परिपक्वता पर संचयी विकल्प	5.6	
15.	एमआईएसजी'90	12% प्र.व.	--	8	1%, प्रत्येक वर्ष की समाप्ति पर देय
16.	जीएमआईएस'92 (II)	पहले 3 वर्षों के लिए 14.5% प्र.व. और अंतिम 2 वर्षों के लिए 15% प्र.व.	मासिक आय विकल्प के मामले में न्यूनतम 2% परिपक्वता पर	5	
17.	एमआईएसजी '90 (II)	13% प्र.व.		2	2%, 3 रे वर्ष की समाप्ति पर घोषित और अतिरिक्त 2% बोनस 5 वें वर्ष की समाप्ति पर घोषित.
प्रचलित योजनाएं					
18	एमआईएस जी' 91	13% प्र.व.			3%, तीसरे वर्ष की समाप्ति पर घोषित और अतिरिक्त 3% बोनस लाभांश पांचवीं वर्ष की समाप्ति पर देय

19	जीएमआईएस '91 (31.12.2001 तक एमआईपी 96 (IV) के रूप में आवर्तित)	14.5% प्र.व. पहले 3 वर्षों के लिए और 15% प्र.व. अंतिम 2 वर्षों के लिए	मासिक आय विकल्प के मामले में परिपक्वता पर न्यनतम 2% संचयी विकल्प	3.7 1.7	
20.	जीएमआईएसबी '92	14.5% प्र.व. पहले 3 वर्षों के लिए और 15% प्र.व. अंतिम 2 वर्षों के लिए	मासिक आय विकल्प के मामले में न्यूनतम 2% परिपक्वता पर		2% बोनस लाभांश घोषित और परिपक्वता पर देय
21.	जीएमआईएसबी '92 (II)	14% प्र.व. पहले 2 वर्षों के लिए और 14.5% प्र.व. अंतिम 3 वर्षों के लिए	- वही -		2%, 3 रे वर्ष की समाप्ति पर घोषित और परिपक्वता पर देय
22.	एमआईएसबी '93	14% प्र.व.	- वही -		3 रे वर्ष की समाप्ति पर शून्य बोनस घोषित किया गया।
23.	एमआईपी '93	13.5% प्र.व.	- वही -		2 रे वर्ष की समाप्ति पर शून्य बोनस घोषित किया गया। 4 थे वर्ष की समाप्ति पर बोनस घोषित किया जा सकता है और वह परिपक्वता पर देय होगा।
24.	एमआईपी '94	पहले 2 वर्षों के लिए अर्थात् फरवरी '96 तक 13% प्र.व. और मासिक आय विकल्प के अंतर्गत 13.5% प्र.व. की दर से और संचयी विकल्प के अंतर्गत 1.3.96 से 28.2.98 * की अवधि के लिए 14% प्र.व. की दर से			
[illegible]	[illegible] (II)	[illegible] प्र.व. पहले 2 वर्षों के लिए मासिक आधार पर देय [illegible] अगले 3 वर्षों के लिए मासिक आधार पर देय *			
[illegible]	[illegible] (III)	[illegible] प्र.व. [illegible] वर्ष के लिए और 13% प्र. व. 2 रे वर्ष के लिए देय। 1.1.1997 से 31.3.1997 तक की अवधि के लिए 13% प्र.व. 1.4.1997 से 31.3.1998* तक के लिए 13% प्र.व.			

27.	एमआईपी '95	13% प्र.व. 1 ले वर्ष के लिए और 14% प्र.व. दूसरे वर्ष के लिए 1.7.1997 से 31.3.1998* तक के लिए 14% प्र.व.	-	-	-
28.	एमआईपी '95 (II)	13.5% प्र.व. 1 ले वर्ष के लिए और 14% प्र.व. दूसरे वर्ष के लिए, 1.4.1997 से 31.3.1998 * तक के लिए 14% प्र.व.	-	-	-
29.	एमआईपी '95 (III)	14% प्र.व. 1 ले वर्ष के लिए। 1.1.1997 से 31.3.1997 तक की अवधि के लिए 14% 1.4.1997 से 31.3.1998* तक के लिए 14%	-	-	-
30.	एमआईपी '96	14.5% प्र.व. 1 ले वर्ष के लिए। 1.5.1997 से 31.3.1998* तक के लिए 14.5%	-	-	-
31.	एमआईपी '96(II)	15% प्र.व. 1 ले वर्ष के लिए। 1.7.1997 से 31.3.1998* तक के लिए 15%	-	-	-
32.	एमआईपी '96(III)	15% प्र.व. 1 ले वर्ष के लिए। 1.10.1997 से 31.3.1998* तक के लिए 15%	-	-	-
33.	एमआईपी '96(IV)	15% प्र.व. 1 ले वर्ष के लिए। 1.1.1998 से 31.3.1998* तक के लिए 15%	-	-	-
34.	एमआईपी '97	14% प्र.व. सभी 5 वर्षों के लिए	-	-	-
35.	एमआईपी '97(II)	14% प्र.व. सभी 5 वर्षों के लिए	-	-	-
36.	एमआईपी '97(III)	13% प्र.व. सभी 5 वर्षों के लिए	-	-	-
37	एमआईपी `97 (IV)	12.5%प्र.व.सभी 5 वर्षों के लिए	-	-	-

* बाद के वर्षों के लिए आय दर पिछले वर्ष की समाप्ति पर या उसके पहले घोषित की जाएगी।

पूर्ववर्ती आंकड़े - मासिक आय योजनाएं

	1993-94							1994-95							
पूर्ववर्ती साख्यिकी	एमआईएस पूल	एमआईएसजी 90 पूल	जीएमआईएस पूल	जीएमआईएसजी 92 पूल	एमआईएसजी 93 पूल	एमआईपी 94	एमआईपी 94 (II)	एमआईएसजी 93 पूल	जीएमआईएस पूल	जीएमआईएसजी 92 पूल	एमआईएसजी 93 पूल	एमआईपी 94	एमआईपी 94 (II)	एमआईपी 94 (III)	एमआईपी 95
(क) शुद्ध आस्ति मूल्य, प्रति यूनिट	14.86	11.36	13.00	11.71	10.96	10.06	10.10	10.91	13.03	11.49	10.78	9.87	9.58	9.47	10.05
(ख) सकल आय प्रति यूनिट में विभक्त,															
(i) निवेशों की बिक्री पर लाभ के अतिरिक्त आय, प्रति यूनिट	1.99	1.44	1.53	1.63	0.90	0.55	0.05	1.40	1.72	1.61	1.24	0.96	0.67	0.17	1.06
(ii) निवेश के अंतर योजना बिक्री/अंतरण पर लाभ से आय, प्रति यूनिट	3.26	--	0.35	—	0.10	--	--	—	0.03	0.17	0.08	—	--	0.03	-
(iii) तृतीय पक्ष को निवेशों की बिक्री पर लाभ से आय, प्रति यूनिट	0.17	0.02	0.04	0.07	0.05	—	—	0.04	0.05	—	--	0.01	0.01	-0.03	—
(IV) पिछले वर्ष के आरक्षित से पुनरस्व लेखे में अंतरण, प्रति यूनिट															
(ग) कुल व्यय अधिलिखित, परिशोधन एवं प्रभार, प्रति यूनिट	0.10	0.03	0.05	0.05	0.07	0.06	0.04	0.05	0.36	0.07	0.06	0.07	0.07	0.07	0.01
(घ) शुद्ध आय, प्रति यूनिट	5.33	1.44	1.88	1.64	0.97	0.49	0.02	1.40	1.74	1.74	1.36	0.90	0.60	[illegible]	0.05
(ड) निवेशों के मूल्य में अप्राप्त मूल्यवृद्धि/मूल्यह्रास, प्रति यूनिट	-0.12	0.80	1.71	1.00	0.86	0.04	0.09	0.28	1.00	0.05	[illegible]	-0.42	-0.40	-0.44	-0.02
(च) बाजार मूल्य															
उच्चतम															
न्यूनतम															
पुनर्खरीद मूल्य															
उच्चतम															
न्यूनतम															
बिक्री मूल्य															
उच्चतम															
न्यूनतम															
लाभ उपार्जन अनुपात															
(छ) औसत शुद्ध आस्तियों पर प्रति यूनिट व्यय का अनुपात प्रतिशत में	0.65	0.23	0.36	0.45	0.65	0.57	0.35	0.46	0.49	0.56	0.55	0.66	0.76	0.69	0.14
(ज) औसत शुद्ध आस्तियों पर प्रति यूनिट सकल आय का अनुपात प्रतिशत में (गत वर्ष के आरक्षित से पुनरस्व लेखे में अंतरण को छोड़कर परंतु अप्राप्त निवेशों में बढ़ोतरी को सम्मिलित करते हुए)	36.49	19.95	28.01	23.03	17.41	5.45	1.42	15.49	21.51	16.06	15.47	1.73	2.84	-2.87	0.42
(झ) प्रति यूनिट शुद्ध आस्ति मूल्य	14.86	11.36	13.00	11.71	10.96	10.06	10.10	10.91	13.03	11.49	10.78	9.87	9.58	9.47	10.05

पूर्ववर्ती आंकड़े - मासिक आय योजनाएं

पूर्ववर्ती अवधि		1995-96											
		एमआईएसजी 90 मूल	डीएमआईएस मूल	डीएमआईएसजी 92 मूल	एमआईएसजी 93 मूल	एमआईपी 94	एमआईपी 94 (II)	एमआईपी 94 (III)	एमआईपी 95	एमआईपी 95(II)	एमआईपी 95(III)	एमआईपी 96	एमआईपी 96(II)
(क)	शुद्ध आस्ति मूल्य, प्रति यूनिट	10.89	13.95	12.57	11.44	10.44	9.76	9.61	10.35	10.89	10.98	10.29	9.96
(ख)	सकल आय प्रति यूनिट में विभक्त,												
(i)	निवेशों की बिक्री पर लाभ के अतिरिक्त आय, प्रति यूनिट	1.40	1.74	1.65	1.45	1.60	1.15	1.20	1.38	1.19	0.83	0.27	0.05
(ii)	निवेश के अंतर योजना विक्रय/अंतरण पर लाभ से आय, प्रति यूनिट	—	0.05	0.10	0.02	0.11	0.01	0.02	—	--	0.01	0.01	—
(iii)	तृतीय पक्ष को निवेशों की बिक्री पर लाभ से आय, प्रति यूनिट	0.06	0.51	0.12	0.03	0.08	0.06	0.03	0.02	0.11	0.02	—	—
(iv)	पिछले वर्ष के प्रावधान से राजस्व लेखे में अंतरण, प्रति यूनिट	—	—	0.04	—	-0.01	--	—	—	—		—	—
(ग)	कुल व्यय, अपलिखित, परिशोधन एवं प्रभार, प्रति यूनिट	0.04	0.07	0.07	0.07	0.08	0.07	0.07	0.07	0.09	0.06	0.04	0.03
(घ)	शुद्ध आय, प्रति यूनिट	1.43	2.22	1.64	1.43	1.70	1.15	1.17	1.33	1.22	0.79	0.24	0.02
(ङ)	निवेशों के मूल्य में अप्राप्त मूल्यवृद्धि/मूल्यह्रास, प्रति यूनिट	0.26	0.72	0.41	0.40	-0.39	-0.42	-0.49	0.06	0.55	0.8[illegible]	0.43	0.07
(च)	बाजार मूल्य												
	उच्चतम												
	न्यूनतम												
	पुनर्खरीद मूल्य												
	उच्चतम												
	न्यूनतम												
	बिक्री मूल्य												
	उच्चतम												
	न्यूनतम												
	लाभ उपार्जन अनुपात												
(छ)	औसत शुद्ध आस्तियों पर प्रति यूनिट आय का अनुपात प्रतिशत में	0.34	0.54	0.60	0.60	0.80	0.73	0.75	0.71	0.81	0.58	0.44	0.28
(ज)	औसत शुद्ध आस्तियों पर प्रति यूनिट सकल आय का अनुपात प्रतिशत में (गत वर्ष के प्रावधान से राजस्व लेखे में अंतरण को छोड़कर परंतु अप्राप्त निवेशों में कटौती को सम्मिलित करते हुए)	15.82	22.39	19.30	17.09	17.55	12.61	13.06	14.33	16.97	15.21	6.89	1.16
(झ)	प्रति यूनिट शुद्ध आस्ति मूल्य	10.89	13.95	12.57	11.44	10.44	9.76	9.61	10.35	10.89	10.98	10.29	9.96

01-07-1996 से 31-12-1996 तक

पूर्ववर्ती कार्यनिष्पादन		एमआईएसजी 90 मूल	बीएसआईएस मूल	बीएमआईएसजी 92 मूल	एमआईएसजी 93 मूल	एमआईपी 94	एमआईपी 94 (II)	एमआईपी 94 (III)	एमआईपी 95	एमआईपी 95(II)	एमआईपी 95(III)	एमआईपी 96	एमआईपी 96(II)	एमआईपी 96(III)	एमआईपी 96(IV)
(क)	शुद्ध आस्ति मूल्य, प्रति यूनिट	10.59	13.35	12.51	11.18	10.34	9.58	9.47	10.46	11.01	10.84	10.37	10.26	9.99	10.09
(ख)	सकल आय प्रति यूनिट में विभक्त ;														
(i)	निवेशों की बिक्री पर लाभ के अतिरिक्त आय, प्रति यूनिट	0.69	1.67	0.84	0.62	0.47	0.41	0.41	0.72	0.74	0.72	0.66	0.51	0.31	0.10
(ii)	निवेश की अंतर योजना बिक्री/अंतरण पर लाभ से आय, प्रति यूनिट	–	0.30	0.01	–	–	–	--	–	–	0.02	0.02	–	--	–
(iii)	तृतीय पक्ष को निवेशों की बिक्री पर लाभ से आय, प्रति यूनिट	0.01	0.34	–	0.01	0.02	0.03	0.03	-0.02	0.03	0.04	-0.02	-0.02	–	--
(iv)	पिछले वर्ष के प्रावधान से समान लेखे में अंतरण, प्रति यूनिट	0.04	–	0.05	–	0.10	0.17	0.13	–	–	–	--	–	–	–
(ग)	कुल व्यय, अपलिखित, परिशोधन एवं प्रभार, प्रति यूनिट	0.02	0.07	0.03	0.03	0.04	0.03	0.03	0.03	0.05	0.05	0.05	0.05	0.04	0.01
(घ)	शुद्ध आय, प्रति यूनिट	0.71	2.24	0.86	0.59	0.55	0.58	0.54	0.67	0.72	0.73	0.61	0.44	0.27	0.08
(ङ)	निवेशों के मूल्य में अप्राप्त मूल्यवृद्धि/मूल्यह्रास, प्रति यूनिट	-0.01	0.09	0.02	-0.05	-0.58	-0.70	-0.74	–	0.44	0.50	0.43	0.44	0.27	--
(च)	क्रय मूल्य														
	उच्चतम														
	न्यूनतम														
	पुनर्क्रय मूल्य														
	उच्चतम														
	न्यूनतम														
	बिक्री मूल्य														
	उच्चतम														
	न्यूनतम														
	लाभ उपार्जन अनुपात														
(छ)	औसत शुद्ध आस्तियों पर प्रति यूनिट व्यय का अनुपात प्रतिशत में	0.21	0.54	0.29	0.30	0.35	0.35	0.34	0.29	0.44	0.45	0.51	0.50	0.37	0.15
(ज)	औसत शुद्ध आस्तियों पर प्रति यूनिट सकल आय का अनुपात प्रतिशत में (एक वर्ष के आरक्षित से समान लेखे में अंतरण को छोड़कर परंतु अप्राप्त निवेशों में मूल्यवृद्धि को सम्मिलित करते हुए)	6.78	18.24	7.63	5.69	5.84	6.39	6.04	6.81	11.18	10.56	9.54	8.70	11.52	2.06
(झ)	प्रति यूनिट शुद्ध आस्ति मूल्य	10.59	13.35	12.51	11.18	10.34	9.58	9.47	10.46	11.01	10.84	10.37	10.26	9.99	10.09

भारतीय यूनिट ट्रस्ट
कार्पोरेट कार्यालय

13, सर विट्ठलदास ठाकरसी मार्ग (न्यू मरीन लाईन्स), मुंबई-400 020. दूरध्वनि : 206 8468.

आंचलिक कार्यालय

पश्चिमी अंचल : कामर्स सेंटर -1, 28 वीं मंज़िल, विश्व व्यापार केंद्र, कफ परेड, कोलाबा, मुंबई-400 005. दूरध्वनि : 218 1600. **पूर्वी अंचल :** 2, फेयरली प्लेस, दूसरी मंज़िल, कलकत्ता-700 001. दूरध्वनि :220 9391. **दक्षिणी अंचल :** यूटीआई हाऊस 29, राजाजी सलई, चेन्नई-600 001. दूरध्वनि : 517 101. **उत्तरी अंचल :** जीवन भारती, 13 वीं मंज़िल, टावर II, कनाट सर्कस, नई दिल्ली-110 001. दूरध्वनि : 332 9860/332 9858.

पश्चिमी अंचल के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत आनेवाले शाखा कार्यालय

अहमदाबाद : बी जे हाऊस, दूसरी, तीसरी और चौथी मंजिल, आश्रम रोड, अहमदाबाद-380 009. दूरध्वनि : 642 3043. **बड़ौदा :** मेघधनुष, चौथी और पांचवीं मंजिल, ट्रान्स्पेक सर्कल, रेस कोर्स रोड, बड़ौदा-390 015. दूरध्वनि : 332 481. **भोपाल :** पहली मंजिल, गंगा जमुना कमर्शियल काम्प्लेक्स, प्लाट नं. 202, महाराणा प्रताप नगर, अंचल -1, स्कीम-13, हबीब गंज, भोपाल-462 001. दूरध्वनि : 558 308. **इन्दौर :** सिटी सेंटर, दूसरी मंजिल, 570, एम. जी. रोड, इन्दौर-452 001. दूरध्वनि : 22796, **मुंबई :(1)** यूनिट सं. 2, ब्लाक `बी' गुलमोहर क्रॉस रोड नं. 9, अंधेरी (पश्चिम), मुंबई - 400 049. दूरध्वनि : 620 1995. **(2)** पर्सेपोलिस बिल्डिंग, तीसरी मंजिल, आंध्रा बैंक के ऊपर, सेक्टर 17, वाशी, नवी मुंबई-400 703. दूरध्वनि : 767 2607. **(3)** लोटस कोर्ट बिल्डिंग, 196, जमशेदजी टाटा रोड, बैकबे रिक्लमेशन, मुंबई-400 020. दूरध्वनि : 285 0821. **(4)** श्रद्धा शॉपिंग आर्केड, पहली मंजिल, एस.वी. रोड, बोरिवली (पश्चिम), मुंबई-400 092. दूरध्वनि 802 0521. **(5)** सागर बोनांज़ा, पहली मंजिल, खोत लेन, घाटकोपर (पश्चिम), मुंबई- 400 086. दूरध्वनि : 516 2256. **कोल्हापुर :** अयोध्या टावर्स, सी एस नं. 511, केएच-1/2,`ई' वार्ड, दाभोलकर कार्नर, स्टेशन रोड, कोल्हापुर-416 001. दूरध्वनि : 657 315. **नागपुर :** श्री मोहिनी काम्प्लेक्स, तीसरी मंजिल, 345, सरदार वल्लभभाई पटेल रोड, नागपुर-440 001. दूरध्वनि: 536893. **नासिक :** सारदा संकुल, दूसरी मंजिल, एम.जी. रोड, नासिक-422 001. दूरध्वनि: 72166. **पणजी :** ई.डी.सी. हाऊस, भूतल, डॉ. ए बी मार्ग, पणजी, गोवा-403 001. दूरध्वनि: 222472. **पुणे :** सदाशिव विलास, तीसरी मंजिल, 1183 फर्ग्युसन कालेज रोड, शिवाजी नगर, पुणे -- 411 005. दूरध्वनि : 325954. **राजकोट :** लल्लूभाई सेन्टर, चौथी मंजिल, लखाजी राज रोड, राजकोट-360 001. दूरध्वनि : 35112. **सूरत:** सैफी बिल्डिंग, डच रोड, ननपुरा, सूरत-395 001. दूरध्वनि : 434 550. **ठाणे :** यूटीआई हाऊस, स्टेशन रोड, ठाणे (प.) -400 601. दूरध्वनि :540 0905.

पूर्वी अंचल के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत आनेवाले शाखा कार्यालय

